पढ़े चलो, बढ़े चलो

RASHTRIYA MADHYAMIK SHIKSHA ABHIYAN

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल द्वारा वर्ष 2023 के लिए जारी प्रश्न बैंक का सम्पूर्ण हल

GBI®
The Original Since 1956
NARESH GUPTA GROUP

2 in 1
प्रश्न बैंक, मॉडल पेपर

# प्रश्न बैंक

(रेमेडियल माड्यूल के प्रश्न-उत्तर सहित)

## उत्तर सहित

SDL

## सामाजिक विज्ञान

मॉडल पेपर सहित

कक्षा 9

नई ब्लू प्रिंट सहित

सबसे कम मूल्य

www.jsdclasses.com

GBI
The Original Since 1956
गुप्ता बुक इण्डस्ट्रीज़ प्रा.लि. इन्दौर

www.jcdclasses.com

**लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल द्वारा जारी, प्रश्न बैंक उत्तर सहित**

पढ़े चलो, बढ़े चलो

# प्रश्न बैंक 2023

## सामाजिक विज्ञान - 9

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 75

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक | अंकवार प्रश्नों की संख्या 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **समकालीन भारत-1 भूगोल** | | | | | | |
| | भारत आकार और स्थिति | 05 | 01 | 01 | 01 | – | 02 |
| | भारत का भौतिक स्वरूप | 04 | – | – | – | – | 01 |
| | अपवाह | 03 | 03 | – | – | – | – |
| | जलवायु | 04 | 02 | 01 | – | – | 1 |
| | प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी | 04 | – | 02 | – | – | 2 |
| | जनसंख्या | 04 | 04 | – | – | – | – |
| 2. | **भारत और समकालीन विश्व–1** | | | | | | |
| | फ्रांसीसी क्रांति | 02 | – | 01 | – | – | 1 |
| | यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति | 04 | 02 | 01 | – | – | 1 |
| | नात्सीवाद और हिटलर का उदय | 03 | 03 | – | – | – | – |
| | वन्य समाज एवं उपनिवेशवाद | 03 | 01 | 01 | – | – | 1 |
| | आधुनिक विश्व में चरवाहे | 03 | – | – | 01 | – | 1 |
| 3. | **लोकतांत्रिक राजनीति** | | | | | | |
| | लोकतंत्र क्या और लोकतंत्र क्यों? | 05 | 03 | 01 | – | – | 1 |
| | संविधान निर्माण | 03 | 01 | 01 | – | – | 1 |
| | चुनावी राजनीति | 03 | 03 | – | – | – | – |
| | संस्थाओं का कामकाज | 05 | – | 01 | 01 | – | 02 |
| | लोकतांत्रिक अधिकार | 04 | – | – | – | 01 | 1 |
| 4. | **अर्थशास्त्र** | | | | | | |
| | पालमपुर गांव की कहानी | 03 | 03 | – | – | – | – |
| | संसाधन के रूप में लोग | 04 | – | 02 | – | – | 02 |
| | निर्धनता एवं चुनौती | 05 | 01 | – | – | 01 | 1 |
| | भारत में खाद्य सुरक्षा | 03 | 03 | – | – | – | – |
| | **कुल योग** | **75** | **30** | **24** | **9** | **12** | **18+5 = 23** |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश-**

❑ **40% वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40% विषयपरक प्रश्न, 20% विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, रिक्त स्थान, सही जोड़ी, एक वाक्य में उत्तर, सत्य-असत्य संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 06 अंक निर्धारित हैं।
2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उप इकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों के उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी-

| | | |
|---|---|---|
| अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 2 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघु उत्तरीय प्रश्न | 3 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक प्रश्न | 4 अंक | लगभग 120 शब्द |

3. मानचित्र प्रश्न- ब्लूप्रिंट में दी गई भूगोल की इकाई एवं विषय वस्तु अनुसार ही मानचित्र अंकन हेतु प्रश्न आएंगे।
4. कठिनाई स्तर- 40% सरल प्रश्न, 45% सामान्य प्रश्न, 15% कठिन प्रश्न।

**नोट-** पाठ्यक्रम यथावत् रखा गया है।

www.jcdclasses.com

# मॉपल पेपर

## सामाजिक विज्ञान

**समय : 3 घंटे** | **कक्षा-9** | **पूर्णांक : 75**

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** 6

**1. हिटलर की गुप्तचर पुलिस कहलाती थी-**

(अ) तूफानी दस्ता (ब) गेस्टापो (स) एस.डी. (द) एस.ए.

**2. सामूहिक खेतों को क्या कहा जाता था-**

(अ) कोलखोज (ब) ड्यूमा (स) कोमिन्टर्न (द) बुदियोंनोप्का

**3. मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करता है-**

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री (स) गवर्नर (द) मंत्रिमंडल

**4. रबर का संबंध किस प्रकार की वनस्पति से है-**

(अ) टुण्ड्रा (ब) हिमालय

(स) मैन्ग्रूव (द) उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन

**5. वूलर झील निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है-**

(अ) राजस्थान (ब) पंजाब (स) उत्तरप्रदेश (द) जम्मू कश्मीर

**6. उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्कम की सीमाएँ किस देश को छूती हैं-**

(अ) चीन (ब) भूटाल (स) नेपाल (द) म्यांमार।

**उत्तर-** 1.(ब), 2.(अ), 3.(द), 4.(द), 5.(द), 6.(स)।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** 6

1. भारत में कुल ............. मेडिकल कॉलेज हैं।
2. कृषि भूमि का क्षेत्र ............. है।
3. भारत का राष्ट्रपति चुने जाने की आयु ............. है।
4. 15वां आम चुनाव सन् ............. में सम्पन्न हुआ था।
5. रूस के राष्ट्रीय झंडे का रंग ............. है।
6. भारत में सर्वाधिक निर्धनता वाला जिला ............. है।

**उत्तर-** 1. 562, 2. सीमित, 3. 35 वर्ष, 4. 2009, 5. लाल।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइए-** 6

| (क) | (ख) |
|---|---|
| 1. विश्व में सबसे बड़ा देश | (अ) राजस्थान |
| 2. सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला राज्य | (ब) रूस |
| 3. लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल | (स) स्वतंत्रता का अधिकार |
| 4. संघ बनाने की स्वतंत्रता | (द) 5 वर्ष |
| 5. बड़े गाँव | (इ) 15 से 59 |
| 6. श्रम बल | (फ) रामगंज |

**उत्तर-** 1.(ब), 2.(अ), 3.(द), 4.(स), 5.(फ), 6.(इ)।

**प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए-** 6

1. अरब सागर में कौन-सा द्वीप स्थित है?
2. खादर किस प्रकार की भूमि कहलाती है?
3. भारत के वर्तमान चुनाव आयुक्त का क्या नाम है?
4. भारत मे मतदान के लिए न्यूनतम आयु कितने वर्ष है?
5. पालमपुर में कितने लोग कृषि पर आधारित है?
6. प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

**उत्तर-** 1. लक्षद्वीप, 2. नए एवं युवा निक्षेप, 3. सुशील चन्द्रा, 4. 18 वर्ष, 5. 75%, 6. राष्ट्रपति।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए-** 6

1. कर्क रेखा उड़ीसा राज्य से होकर नहीं गुजरती है।
2. खारे पानी की झील को लेगून कहते हैं।
3. भारत की सबसे लम्बी नदी कृष्णा नदी है।
4. राज्य सभा अधिक शक्तिशाली है।
5. शिक्षा और स्वास्थ्य लोगों को एक परिसंपत्ति बनाती है।
6. जनसंख्या वृद्धि निर्धनता को बढ़ाती है।

**उत्तर-** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5. सत्य, 6. सत्य।

प्रश्न 6. लंबी धारा हो के बावजूद तिब्बत के क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र में कम गाद (सिल्ट) क्यों है? 2

**अथवा**

नीचे भारत की कुछ झीलों के नाम दिये गये हैं। इन्हें प्राकृतिक तथा मानव निर्मित वर्गों में बाँटिए-

(1) वूलर, (2) डल, (3) नैनीताल, (4) भीमताल, (5) गोविन्द सागर, (6) लोकताक, (7) बारा-पानी, (8) चिल्का, (9) सांभर, (10) राणा प्रताप सागर, (11) निजाम सागर, (12) पुलिकट, (13) नागार्जुन सागर, (14) हीराकुण्ड।

प्रश्न 7. जीवमंडल निचय से क्या अभिप्राय है? इसके दो उदाहरण दीजिए। 2

**अथवा**

हिमालय पर्वत की दक्षिणी ढलानों पर उत्तरी ढलानों की अपेक्षा सघन वनस्पति क्यों है?

प्रश्न 8. सबसे अधिक महिला साक्षरता दर कौन-से राज्य की है और क्यों? 2

**अथवा**

प्रवास, जनसंख्या परिवर्तन का एक कारक है, समझाइए।

प्रश्न 9. रूस के आर्थिक हालात 1905 में कैसे थे? 2

**अथवा**

ड्यूमा के बारे में संक्षेप में लिखिए।

www.jcdclasses.com

प्रश्न 10. 1917 से पहले रूस की कामकाजी आबादी यूरोप के बाकी देशों के मुकाबले किन-किन स्तरों पर भिन्न थी? (कोई दो लिखिए) **2**

**अथवा**

रूस में 1905 में क्रांतिकारी उथल-पुथल क्यों पैदा हुई थी? क्रांतिकारियों की क्या माँगें थीं?

प्रश्न 11. रेलवे की वन विनाश में भूमिका लिखिए। **2**

**अथवा**

जहाज निर्माण की वन विनाश में भूमिका लिखिए।

प्रश्न 12. आज का दक्षिण अफ्रीका खुद को ''इंद्रधनुषी देश'' कहता है। आप बता सकते हैं, क्यों? **2**

**अथवा**

नए भारत के सपने किस तरह विश्व से जुड़े हैं?

प्रश्न 13. गुलबर्गा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा और गुलबर्गा जिले की सीमा में अन्तर क्यों है? अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का ऐसा ही नक्शा बनाइए। **2**

**अथवा**

चिनप्पा को दहेज के लिए अपनी पत्नी को परेशान करने के जुर्म में सजा मिली थी। सतबीर को छुआछूत मानने का दोषी माना गया था। दोनों को अदालत ने चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी। क्या यह फैसला लोकतांत्रिक चुनावों के बुनियादी सिद्धान्तों के खिलाफ जाता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

प्रश्न 14. क्या हर सरकारी आदेश एक बड़ा राजनैतिक फैसला होता है? इस सरकारी आदेश में खास बात है? **2**

**अथवा**

लोकतंत्र के लिए कैसा प्रधानमंत्री होता है? ऐसा जो केवल अपनी मर्जी से काम करता है या ऐसा जो दूसरी पार्टियों और व्यक्तियों से भी सलाह लेता है।

प्रश्न 15. प्रच्छन्न और मौसमी बेरोजगारी में दो अन्तर बताइए। **2**

**अथवा**

मानव पूँजी निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है?

प्रश्न 16. पश्चिमी घाट एवं पूर्वी घाट में अन्तर बताइए। **2**

**अथवा**

भारत के प्रमुख भू-आकृतिक विभाग कौन-से हैं? हिमालय क्षेत्र तथा प्रायद्वीप पठार के उच्चावच लक्षणों में क्या अन्तर है?

प्रश्न 17. भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा की विशेषताएँ बताइए। **2**

**अथवा**

पूर्वी तट के डेल्टा वाले क्षेत्र में प्राय: चक्रवात आते हैं। कारण बताइए।

प्रश्न 18. इस बारे में चर्चा कीजिए कि 1930 तक आते-आते जर्मनी में नात्सीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी? **3**

**अथवा**

नात्सियों ने जनता पर पूरा नियत्रण हासिल करने के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए?

प्रश्न 19. केन्द्र और अपनी राज्य सरकार के पाँच कैबिनेट मंत्रियों और उनके मंत्रालयों के नाम लिखिए। **3**

**अथवा**

निम्नलिखित संदर्भों में एक कारण देकर समझाइए कि भारतीय न्याय-पालिका किस तरह स्वतंत्र है-

(1) न्यायाधीशों की नियुक्ति, (2) न्यायाधीशों को पद से हटाना, (3) न्यायपालिका के अधिकार।

प्रश्न 20. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित नदियों को चिन्हित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए- **3**

(1) गंगा, (2) सतलुज, (3) दामोदर, (4) कृष्णा, (5) नर्मदा, (6) ताप्ती, (7) महानदी, (8) दिहांग।

**अथवा**

भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित झीलों को चिन्हित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए-

(1) चिल्का, (2) सांभर, (3) वूलर, (4) पुलीकट, (5) कोलेरू।

प्रश्न 21. क्या आप इस तर्क से सहमत हैं कि सार्वभौमिक अधिकारों के संदेश में नाना अंतर्विरोधी थे? **4**

**अथवा**

ओलम्प दे गूज द्वारा तैयार किए गए घोषणा पत्र (स्रोत छ) तथा 'पुरुष एवं नागरिक अधिकार घोषणा पत्र' स्रोत (ग) की तुलना करें।

प्रश्न 22. इराक में अमेरिका और अन्य विदेशी शक्तियों की उपस्थिति में हुए चुनाव के समय यह कार्टून बना था। यह कार्टून क्या कहलाता है? इसमें 'डेमोक्रेसी' को इस तरह क्यों लिखा गया है? **4**

**अथवा**

यह कार्टून सद्दाम हुसैन के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद हुए चुनावों से संबंधित है। उन्हे जेल में बंद दिखाया गया है। यह कार्टूनिस्ट क्या कहना चाहता है? इस कार्टून के संदेश और अध्याय में आये पहले कार्टून के संदेश की तुलना कीजिए।

प्रश्न 23. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम, 2005 की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? **4**

**अथवा**

उन सामाजिक और आर्थिक समूहों की पहचान करें जो भारत में निर्धनता के समक्ष निरुपाय हैं।

www.jcclasses.com

# 1 भारत-आकार और स्थिति

**प्रश्न 1. निम्न बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1) भारत के मध्य से गुजरने वाली कर्क रेखा का मान है-**

(अ) 82°30' पूर्वी देशांतर (ब) 82°30' पश्चिमी देशांतर

(स) 23°30' उत्तरी अक्षांश (द) 23°30' दक्षिणी अक्षांश

**(i) भारत किस महाद्वीप का हिस्सा है?**

(अ) यूरोप (ब) एशिया (स) अफ्रीका (द) ऑस्ट्रेलिया

**(ii) भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितना है**

(अ) 2.4% (ब) 7% (स) 13% (द) 7.5%

**(iv) भारत के उत्तर में स्थित नवीन वलित पर्वत श्रृंखला है-**

(अ) अरावली (ब) हिमालय (स) सतपुड़ा (द) विंध्यांचल

**(iii) निम्न में से कौन सा जोड़ा नवनिर्मित केंद्र शासित प्रदेश का है?**

(अ) हैदराबाद- सिकंदराबाद

(ब) दमन द्वीप अंडमान निकोबार

(सी) जम्मू और कश्मीर, लद्दाख

(डी) जम्मू और कश्मीर-नई दिल्ली

**(vi) कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?**

(अ) आठ (ब) सात (स) ग्यारह (द) नौ

**(vii) देश का सबसे पूर्वी देशांतर निम्न में से हैं**

(अ) 97°25' पू. (स) 68°7' पू. (ब) 77°6' पू. (द) 82°32' पू.

**(vii) अरुणाचल प्रदेश और गुजरात के स्थानीय समय में कितना अंतर हो सकता है**

(अ) 2 घंटे (ब) 2 घंटे 30 मिनिट

(स) 1 घंटे 30 मिनिट (द) 3 घंटे

**(ix) भारत के दक्षिण में कौन-सा सागर है-?**

(ए) प्रशांत महासागर (बी) हिंद महासागर

(स) अरब सागर (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(x) अरब सागर में कौन सा द्वीप स्थित है?**

(अ) श्रीलंका (ब) लक्षद्वीप

(स) अंडमान निकोबार (द) मालदीप

**उत्तर-** (i) अ (ii) [illegible] (iii) अ (iv) ब (v) स (vi) ब (vii) अ (viii) अ (ix) ब (x) ब

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) भारती की भूमि का क्षेत्रफल ..............वर्ग किलोमीटर है।

(ii) भारतीय संघ का सबस दक्षिणतम बिंदु जो जलमग्न हो गया .............. कहलाता था।

(iii) अरब सागर भारत के .............. दिशा में स्थित है।

(iv) भारत की पूर्व दिशा में स्थित जलीय संरचना को .................. कहा जाता है।

(v) भारत की तटीय सीमा .................... किलोमीटर है। (द्वीप समूह के साथ)

(vi) पूर्वी देशांतर उत्तरप्रदेश के............से होकर गुजरती है।

(vii) भारत का अक्षांशीय तथा देशांतरीय विस्तार लगभग ..................है।

(viii) विश्व में महाद्वीपो की संख्या..................है।

(ix) विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप..................है।

(x) पृथ्वी पर..................महासागर है।

**उत्तर-** (i) 32.8 लाख कि.मी. (ii) इंदिरा पाइंट (iii) दक्षिण दिशा (iv) जलीय अपवाह (v) 7516.6 कि.मी. (vi) मिर्जापुर (vii) 30° (viii) सात (ix) एशिया (x) प्रशांत महासागर।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

(1) पृथ्वी के मध्य में 0° अक्षांश रेखा को किस नाम से जाना जाता है?

(2) भारत के स्थलीय पड़ोसी देशों की संख्या कितनी है?

(3) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह कहाँ पर स्थित है।

(4) स्वेज नहर के बनने से यूरो और भारत के मध्य कितनी दूरी कम हो गई है।

(5) स्वेज नहर किन दो सागरो को जोड़ती है?

(6) भारत के उत्तर पश्चिम में स्थित पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।

(7) भारत के द्वीपीय स्थिति वाले देशों के नाम लिखिए।

(8) पूर्व में स्थित भारत के पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।

(9) भारत की सबसे लंबी तटरेखा वाला राज्य है। कौनसा

(10) भारत के कंद्र शासित प्रदेशों की संख्या कितनी ही

**उत्तर-** (1) भूमध्यरेखा (2) सात (3) बंगाल की खाड़ी के दक्षिण में हिन्द महासागर में (4) 700 कि.मी. (5) भूमध्य सागर और लाल सागर (6) पाकिस्तान अफगानिस्तान (7) लक्ष्यद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (8) म्यांमार और निकोबार द्वीप समूह (9) गुजरात, (10) सात।

**प्रश्न 4. निम्न प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए-**

(1) भूमध्य रेखा को विषुवत् वृत या भूमध्यरेखा के नाम से जाना जाता है।

(2) भारत दुनिया का क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवाँ बड़ा देश है।

(3) भारत के दक्षिण में हिंद महासागर स्थित है।

(4) भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 7516.6 किलोमीटर है।

(5) स्वेज नहर का निर्माण 1869 ईस्वी में हुआ था।

(6) क्षेत्रफल की दृष्टि से रूस विश्व का सबसे बड़ा देश है।

(7) लक्षद्वीप समूह अरब सागर में स्थित है।

(8) भारत और श्रीलंका के धरातल को पृथक करने वाली जल राशि पाक जल संधि और मन्नार की खाड़ी है।

(9) भारत के उत्तर में स्थित पड़ोसी देश चीन, नेपाल और भूटान है।

(10) ब्रह्मपुत्र गंगा के जलोद से निर्मित न्यू मुरे द्वीप बंगाल की खाड़ी में स्थित है।

www.jcdclasses.com

**उत्तर-** (1) सत्य, (2) सत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) सत्य, (6) सत्य, (7) सत्य, (8) सत्य, (9) सत्य, (10) सत्य।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित की जोड़ियाँ बनाइए–**

| कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|
| (1) पाकिस्तान | (अ) 2.4 % क्षेत्रफल |
| (2) भारत | (ब) चंडीगढ़ |
| (3) राजस्थान | (स) जलवायु विभाजन |
| (4) पंजाब हरियाणा | (द) भारत के पश्चिम में पड़ोसी देश |
| (5) कर्क रेखा | (र) क्षेत्रफल में सबसे बड़ा राज्य |

**उत्तर-** (1) द, (2) अ, (3) र, (4) ब, (5) स।

**प्रश्न 6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न–**

**(1) भारत का अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार लिखिए।**

**उत्तर-** भारत का अक्षांशीय विस्तार $8^0 4$. उत्तरी अक्षांश से लेकर $37^0 6'$ उत्तरी अक्षांश तक है।

**(2) भारत के केन्द्र शासित प्रदेशों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** वर्तमान में भारत में 8 केन्द्र शासित प्रदेश हैं। (1) दिल्ली (2) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (3) चण्डीगढ़ (4) दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव (5) लक्षद्वीप (6) पुंडुचेरी (7) जम्मू और कश्मीर (8) लद्दाख।

**(3) भारत के पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।**

**उत्तर- भारत के पड़ोसी देश–**पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार, नेपाल, इंडोनेशिया, चीन, मालदीव, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश।

**(4) क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व के7 बड़े देशों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व के 7 बड़े देशों के नाम— (1) रूस (2) कनाड़ा (3) संयुक्त राज्य अमरीका (4) चीन (5) ब्राजील (6) ऑस्ट्रेलिया (7) भारत।

**(5) कर्क रेखा भारत के कौन-कौन से राज्यों से होकर गुजरती है?**

**उत्तर-** कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है। ये आठ राज्य है—
(1) गुजरात (2) राजस्थान (3) मध्यप्रदेश (4) छत्तीसगढ़ (5) झारखण्ड (6) पश्चिम बंगाल (7) त्रिपुरा (8) मिजोरम।

**(6) भारत उपमहाद्वीप किन देशों से मिलकर बना है?**

**उत्तर-** भारत उपमहाद्वीप भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका से मिलकर बना है। कभी-कभी मालदीव और अफगानिस्तान को भी सम्मिलित किया जाता है।

**(7) भारत के तीनों ओर विस्तृत जलराशियों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** भारत के तीनों ओर विस्तृत जलराशियों के नाम— (1) हिन्द महासागर (2) बंगाल की खाड़ी (3) अरब सागर।

**(8) भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर स्थित राज्यों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर स्थित राज्यों के नाम— गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल।

**(9) भारत को विश्व में किन-किन नामों से जाना जाता है?**

**उत्तर-** भारत को भारतवर्ष, जम्बूदीप, भारत खण्ड हिन्दुस्तान, हिन्द, इंडिया, आर्यावर्त इन सात नामों से जाना जाता है।

**(10) भारत के पूर्वी तट पर स्थित राज्यों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** भारत के पूर्वी तट पर स्थित राज्यों के नाम तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल।

**(11) मानक याम्योत्तर से क्या आशय है?**

**उत्तर-** मानक समय वह समय है, जो किसी देश या विस्तृत भू-भाग के लोगों के व्यवहार के लिए स्वीकृत होता है। यह उस देश के स्वीकृत मानक याम्योत्तर के लिए स्थानीय माध्य समय होता है।

**प्रश्न 7. लघुउत्तरीय प्रश्न–**

**(1) रेशम मार्ग पर संक्षिप्त में लिखिए।**

**उत्तर-** रेशम मार्ग प्राचीन काल और मध्यकाल में ऐतिहासिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक मार्गो का एक समूह था, जिसके माध्यम से एशिया, यूरोप और अफ्रीका जुड़े हुए थे।

**(2) कन्याकुमारी और कश्मीर में दिन-रात की अवधि में अंतर होता है कोई दो कारण लिखिये।**

**उत्तर-** कश्मीर और कन्याकुमारी में दिन-रात की अवधि में निम्न कारणों से अन्तर है (1) कश्मीर में दिन और रात का समय मौसम ऋतु के अनुसार बदलता रहता है, जबकि कन्याकुमारी से दिन-रात को समयावधि बराबर बारह घण्टे की होती है। (2) कन्याकुमारी विषुवत रेखा के पास स्थित है, जबकि कश्मीर कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है।

**(3) स्वेज नहर के निर्माण का भारत व यूरोप के व्यापार में महत्व को लिखिये। (काई दो)**

**उत्तर-** स्वेज नहर के निर्माण का कार्य 1869 में पूरा हो गया था, जिसके खुलने से भारत और यूरोप के बीच दूरी7000 कि.मी. कम हो गई है, जिससे भारत और यूरोप के देशो से व्यापार में वृद्धि हुई।

**(4) भुवन पोर्टल पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर-** स्कूल भुवन एक पोर्टल है, जो देश के प्राकृतिक संसाधनों पर्यावरण और सतत विकास में उनकी भूमिका के बारे में छात्रों के बीच जागरुकता लाने के लिए मानचित्र आधारित शिक्षा प्रदान करता है।

**(5) कर्क रेखा का भारत की जलवायु में महत्व है। कोई दो महत्व लिखिए।**

**उत्तर-** कर्क रेखा का भारत की जलवायु में महत्व-

**(1) भौगोलिक स्थिति–**भारत उत्तर से $37^0$ उत्तरी अक्षांश एक विस्तृत है। इसका दक्षिणी भाग विषुवत् वृत्त के निकट है। कृक वृत्त इसके लगभग मध्य भाग से गुजरता है। उत्तरी भाग विषुवत् रेखा से पर्याप्त दूर है। फलतः कर्क रेखा से दक्षिण भारत में उष्ण मानसूनी और उत्तरी भारत में महाद्विपीय जलवायु पायी जाती है। इसी कारण विभिन्न स्थानों के तापमान में बहुत अन्तर पाया जाता है।

**(2) समुद्र से दूरी–** कर्क रेखा भारत को उष्ण तथा उपोष्ण दो कटिबंधों में बाँटती है, लेकिन भारत के तापमान के वितरण पर समुद्र से दूरी का स्पष्ट प्रभाव देखा जाता है। भारत के उत्तरी मैदान में विषम जलवायु (महाद्विपीय) होने का यही कारण है।

**प्रश्न 8. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–**

**प्रश्न 1. भारत को उपमहाद्वीप की संज्ञा क्यों दी जाती है। तीन बिन्दुओं से स्पष्ट कीजिए।**

www.jcdclasses.com

**उत्तर-** उपमहाद्वीप एक महाद्वीप एक ऐसा हिस्सा होता है, जिसकी अपनी एक अलग पहचान हो और भौगोलिक रूप से वह हिस्सा पूरे महाद्वीप से अलग थलग सा दिखता हो। इसके अलावा भौगोलिक, सांस्कृतिक, खान पान के आधार पर एक अलग पहचान रखने वाला महाद्वीप का हिस्सा 'उपमहाद्वीप' कहलाता है। (1) उदाहरण के लिए, भारतीय महाद्वीप के उत्तर में हिमालय है। हिमालय के इस हिस्से को एशिया के और देशों से बिल्कुल अलग कर देता है। इसके अलावा दक्षिण, पश्चिम और पूर्व दिशा में महासागर है।

(2) दक्षिण में हिंद महासागर पश्चिम में अरब सागर और पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसी के कारण भारतीय उपमहाद्वीप का एशिया के दूसरे देशों से थल मार्ग से नहीं जुड़ा है। यही भौगोलिक परिस्थितियां इस हिस्से को एक अलग महाद्वीप की संज्ञा देते है, लेकिन फिर भी यह हिस्सा एशिया महाद्वीप पर का एक हिस्सा भर है। इसलिए इस हिस्से को 'भारतीय उपमहाद्वीप' कहा जाता है।

**प्रश्न 2. हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति होने के कोई तीन लाभ लिखिये।**

**उत्तर-** हिंद महासागर प्रशांत महासागर और अटलांटिक महासागर के बाद तीसरा सबसे बड़ा महासागर है और यह एकमात्र महासागर है। जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। हिंद महासागर में भारत के केंद्रीय स्थान के कारण हिंद महासागर का नाम भारत के नाम से रखा गया है। हिन्द महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे निम्न प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है— (1) भारत का विश्व के देशों के साथ युगों पुराना सम्बन्ध है, परन्तु समुद्री मार्गों की अपेक्षा स्थलीय मार्गों से उसके संबंध अधिक पुराने है। (2) इन मार्गों से विचारों और वस्तुओं का आदान प्रदान होता रहा। उपनिषदों के विचार, रामायण, पंचतंत्र की कहानियों भारतीय अंक एवं दशमलव प्रणाली आदि संसार के विभिन्न भागों तक पहुंच सकी। मसाले, मलमल आदि कपड़े तथा व्यापार के अन्य सामान भारत से विभिन्न देशों में ले जाये जाने लगे। (3) उत्तर में पर्वतीय दर्रे विदेशियों और प्राचीन यात्रियों को मार्ग प्रदान कर रहे थे। भारत की उपजाऊ घाटियों ने बहुत से विदेशियों और विजेताओं को अपनी ओर आकर्षित किया।

**प्रश्न 3. भारत में मानक समय की आवश्यकता क्यों है, तीन बिन्दुओं से स्पष्ट कीजिए।**


**उत्तर-** (1) भारत के मानक समय की आवश्यकता है क्योंकि अक्षांश और देशांतर रेखाओं का विस्तार लगभग उत्तर $30^0$ होता है। परंतु फिर भी पूर्व-पश्चिम का विस्तार उत्तर-दक्षिण के विस्तार की अपेक्षा कम प्रतीत होता है। (2) गुजरात से अरुणाचल प्रदेश की दूरी के कारण स्थानीय समय में दो घंटे का अंतर है। अतः 82°30' पूर्व देशातर रेखा को भारत का मानक याम्योत्तर माना गया है जो कि उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर से गुजरती है। (3) अक्षांश का प्रभाव दक्षिण से उत्तर की ओर, दिन एवं रात की अवधि पर पड़ता है।

# 2 भारत का भौतिक स्वरूप

**भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये-**

काराकोरम श्रेणी, जास्कर श्रेणी, जोजिला दर्रा, शिपकिला दर्रा, नंदा देवी, धौलागिरी, कंचनजंगा, गारो खासी जयंतिया पहाड़ियां, शिवालिक श्रेणी, $K_2$, मालवा का पठार, अरावली श्रेणी, पूर्वी घाट, पश्चिमी घाट, नीलगिरी की पहाड़ियां अन्नामलाई अनाईमुडी, महानदी, कृष्णा नदी, ब्रह्मपुत्र नदी, गिर श्रेणी, महेंद्र गिरी, उत्तरी सरकार तट, महादेव पहाड़ियां, मैकाल शृंखला, कार्वी एंगलोंग पठार, शिलांग का पठार, छोटा नागपुर का पठार, बुंदेलखंड का पठार, गंगा यमुना दोआब, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्ष्यद्वीप समूह थालघाट, भोरघाट, चिल्का झील, सतत, नदी, सिन्धु नदी, सतपुड़ा श्रेणी, अरावली श्रेणी विन्ध्य श्रेणी, मैकाल श्रेणी, भारतीय मरुस्थल, माजोली द्वीप मिजी पहाड़ियाँ, भावर क्षेत्र, तराई क्षेत्र, कावारत्ती द्वीप, बैरन ज्वालामुखी, पिटली द्वीप कर्क रेखा, सरक्रिक पॉइंट, किबिथु, इंदराकॉल, गैहरमोती, केप कोमोरियन।

**उत्तर-**




www.jcdclasses.com

# 3 अपवाह

**प्रश्न 1. निम्न बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1) विश्व की सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी है-**
(अ) अमेजन नदी (ब) गंगा नदी (स) नील नदी (द) ब्रम्हपुत्र नदी

**(2) किस स्थान पर भागीरथी और अलकनन्दा का संगम है।**
(अ) रूद्र प्रयाग (ब) देव प्रयाग (स) सोम प्रयाग (द) कोई नही

**(3) इलाहबाद में किन नदियों का संगम स्थल है।**
(अ) गंगा-यमुना (ब) यमुना-गंडक
(स) यमुना-चंबल (द) गंगा-कौसी

**(4) सिन्धु नदी का उद्गम स्थल है -**
(अ) मानसरोवर झील (ब) गौ-मुख
(स) नन्दा देवी (द) सिंध प्रान्त

**(5) निम्न में से कश्मीर का कौन सा शहर झेलम नदी के किनारे है-**
(अ) श्रीनगर (ब) कुपवाड़ा (स) जम्मू (द) कोई नही

**(6) निम्न में से किस नदी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है?**
(अ) चंबल (ब) नर्मदा (स) क्षिप्रा (द) दामोदर

**(7) किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?**
(अ) गोदावरी (ब) कृष्णा (स) कावेरी (द) वेनगंगा

**(8) नदियों द्वारा गोखुर झील का निर्माण कहाँ किया जाता है-**
(अ) पठारी भागों में (ब) मैदानी भागों में
(स) पर्वत शिखरों पर (द) इनमें से कोई नहीं

**(9) निम्न में से कौन अंतर्देशीय मौसमी झील का उदाहरण है-**
(अ) सांभर झील (ब) लोक ताल
(स) नैनीताल (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(10) नर्मदा नदी का उद्गम स्थल कहाँ है-**
(अ) सतपुड़ा (ब) महेंद्र गिरी (स) अमरकंटक (द) ब्रह्मगिरि

**उत्तर-** (1) (अ) अपवाह द्रोणी (2) (ब) देव प्रयाग (3) (अ) गंगा-यमुना (4) (अ) मानसरोवर झील (5) (अ) श्रीनगर (6) (ब) नर्मदा (7) (अ) गोदावरी (8) (द) इनमें से कोई नहीं (9) (द) कोई नहीं (10) (स) अमरकंटक।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(1)..........नदी गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है।
(2)..........विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है।
(3) सिंधु नदी ......... नदी में जाकर मिल जाती है।
(4) भारत में सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी.........नदी की है।
(5) प्रायद्वीपीय भारत की अधिकांश अपवाह तंत्र की प्रवाह दिशा.........से.......की और है।
(6) गंगा नदी का उदगम स्थल.........हिमनद से माना जाता है।
(7) ब्रहमपुत्र नदी को तिब्बत में..........के नाम से जाना जाता है।
(8) कृष्णा नदी का उद्गम पश्चिम घाट में..........से है।
(9) अमरावती, हेमावती.........नदी की सहायक नदियाँ है।
(10) अंतर्देशीय अपवाह...........क्षेत्रों में पाया जाता है।

**उत्तर-** (1) भागीरथी (2) सुंदरवन डेल्टा (3) गिलगित (4) गंगा (5) उच्च भूमि से पश्चिम की (6) गंगोत्री (7) सांगवे (8) महाबलेश्वर (9) कावेरी (10) जलीय।

**प्रश्न 3. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य/शब्द में दीजिए-**

(1) कावेरी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?
(2) नागार्जुन सागर नदी परियोजना किस नदी पर है?
(3) ताप्ती नदी का मध्य प्रदेश के किस जिले से उद्गम है?
(4) राजस्थान या इंदिरा गाँधी नहर किस नदी से निकाली गई है?
(5) प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है।
(6) भारतीय मरुस्थल की महत्वपूर्ण नदी है।
(7) लद्दाख, गिलगित तथा पाकिस्तान से बहने वाली नदी है।
(8) हीराकुंड बाँध किस नदी पर बना है?
(9) पूर्णा, वर्धा, वेनगंगा तथा पैनगंगा किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?
(10) पृथ्वी पर स्वच्छ पानी की मात्रा कितने प्रतिशत है?
(11) नमामि देवी नर्मदे परियोजना किस राज्य से प्रारम्भ हुई है?
(12) गोखुर झील का उदाहरण लिखिये।
(13) भारत की किसी एक लैगून झील का नाम लिखिये।
(14) पुलिकट झील कहाँ स्थित है?
(15) लिंगा मक्की झील कहाँ स्थित है?
(16) भारत की कोई दो मीठे पानी की झीलों के नाम लिखिए।
(17) भारत के अपवाह तंत्र को मुख्य रूप से कितने भागों में बाँटा गया है?
(18) गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदियों के नाम लिखिए।
(19) प्रायद्वीपीय भारत की किस नदी द्वारा ज्वारनद मुख का निर्माण होता है।

**उत्तर-** (1) ब्रहमगिरि (2) कृष्णा नदी (3) मुल्ताई (बैतूल) (4) सतलज और व्यास नदी के संगम से (5) गोदावरी (6) लूनी (7) सिंधु नदी (8) महानदी (9) गोदावरी (10) 8% (11) मध्यप्रदेश (12) वूलर झील (13) चिल्का झील (उड़ीसा) (14) आंध्रप्रदेश और तमिलनाडू राज्य के बीच (15) कर्नाटक में। (16) वुलर झील और चिल्का झील। (अ) डल झील (ब) चिल्का झील। (17) दो (18) गंडक और कोसी (19) नर्मदा एवं तापी।

**प्रश्न 4. निम्न प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए-**

(1) प्रायद्वीपीय भारत की अधिकांश बड़ी नदियों का उदगम क्षेत्र पश्चिमी घाट है।
(2) किसी नदी तथा उसकी सहायक नदियों को परितंत्र कहा जाता है।
(3) भागीरथी व अलकनंदा की धाराएँ मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती हैं।

www.jcdclasses.com

(4) देवप्रयाग के निकट गंगा पर्वतीय क्षेत्र को छोड़कर मैदानी भागों मे प्रवेश करती है।
(5) यमुना नदी का उद्‌म यमुनोत्री हिमनदी से होता है।
(6) सुंदरवन राष्ट्रीय पार्क रॉयल बंगाल टाइगर के प्राकृतिक निवास के रूप में प्रसिद्ध है।
(7) ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है।
(8) नर्मदा और ताप्ती नदियाँ एक दूसरे के समानांतर भ्रंश घाटी में प्रवाहित होती है।
(9) वूलर झील का निर्माण भूगर्भीय क्रियाओं के परिणामस्वरूप हुआ है।
(10) गुरू गोविंद सागर निर्माण नदी पर बनाया गया है।

**उत्तर-** (1) सत्य, (2) असत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) सत्य, (6) सत्य, (7) सत्य, (8) सत्य, (9) असत्य, (10) असत्य।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित की जोड़ियाँ बनाइए-**

| कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|
| (1) झेलम नदी | (अ) राक्षस ताल |
| (2) व्यास नदी | (ब) चन्द्रभागा |
| (3) सतलुज नदी | (स) शेषनाग झील |
| (4) रावी नदी | (द) रोहतांग दर्रा |
| (5) चिनार | (र) पीर पंजार श्रेणी |

**उत्तर-** (1) स, (2) द, (3) अ, (4) र, (5) ब।

# 4 भारत की जलवायु

www.jcdclasses.com

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**(1) भारत में अधिकतम तापमान कहाँ पाया जाता है?**
(अ) तिरूवनन्तपुरम् में (ब) भोपाल में
(स) जैसलमेर में (द) अहमदाबाद में

**(2) भारत का नगर जो वृष्टिछाया प्रदेश में पड़ता है-**
(अ) मुम्बई (ब) जोधपुर (स) पुणे (द) चेन्नई

**(3) आम्रवृष्टि कहाँ होती है?**
(अ) केरल में (ब) आन्ध्र प्रदेश में
(स) तमिलनाडु में (द) असम में

**(4) दैनिक तापान्तर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वाधिक पाया जाता है?**
(अ) दक्षिणी पठारी क्षेत्र (ब) पूर्वी तटवर्ती क्षेत्र
(स) थार मरूस्थल (द) पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र

**(5) शीतकालीन मानसून वर्षा किस राज्य में नहीं होती है?**
(अ) पंजाब (ब) कर्नाटक (स) हरियाणा (द) महाराष्ट्र

**(6) भारत में न्यूनतम तापमान कहाँ पाया जाता है?**
(अ) लेह में (ब) शिमला में (स) चेरापूंजी में (द) श्रीनगर में

**(7) भारत में अधिकतम वर्षा वाला स्थान है**
(अ) शिलांग (ब) मॉसिनराम (स) गुवाहाटी (द) पंजाब

**(8) भारत का नगर जो वृष्टिछाया प्रदेश में पड़ता है-**
(अ) मुम्बई (ब) जोधपुर (स) पुणे (द) चेन्नई

**(9) जेट धाराएँ हैं-**
(अ) हिन्द महासागरों में चलने वाली
(ब) बंगाल की खाड़ी के चक्रवात
(स) उपरितन वायु (द) मानसूनी पवनें

**उत्तर-** (1) स, (2) स, (3) ब, (4) स, (5) , (6) ब, (7) ब, (8) स, (9) स।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति करों-**
(1) मानसून शब्द की उत्पत्ति........भाषा के मौसम शब्द से हुई है।
(2) भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून के प्रवाह की दिशा......है।
(3) भारत में सर्वाधिक वर्षा..........मानसून से होती है।
(4) भारत में दक्षिण पश्चिमी मानसून सबसे पहले.......तट पर पहुंचता है।
(5) शीत ऋतु में आई. टी.सी. जेड........गोलार्ध में खिसक जाता है।
(6) मध्य प्रदेश में............मानसून से वर्षा होती है।
(7) एक विशेष समय में किसी क्षेत्र की वायुमंडलीय अवस्थाओं को..........को कहते हैं।
(8) भारतीय मानसून की दोनों शाखाएँ.........के मैदान में मिलती है।
(9) ग्रीष्म ऋतु में गरज के साथ पश्चिम बंगाल में होने होने वाली वर्षा को.........कहते है।
(10) .........राज्य में मानसून प्रत्यावर्तन का सर्वाधिक प्रभाव दिखाई देता है।

**उत्तर-** (1) अरब (2) दक्षिण-पश्चिम (3) उष्णकटिबंधीय (4) केरल के मालाबार (5) उत्तरी (6) दक्षिण-पश्चिम (7) वायुमंडलीय दाब (8) पंजाब-हरियाणा (9) चाय वर्षा (10) तमिलनाडु।

**प्रश्न 3. वाक्य में उत्तर दीजिये-**
(1) जेट स्ट्रीम क्या है?
(2) वर्षण किसे कहते हैं?
(3) शीतलहर क्या है?
(4) महावट किसे कहते है?
(5) एलनीनो क्या है?
(6) मानसून विराम क्या है?
(7) भारत में कौन कौन से जलवायु कटिबंध है?
(8) अरबसागरीय मानसून शाखा से वर्षा प्राप्त करने वाले राज्यों के नाम लिखो।
(9) 200 से. मी. से अधिक वर्षा वाले स्थानों के नाम लिखो।

(10) भारत की प्रमुख चार ऋतुओं के नाम लिखो।

**उत्तर-** (1) पृथ्वी सहित कुछ ग्रहों के वायुमंडल में तेजी से बहने व घूमने वाली हवा जेट स्ट्रीम कहलाती है।

(2) वर्षण एक मौसम विज्ञान की प्रचलित शब्दावली है।

(3) थोड़े समय में तापमान में असामान्य रूप से बड़ी और तेजी से गिरावट शीत लहर है।

(4) महावर 'पूस माघ' की वर्षा को।

(5) एलनीनो ठंडी पेरू जल धारा के स्थान पर अस्थायी तौर पर गर्म जलधारा के विकास को एलनीनों नाम दिया गया है।

(6) मानसून की एक प्रकृति है वर्षा में विराम।

(7) दक्षिण में प्रायद्वीपीय पठार, उत्तर पश्चिम आदि की जलवायु कटिबंध है।

(8) पंजाब और हरियाणा।

(9) पश्चिमी घाट, पश्चिमी तट, उत्तर-पूर्व उप-हिमालयी क्षेत्र, मेघालय की पहाड़ियाँ।

(1) शीत, (2) ग्रीष्म, (3) वर्षा, (4) शरद ऋतु।

**प्रश्न 4. सत्य असत्य बताइए-**

(1) मानसून शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के 'मौसिम' शब्द से हुई है।

(2) मानसून का अर्थ वायु की दिशा में ऋतु के अनुसार परिवर्तन होता है।

(3) मौसम और जलवायु दोनों के तत्व एक समान नहीं होते हैं।

(4) भारतीयद्वीपों पर मानसून की सबसे पहली वर्षा होती है।

(5) ठंडा दिन और ठंडी रातें शीत ऋतु की विशेषता है।

(6) नदी जलवायु का एक महत्त्वपूर्ण तत्व है।

(7) तटीय प्रदेशों में तापान्तर कम होता है।

(8) ग्रीष्म काल में तिब्वत का पठार ठंडा रहता है।

(9) दिल्ली में वर्षा अरब सागरीय मानसून से होती है।

(10) लू शीतकाल में चलने वाली गर्म हवा है।

**उत्तर-** (1) सत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) सत्य, (5) सत्य, (6) सत्य, (7) सत्य, (8) सत्य, (9) असत्य, (10) असत्य।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाए-**

| कॉलम-अ | कॉलम-ब |
|---|---|
| (1) फूलों की बौछार | (अ) सितम्बर |
| (2) मानसून प्रत्यावर्तन | (ब) पश्चिम बंगाल |
| (3) पश्चिमी विक्षोभ | (स) कहवा |
| (4) काल वैशाखी | (द) दक्कन का पठार पैरु |
| (5) बेबी क्राइस्ट | (इ) पेरू |
| (6) ठंडी जलधारा | (फ) एलनीनो |
| (7) क्षोभमंडल | (य) चक्रवात |
| (8) आंध्रप्रदेश | (र) जेट वायुधारा |

**उत्तर-** (1) (स), (2) (अ), (3) (ब), (4) (य), (5) (फ), (6) (र), (7) (द), (8) (इ)।

**प्रश्न 6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक कौन कौन से हैं?**

**उत्तर-** भारतीय जलवायु निम्नलिखित कारकों से प्रभावित होती है- (1) भौगोलिक स्थिति, (2) समुद्र से दूरी, (3) भू-रचना (4) जल का विवरण एवं हिन्द महासागर की स्थिति।

**(2) भारत के किस भाग में दैनिक तापान्तर अधिक होता है और क्यों?**

**उत्तर-** भारत के थार मरुस्थल में दैनिक तापमान अधिक होता है, क्योंकि यहाँ जल की मात्रा बहुत कम है। रेतीली मिट्टी नमी व ताप को ग्रहण नहीं कर सकती। वायुमंडल में भी जलवाष्प की कमी होती है। यही कारण है कि दिन में तापमान बहुत बढ़ जाता है और रातें जल्दी ठंडी हो जाती हैं।

**(3) कोरिआलिस बल किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न आभासी बल को 'कोरिआलिस बल' कहते हैं।

**(4) मौसम और जलवायु में क्या अंतर है?**

**उत्तर- जलवायु और मौसम में अन्तर-**

**जलवायु-** 1. किसी स्थान में मौसम की दीर्घकालिक औसत वायुमण्डलीय दशाओं को जलवायु। 2. यह दीर्घकालिक वायुमण्डलीय दशा है। 3. यह व्यापक क्षेत्र को प्रभावित करता है। मानसूनी जलवायु प्रदेश।

**मौसम-** 1. किसी स्थान की लघु अवधि की वायुमण्डलीय दशाओं के सम्मिलित रूप को 'मौसम' कहते हैं। 2. यह क्षणिक या अल्पकालिक दशा है। 3. मौसम का सम्बन्ध छोटे क्षेत्र पर होता है, जैसे- किसी स्थान पर वर्षा, बदली, कोहरा, उमस सम्बन्धी परिवर्तन।

**(5) एलनीनो किस महासागर में होता है?**

**उत्तर-** एलनीनो प्रशान्त महासागर में होता है।

**(6) पेरू की धारा किस महासागर में चलती है?**

**उत्तर-** पेरू की धारा हिन्द महासागर में चलती है।

**(7) भारत के सबसे गर्म एवं ठंडे माह कौन से हैं?**

**उत्तर-** भारत में सबसे गर्म ग्रीष्म ऋतु एवं सबसे ठंडी शीत ऋतु होता है।

**(8) भारत की औसत वार्षिक वर्षा कितनी है?**

**उत्तर-** भारत की औसत वार्षिक वर्षा 125 से.मी. है।

**(9) भारत में 20 से.मी. से कम वर्षा वाले स्थानों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** भारत में 20 से. मी. से कम वर्षा वाला स्थान 'लेह' है।

**(10) कोरोमंडल तट किसे कहते है?**

**उत्तर-** कोरोमंडल तट, पूर्वी ,तमिलनोडु राज्य, दक्षिणी भारत में विस्तृत तटीय मैदान। लगभग 8,800 वर्ग मील (22,800 वर्ग किमी) के क्षेत्र में फैला, यह उत्तर में उत्काल मैदान, पूर्व में बंगाल की खाड़ी, दक्षिण में कावेरी डेल्टा और पश्चिम में पूर्वी घाट से घिरा है।

**(11) हिमालय का भारत की जलवायु पर क्या प्रभाव पड़ता है? संक्षिप्त में लिखिये?**

**उत्तर- भारतीय जलवायु पर प्रभाव-** भारत के तापमान और वर्षा के वितरण में हिमालय पर्वत का विशेष महत्व है। हिमालय

www.jcdclasses.com

पर्वत एक अवरोधक का कार्य करता है। यह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली ग्रीष्म मानसून पवनों को रोक देता है, जिससे भारतवर्ष में भारी वर्षा होती है।

**(12) मालाबार तट पर किन पवनों से वर्षा होती है?**

**उत्तर-** मालाबार तट पर दक्षिण-पश्चिम मानसून की अरब सागर की पवनो से वर्षा होती है।

**(13) राजस्थान की जलवायु उष्ण शुष्क होने के क्या कारण ही संक्षिप्त में लिखिये है।**

**उत्तर-** पश्चिमी भारत मे राजस्थान का जलवायु आम तौर पर शुष्क या अर्ध-शुष्क है और वर्ष भर मे काफी गर्म तापमान पेश करता है, साथ ही गर्मी और सर्दियो दोनो में चरम तापमान होते हैं। भारत का यह राज्य राजस्थान उत्तरी अक्षांश एवं पूर्वी देशांतर पर स्थित है। उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलाने वाली रेखाएं देशांतर रेखाएं तथा देशांतर रेखाओं के अक्षीय कोण अथवा पृथ्वी के मानचित्र मे पश्चिम से पूर्व अथवा भूमध्य रेखा के समानांतर रेखाएं खीची जाती हैं उन्हें अक्षांश रेखाएं कहा जाता है। राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार $23^{0}3$ उत्तरी अक्षांश से $30^{0}12$ उत्तरी अक्षांश तक हैं तथा देशांतरीय विस्तार $69^{0}30$ पूर्वी देशांतर से $78^{0}17$ पूर्वी देशांतर तक हैं।

**(14) मानसूनी वर्षा की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)।**

**उत्तर-** बादलहीन आकाश, बढ़िया मौसम, आर्द्रता की कमी और हल्की उत्तरी हवाएं इस अवधि में भारत के मौसम की विशेषताएं होती हैं। उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण जो वर्षा होती है, वह परिमाण में तो न्यून, परंतु सर्दी की फसलों के लिए बहुत लाभकारी होती है। उत्तर-पूर्वी मानसून तमिलनाडु में विस्तृत वर्षा गिराता है।

**(15) ग्रीष्मकाल में प्रायद्वीपीय भारत में तापमान क्यों कम रहता है? कारण लिखिये। (कोई दो)**

**उत्तर-** दक्षिणी भारत की प्रायद्वीपीय स्थिति समुद्र के समकारी प्रभाव के कारण यहाँ के तापमान को उत्तरी भारत में प्रचलित तापमानो से नीचे रखती है, अतः यहाँ का तापमान $25^{0}$ से भी कम रहता है।

**(16) मानसून गर्त किसे कहते है?**

**उत्तर-** मानसून गर्त का अभिप्राय अंतर उष्णकटिबंधीय क्षेत्र जो गंगा के मैदानों में होता है।

**(17) मालाबार क्षेत्र में ढालू छत वाले मकान क्यों बनाये जाते है? कारण लिखिये। (कोई दो)**

**उत्तर- मालाबार छत-** (1) मालाबार में अत्यधिक वर्षा होती है, इसलिए सामान्य छत पानी का भार सह नहीं सकती, इसलिए ढालू वाली छत बनाई जाती है।

(2) अमूमन छत की यह ढाल मुख्य प्रवेश द्वार वाली तरफ रखी जाती हैं, जिससे बाहर से आने वाली सर्द हवाएँ कम प्रवेश कर सके।

**(18) चक्रवात प्रभावित राज्यों के नाम लिखिये। (कोई दो)**

**उत्तर- चक्रवात प्रभावित राज्य-**आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु पश्चिम बंगाल और एक केन्द्र शासित प्रदेश पूर्वी तट पर पुडुचेरी।

**(19) जेट पवनें क्या है?**

**उत्तर-** जेट पवन ऊपरी वायुमंडल में और विशेषकर समताप मंडल में तेज गति से बहने वाली हवाओं को कहते हैं।

**(20) भारत की जलवायु पर जेट पवनो का प्रभाव समझाइए? (कोई दो)।**

**उत्तर-** पूर्वी जेट हवा गर्म होती है। इसलिए, इसके प्रभाव में सतह की हवा गर्म होने लगती है और गर्म होकर तेजी से ऊपर उठने लगती है। इससे पश्चिमोत्तर भारत सहित पूरे भारत में एक निम्न वायुदाब का क्षेत्र बन जाता है। इस निम्न वायुदाब क्षेत्र की ओर अरब सागर से नमीयुक्त उच्च वायुदाय की हवाएं चलती है।

**(21) भारत में अधिकतर वर्षा साल के कुछ महीनों में ही होती है। कोई दो कारण लिखिये ।**

**उत्तर-** भारत में अधिकतर वर्षा कुछ ही महीनों में होती है, क्योंकि—

(1) मानसूनी अनिश्चित है मानसून का समय जून के आरम्भ में मध्य सितंबर तक होता है। भारतीय भौतिक स्वरूप के अलग होने के कारण वर्षा सभी क्षेत्रों में असमान रूप से होती है।

(2) ऊँचाई के कारण हिमालय में वर्षण हिम के रूप में होता है।

**(22) भारत की जलवायु अवस्थाओं की क्षेत्रीय भिन्नताओं के कोई दो कारण लिखिये।**

**उत्तर-** धरातलीय पवनों के अतिरिक्त ऊपरी क्षोभ-मण्डल में वायु धाराएँ प्रवाहित होती हैं। भारत की जलवायु पर पछुआ वायु तथा पूर्वी वायु का व्यापक प्रभाव पड़ता है। इनके प्रभाव से मानसूनी पवनें चलती है व चक्रवातीय वर्षा होती है।

**(23) भारत में शीतकाल की दो वायुमंडलीय दशाओं का वर्णन कीजिये?**

**उत्तर-**(1) भारत की जलवायु में काफी क्षेत्रीय विविधता पायी जाती है और जलवायवीय तत्वों के वितरण पर भारत की कर्क रेखा पर प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। (2) हिमालय श्रेणियाँ भारत और पाकिस्तान के क्षेत्रों से आने वाली ठंड़ी पवनों से रक्षा करती है।

**(24) यदि भूमध्य रेखा भारत के मध्य से गुजरती तो भारत की जलवायु पर पड़ने वाले दो प्रभावों को लिखिये।**

**उत्तर-** (1) भूमध्य प्रदेशों में वर्ष भर जलवायु समान रहती है।

(2) वर्षा की अधिकता के कारण यहाँ पर दलदल बन जाते हैं।

**(25) उत्तर भारत में पूर्व से पश्चिम वर्षा की मात्रा कम होती जाती है। क्यों?**

**उत्तर-** भारत में पूर्व से पश्चिम की ओर वर्षा की मात्रा इसलिए घटती जाती है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी से मानसून भारत में सबसे पहले उत्तर पूर्व में प्रवेश करती है। ऊँचे हिमालय पर्वत इन्हें आगे नहीं जाने देते। वाष्प से भरी होने के कारण पवनों की यह शाखा इस भाग में खूब वर्षा करती है।

**(26) मानसून अभिक्रिया से क्या आशय है?**

**उत्तर- मानसून अभिक्रिया-** मानसून अभिक्रिया में भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी पर्वत सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मानसून पवनों के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं।

www.jcdclasses.com

# 5 प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

**1. वनस्पति तथा वन्य प्राणियों की विविधता को प्रभावित करने वाले कारकों में, निम्न में से कौन सा कारक अन्य तीन कारकों से भिन्न है?**

(क) उच्चावच (ख) बादलों से घिरा आसमान
(ग) जलवायु (घ) पारिस्थितिकी तंत्र

**2. पौधों की विभिन्न किस्मों के संदर्भ में भारत का विश्व में निम्न में से कौन सा स्थान है?**

(क) प्रथम (ख) तृतीय (ग) चौथा (घ) 10 वॉं

**3. भारत के किस राज्य में वनों का क्षेत्रफल सर्वाधिक है?**

(क) दिल्ली (ख) मिजोरम (ग) नागालैंड (घ) अरुणाचल प्रदेश

**4. चौड़ी पत्ती वाले सदाहरित वृक्ष ओक तथा चेस्टनट आदि निम्न में से किस वन में पाए जाते है?**

(क) सदाहरित वन (ख) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(ग) पर्वतीय वन (घ) कटीले वन

**5. सिमलीपाल जीव मंडल निचय कौन से राज्य में स्थित है?**

(क) पंजाब (ख) दिल्ली (ग) उड़ीसा (घ) पश्चिम बंगाल

**उत्तर–** (1) ख, (2) ख, (3) क, (4) ख, (5) ग।

**प्रश्न 2. खाली स्थान भरो–**

(1) किसी सजीव प्राणी के चारों ओर पाए जाने वाले लोग स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति को........कहते हैं।

(2) भारत में लगभग 81000 वन्य जीव उपजातियों एवं........ वनस्पतियों की प्रजातियाँ पाई जाती है।

(3) जीवों की वे जातियाँ जो प्राकृतिक एवं भौगोलिक सीमा के अलग किसी खास क्षेत्रों में पाए जाते हैं, उन्हें.........जातियाँ कहते है।

(4) इमारती वृक्षों का रोपण वानिकी.........कहलाता है।

(5) भारतीय संसद में जीवन सुरक्षा अधिनियम.........में पारित किया गया है।

(6) मैंग्रोव..........वनस्पति है।

(7) बक्करवाल घुमक्कड़ जाति द्वारा........कार्य किया जाता है।

(8) अल्पाइन वनस्पति..........मी. से अधिक की ऊँचाई पर पाई जाती है।

(9) 1000 से 2000 मी. की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में.........वन पाए जाते है।

(10) भारतीय शेरों का प्राकृतिक आवास स्थल........में है।

**उत्तर–** (1) पर्यावरण (2) 40000 से अधिक (3) भूस्थानिक (4) कृषि (5) 1972 (6) तटवर्ती (7) जनजाति कल्याण का (8) 4000 मी. (9) आर्द्र शीतोष्ण (10) गिर नेशनल पार्क।

**प्रश्न 3. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–**

(1) देशज वनस्पति किसे कहते हैं?

(2) किस राज्य के वनों का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?

(3) 2011 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वनों का कुल क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का कितने है?

(4) कंटीले वनों की वनस्पति के नाम लिखो?

(5) याक कहाँ पाए जाते हैं?

(6) मैन्योच क्या है?

(7) कंटीले वन भारत के किस भाग में पाए जाते हैं?

(8) सागौन वृक्ष किस प्रकार के वनों में मिलते हैं?

(9) पर्णपाती वनों की मुख्य विशेषता क्या है ?

(10) आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण वन कौन से है?

**उत्तर–** (1) जो मूल रूप में भारतीय हो। (2) मध्यप्रदेश। (3) 692027 वर्ग किमोमीटर। (4) बबूल, खजूर, यूफोर्बिया और कैक्टस। (5) नेपाल और भारत के उत्तरी क्षेत्रों में। (6) भारत के तटवर्ती क्षेत्रों में जहाँ ज्वार-भाटा आते हैं, उसे 'मैंग्रोव' कहते है। (7) राजस्थान में। (8) शुष्क सागवान के वनों में। (9) पर्णपाती वनों में वृक्ष तापमान और जलवायु के आधार पर प्रतिवर्ष अपने पत्ते खो देते हैं। (10) महत्वपूर्ण वन वे है, जहाँ चन्दन के वृक्ष, लाख, कुनैन, गोंद आदि के महत्वपूर्ण वृक्ष पाये जाते हैं।

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य बताए–**

(1) वह वनस्पति, जो मनुष्य की सहायता के बिना अपने आप पैदा होती है और लंबे समय तक किसी हस्तक्षेप के उगती है, उसे 'अक्षय वनस्पति' कहते है।

(2) आज का वनस्पति पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि पर्वत पठार मैदान एवं तटीय क्षेत्र की वनस्पतियों मे विविधता पाई जाती है।

(3) भारत में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढालों पर पाए जाते है।

(4) 200 सेंटीमीटर से अधिक वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन पाए जाते है।

(5) चंदन, आँवला, महुआ, सागौन बाँस आदि प्रजातियों के साथ ऊँची कटिबंधीय सदाबहार वनों में पाए जाते है?

(6) जंगली गधे राजस्थान के कच्छ के रण में पाए जाते हैं।

(7) भारत जीव सुरक्षा अधिनियम सन् 1972 में लागू किया गया था।

(8) सुंदरवन में रॉयल बंगाल टाइगर पाए जाते हैं।

(9) तिब्बत में पाए जाने वाले गधे को कियाँग कहा जाता है।

(10) काजीरंगा नेशनल पार्क राजस्थान में है।

**उत्तर–** (1) सत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) सत्य, (5) सत्य, (6) असत्य, (7) असत्य, (8) सत्य, (9) सत्य, (10) असत्य।

www.jcdclasses.com

**प्रश्न 6. जोड़ी बनाए–**

| कॉलम–अ | कॉलम–ब |
|---|---|
| (1) सदाबहार वन | (अ) सुंदरी वन |
| (2) पर्णपाती वन | (ब) देवदार |
| (3) तटीय वन | (स) खेजड़ी |
| (4) हिमालयीन वन | (द) सिनकोना |
| (5) कटीली झाडियों वाले वन | (इ) सागौन |
| | (ई) साल |

**उत्तर–** (1) अ, (2) (ई), (3) (द), (4) (ब), (5) (स)

**प्रश्न 6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न–**

**(1) सदाबहार वन और पर्णपाती वनों में अंतर लिखिए। (कोई दो)**

**उत्तर– सदाबहार तथा पर्णपाती वन में अन्तर**

| सदाबहार वन | पर्णपाती वन |
|---|---|
| (1) उन क्षेत्रों में, वहाँ 200 सेमी से अधिक वर्षा होती है, वहाँ सदाबहार वन पाये जाते हैं। | (1) उन क्षेत्रों में जहाँ वर्षा का औसत 75 से 200 सेमी है, वहाँ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन पाये जाते हैं। |
| (2) इन वनों मे पतझड़ नहीं होती है। ये सदारहित वन होते हैं। | (2) इन वनो के वृक्ष शुष्क ऋतु में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं। |
| (3) ये सघन वन हैं। यहाँ वृक्षों की ऊँचाई 60मी. तक होती है। | (3) ये विरल वन हैं। इनकी ऊँचाई 30 से 45 मीटर तक होती है। |
| (4) इन वनों का आर्थिक महत्व कम है। | (4) इन वनों का आर्थिक महत्व अधिक है। |
| (5) यहाँ के प्रमुख वृक्षों में महोगनी, रोजवुड और आबनूस आदि वृक्ष हैं। | (5) यहाँ के वनों में साल, सागौन आदि मूल्यवान वृक्ष हैं। |

**(2) भारत में बहुत संख्या में जीव और पादप प्रजातियाँ संकटग्रस्त हैं। एक पादप व एक जीव प्रजाति का उदाहरण सहित कारण लिखिये।**

**उत्तर– भारत में बहुत से संख्या में जीव जंतुओं की प्रजाति के संकटग्रस्त होने के निम्नलिखित कारण हैं–**

(1) खाल चिकित्सा उद्देश्य और वस्त्र आदि के लिए जतुओं का वध किया जाता हैं। (2) वनोन्मूलन। (3) शिकार का अतिक्रमण। (4) रासायनिक और औद्योगिक अपशिष्टों ने जलीय जीवन को अव्यवस्थित कर दिया है।

**भारत में बहुत संख्या में पादप प्रजातियाँ निम्नलिखित कारणों से संकटग्रस्त हैं–** (1) नगरीय विकास आदि के लिए जंगलों की कटाई। (2) सड़क, बाघ निर्माण आदि के लिए पेड़ों की कटाई।

**(3) जीव मंडल निचय से क्या अभिप्राय है कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर–** जीवमंडल निचय से अभिप्राय उन बहुउद्देश्यीय संरक्षित क्षेत्र से जहाँ प्रत्येक पादप एवं जीव प्रजाति को प्रकृतिक वातावरण मे संरक्षण प्रदान किया जाता है। इसके दो उदाहरण इस प्रकार हैं— (1) नंदा देवी (उत्तरांचल) (2) नीलगिरी (केरल, कर्नाटक तथा तमिलनाडु)

**(4) सर्पगंधा, अर्जुन, नीम तथा तुलसी के एक-एक औषधीय गुण लिखिए।**

**उत्तर– सर्पगंधा–** इसकी जड़ का चूर्ण पेट के लिए काफी लाभदायक है।

**अर्जुन–** इसकी छाल पेट साफ़ करती है, और इसकी तासीर ठंडी होती है।

**नीम–** नीम की लकड़ी से दाँत व मसूढ़े मजबूत होते हैं।

**तुलसी–** सर्दी, खाँसी मे उपयोग किया जाता है।

**(5) भारत में कोई दो जीव मंडल निचय क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

**उत्तर–** देखें प्रश्न क्रमांक 3.

**(6) मध्यप्रदेश में पाए जाने वाले वन्य प्राणियों के नाम लिखिए।**

**उत्तर– (6) मध्यप्रदेश में पाए जाने वाले प्राणी–** सांभर, चीतल, नीलगाय, कृष्णमृग, लंगूर, जंगली, सुअर सेही, खरगोश आदि है।

**(7) सदाबहार वन और पर्णपाती वनों में अंतर लिखिए। (कोई दो)**

**उत्तर–** देखें प्रश्न क्रमांक 1.

**(8) कटीले वनों की वनस्पति के नाम लिखिए।**

**उत्तर– कटीले वनों की वनस्पति–** बबूल, खजूर, यूफॉर्बिया और कैक्टस।

**(9) अल्पाइन वनस्पति भारत में कहाँ पाई जाती है?**

**उत्तर–** अल्पाइन वनस्पति भारत में हिमालय प्रदेशों में पाई जाती है।

**(10) हिमालयी वनों की विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो)**

**उत्तर–** हिमालय की पारिस्थितिकी अथवा हिमालयी पारितंत्र, जो एक पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र का उदाहरण है, भारत और विश्व के कुछ विशिष्ट पारितत्रों में से एक है। हिमालय पर्वत तंत्र विश्व के सर्वाधिक नवीन और विशाल पर्वतों में से एक है। ध्रुवीय प्रदेशों के आलावा यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा हिम-भण्डार है। यहाँ करीब 1500 हिमनद पाए जाते हैं, जो हिमालय के लगभग 17% भाग को ढ़ँके हुए है। हिमालय पर्वत पर यहाँ की विशिष्ट जलवायुतीय और भूआकृतिक विशेषताओ की वजह से कुछ विशिष्ट पारिस्थिक क्षेत्र पाए जाते हैं, जो अपने में अद्वितीय हैं।

**(11) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर– उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन–**

**(अ) आर्द्र उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन–** यह वन 200 से अधिक वर्षा तथा छोटी वाले क्षेत्र मे पाया जाता है। इनमें प्रति के पा वृध अति सपन, कठोर भारी हो है। इसलिए इसका व्यापारिक उपयोग नहीं हो पाता। ये बन सदा हरे-भरे रहते हैं। रबर, महोगनी, सिनकोना, बॉस व ताड़ प्रमुख वृक्ष हैं। भारत में इन वनों का विस्तार पश्चिमी घाट के दक्षिणी भाग, केरल, कर्नाटक तथा उत्तर पूर्व की पहाड़ियों में प्रमुखता से पाये जाते है।

www.jcdclasses.com

**(ब) आर्द्र उष्णकटिबन्धीय अर्द्ध सदाबहार वन–** 200 से 300 सेमी वर्षा क्षेत्र में हैं। ये वन आर्द्र सदाहरित वनों से कम घने होते है। रोजवुड, एनी तेलसर, चम्पा, गुरजन, आइसवुड एबोनी, लारेन प्रमुख वृक्ष हैं। मेघालय मिजोरमान और निकोबार द्वीपो में से मिलते हैं।

**(12) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर– उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती (पतझड़) वन–** यह भारत के वनों की सबसे विस्तृत वन पेटी है। भारत के कुल वन क्षेत्र के 39% भाग मे फैले हैं। ये उन क्षेत्रो में पाए जाते है जहाँ वर्षा 100 से 200 सेमी. होती हैं। इन वनों मे सागौन, बांस, साल, शीशम, चंदन, खैर, कुसुम, अर्जुन आदि वृक्ष आते हैं। जल की उपलब्धता के आधार पर ये दो प्रकार के होते हैं– (अ) आर्द्र पर्णपाती वन (ब) शुष्क पर्णपाती वन।

**(13) पर्वतीय वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर– पर्वतीय वन–** पर्वतीय वन पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इन वनों का विस्तार हिमालय क्षेत्र तथा प्रायद्वीपीय पठार में है। इनके वृक्षो की ऊंचाई अधिक होती है तथा यह वन बहुत घने होते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों की ऊँचाई के अनुसार इन वनों की वनस्पति में भिन्नता पाई जाती है। इन वनों को निम्नलिखित दो भागो मे बाँटा जा सकता है– (अ) प्रायद्विपीय पर्वतीय वन (म) हिमालयीन श्रेणी के पर्वतीय वन।

**(14) मैंग्रोव वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर–मैंग्रोव वन या ज्वारीय वन–** भारत के तटवर्ती क्षेत्रों में जहाँ ज्वार-भाटा आते हैं, वहाँ मैंग्रोव या ज्वारीय वनस्पति पायी जाती है। मैंग्रोव एक प्रकार की वनस्पति है जिसकी जड़े पानी मे डूबी रहती है। गंगा, ब्रह्मपुर, महानदी, गोदावरी कृष्णा तथा कावेरी नदियों के डेल्टाई भाग मे यह वनस्पति मिलती है। नारियल, ताड़, क्योड़ा व ऐगार के वृक्ष भी इन भागों में पाए जाते हैं।

**(15) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर– उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन–** जिन क्षेत्रों में 70 से.मी. से भी कम वार्षिक वर्षा होती है वह कटीले वन तथा झाड़ियाँ पाई जाती है। इस प्रकार की वनस्पति देश के उत्तर-पश्चिमी भागों में पायी जाती है। इसके अन्तर्गत गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा हरियाणा के अर्द्ध शुष्क क्षेत्र आते हैं। खजूर, बबूल तथा नागफनी यहाँ की मुख्य वनस्पति हैं इनकी जड़े लम्बी तथा जल की तलाश में चारों ओर फैली होती है, पतियाँ प्रायः छोटी होती हैं जिनसे वाष्पीकरण कम हो सके।

**(16) भारत के प्रमुख वन्य प्राणी अभय वन की दो विशेषताएं लिखिये।**

**उत्तर–** भारत मे वन्य जीवों के संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं– (1) 1972 भारत मे संकटग्रस्त वन्य जीवों को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने तथा संबंधित प्रजातियों के व्यापार पर रोक लगाने के लिए वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया। (2) 1973 मे बाघ विकास कार्यक्रम परियोजना प्रारंभ की गई। आज देश के 14 राज्यों में 27 बाघ आरक्षत क्षेत्र हैं जो बाघ के विकास प्रहेतु प्रयत्नशील हैं।

**(17) भारत के प्रमुख दो पक्षी अभ्यारण्य वन के नाम लिखिये।**

**उत्तर–** (1) केवला देव घाना राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर। (2) पंगोट, उत्तराखण्ड। (3) बैनरघाटा राष्ट्रीय उद्यान, कर्नाटक।

**(18) भारत के दो प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों के नाम लिखिये।**

**उत्तर– राष्ट्रीय उद्यान–** (1) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान (2) गिर वन राष्ट्रीय उद्यान।

**(19) भारत के दो प्रमुख जीवमंडल निचय क्षेत्र के नाम लिखिये।**

**उत्तर– जीवमंडल निचय क्षेत्र–** (1) नंदा देवी, उत्तराखण्ड। (2) मानस, असम।

# 6 जनसंख्या

**प्रश्न 1 बहुविकल्पीय प्रश्न–**

**(1) 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य कौन सा है–**

(अ) बिहार (ब) महाराष्ट्र (स) पश्चिम बंगाल (द) उत्तर प्रदेश

**(2) भारत के पड़ोसी देशों में किस का जनसंख्या घनत्व भारत से अधिक है**

(अ) पाकिस्तान (ब) नेपाल (स) म्यामार (द) बांग्लादेश

**(3) निम्न में से कौन सा कथन लिंगानुपात को सही तरीके से परिभाषित करता है**

(अ) प्रति पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

(ब) प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

(स) 1 वर्ष के अंदर जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या

(द) 10 साल में जन्मी महिलाओं की कुल संख्या

**(4) निम्नलिखित में से किस राज्य में जनसंख्या घनत्व न्यूनतम पाया जाता है?**

(अ) केरल (ब) अरुणाचल (स) राजस्थान (द) बिहार

**(5) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व है–**

(अ) 282 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(ब) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(स) 342 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

(द) 436 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

**उत्तर–** (1) द, (2) द, (3) ब, (4) ब, (5) ब।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये–**

(1) एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालो की संख्या को.........कहते हैं।

www.jcdclasses.com

(2) लोगों का एक क्षेत्र को छोड़कर दूसरे क्षेत्र में चले जाने को..........कहते हैं।
(3) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता दर.......थी।
(4) किशोर जनसंख्या में प्रायरु........से.........वर्ष आयु वर्ग के होते है।
(5) एक शिक्षित एवं स्वस्थ जनसंख्या ही........निर्णय ले सकती है।

**उत्तर-** (1) मृत्यु दर, (2) प्रवास या प्रस्थान (3) 74.04 (4)15 से 59 (5) प्रत्यक्ष या परोक्ष।

**प्रश्न 3. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**
(1) केरल में जनसंख्या घनत्व अधिक क्यो है?
(2) जनसंख्या परिवर्तन को कितने प्रकार व्यक्त किया जाता है? नाम लिखो।
(3) जनसंख्या घनत्व से क्या आशय है?
(4) भारत की आधी आबादी किन 5 राज्यों में निवास करती है?
(5) भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?
(6) भारत में पहली जनगणना कब हुई थी?
(7) भारत मे सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य कौन सा है?
(8) भारत में सबसे अधिक लिंगानुपात वाला किस राज्य का है?

**उत्तर-** (1) केरल में जनसंख्या घनत्व अधिक इसलिये हैं, क्योंकि यहाँ समतल मैदान एवं उपजाऊ मिट्टी पायी जाती है, और पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है। (2) जनसंख्या परिवर्तन को दो प्रकार से व्यक्त किया जाता है:- धनात्मक परिवर्तन और ऋणात्मक परिवर्तन। (3) जनसंख्या घनत्व से अभिप्राय 'यह जनसंख्या जैव की मात्रा का मापक है।' (4) (1) मध्यप्रदेश, (2) पश्चिम बंगाल, (3) बिहार (4) महाराष्ट्र, (5) उत्तरप्रदेश। (5) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। (6) वर्ष 1872 में पहली जनगणना हुई थी। (7) अरुणाचल प्रदेश। (8) केरल।

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य बताए-**
(1) वर्ष 2000 में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति लागू की गयी।
(2) जनसंख्या परिवर्तन में प्रवास की भूमिका का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
(3) भारत में जनसंख्या वृद्धि का एक कारण मृत्यु दर में कमी भी है।
(4) भारत में जीवन जीने की औसत आयु 68 वर्ष है।
(5) 15 से 59 वर्ष की जनसंख्या को कार्यशील जनसंख्या भी कहते हैं।
(6) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।
(7) भारत में जनगणना प्रति 5 वर्ष में की जाती है।
(8) व्यवसाय के आधार पर उद्योगों में संलग्न जनसंख्या को तृतीयक व्यवसाय में रखा जाता है।
(9) ग्रामीण जनसंख्या संरचना कृषि कार्य में लगे लोग शामिल होते हैं।
(10) जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना से देश के आर्थिक विकास की जानकारी मिलती है।

**उत्तर-** (1) सत्य, (2) असत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) सत्य, (6) सत्य, (7) असत्य, (8) असत्य, (9) असत्य, (10) असत्य।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाये-**

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| (1) सिक्किम की जनसंख्या | (अ) 1872 में |
| (2) पहली जनगणना | (ब) 1881 में |
| (3) सम्पूर्ण जनगणना | (स) आयु संरचना |
| (4) बाल युवा एवं वृद्ध | (द) नगरीय एवं ग्रामीण संरचना |
| (5) क्रिया कलाप के आधार पर | (इ) 6 लाख |

**उत्तर-** (1) इ, (2) अ, (3) ब, (4) स, (5) द।

## भारत और समकालीन विश्व-1

# 1 फ्रांसीसी क्रांति

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

**(1) स्टेट क्या था?**
**उत्तर-** स्टेट जनरल वह है, जो फ्रांसीसी क्रांति के समय असेंबली विधानसभा में होते हैं।

**(2) गिलोटिन क्या था?**
**उत्तर-गिलोटिन-** गिलोटिन अथवा ऊर्ध्वाधर कर्तरी - शिरश्छेदन (सिर छेदकर) मृत्युदण्ड देने के लिए कर्तन यंत्र है।फ्रासीसी क्रांति के समय फ्रांस में इसका विशेष उपयोग हुआ और बहुत से लोगों को इसके द्वारा सिरोच्छेद करके मारा गया।

**(3) आतंक का राज किसे कहते हैं ?**
**उत्तर- आतंक का राज-** सन् 1793 से 1794 तक के काल को आतंक का राज (युग) कहा जाता है।

**(4) फ्रांस के संदर्भ में टाइद क्या था ?**
**उत्तर-** पश्चिम यूरोप में स्थित एक देश है, किंतु इसका कुछ भूभाग संसार के अन्य भागों में भी है। पेरिस इसकी राजधानी है। यह यूरोपीय संघ का सदस्य है, यही टाइद कहलाता है।

**(5) टेनिस कोर्ट में जनसाधारण के प्रतिनिधियों ने क्या शपथ ली ?**
**उत्तर- टेनिस कोर्ट की शपथ-** 20 जून, 1789 को लुई 16वें ने कुलीनों के प्रभाव में आकर तृतीय सदन के सभा भवन को बंद करवा दिया और वहां सैनिकों को नियुक्त किया तो तृतीय सदन के सदस्यों ने पास के टेनिस कोर्ट के मैदान में अपनी सभा की और शपथ ग्रहण की जो इतिहास में टेनिस कोर्ट की शपथ के नाम से विख्यात है।

www.jeaclasses.com

**(6) कान्वेन्ट का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर-** कान्वेंट का अर्थ मठ होता है।

**(7) जेकोविन क्लब के सदस्य कौन थे? इनका नेता कौन था?**

**उत्तर-** जैकोबीन क्लब के सदस्य मैक्समिलियम रॉब्पियर थे।

**(8) फ्रांस की क्रान्ति ने विश्व को कौन से तीन सिद्धांत दिये?**

**उत्तर-** तीन सिद्धांत निम्नलिखित है- (1) फ्रांस की राज्य क्रांति 1789 ई.। (2) फ्रांस की राज्यक्रांति के समय फ्रांस में सामंती व्यवस्था थी। (3) 14 जुलाई 1789 ई.। (4) समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का नारा फ्रांस की राज्याक्रांति की देन है।

**(9) फ्रांस की क्रान्ति कब आरंभ हुई ? इसके दो प्रभाव लिखिए।**

**उत्तर-** सन् 1848 में पूरे यूरोप में क्रान्ति की तरंग छायी हुई थी। 1848 की फ्रांस की क्रान्ति के फलस्वरूप ओलिन्यन राजतन्त्र (1830-48) का अन्त हुआ तथा द्वितीय फ्रांसीसी गणतंत्र की स्थापना हुई। 25 फरवरी 1948 को लामरतीन (Lamartine) ने पेरिस के टाउन हाल के सामने लाल ध्वज को अस्वीकार कर दिया।

**(10) 'सौ' कुलॉत' का अर्थ बताइए।**

**उत्तर-** 'सौ कुलात'-यह प्रीचेस पहनने वाले कुलीनों की सत्ता समाप्ति के ऐलान का एक तरीका था।

**(11) फ्रांसीसी समाज के किन तबकों को क्रांति का फायदा मिला?**

**उत्तर-** फ्रांसिसी क्रांति का सबसे ज्यादा फायदा कुलीन वर्ग को मिला। इस क्रांति का फायदा सबसे ज्यादा पढ़े लिखे लोग व मध्यम वर्ग के लोगों को हुआ। राजपरिवार कुलीन वर्ग तथा पादरी लोगों को इस बात पर अपनी सत्ता छोड़नी पड़ी। क्रांति के कारण वहाँ के लोगों को अपना राज-पाट छोड़ना पड़ा।

**(12) फ्रांसीसी समाज के किन तबकों को क्रांति के कारण सत्ता छोड़ने पर मजबूर होना पडा।**

**उत्तर-** फ्रांसीसी क्रान्ति से सर्वाधिक लाभ तृतीय एस्टेट के धनी सदस्यों को हुआ। तृतीय एस्टेट में किसान, मजदूर, वकील, छोटे अधिकारीगण, अध्यापक, डॉक्टर एवं व्यवसायी शामिल थे। क्रांति से पहले इन सभी को कर अदा करने पड़ते थे। साथ ही इन लोगों को पादरियों और कुलीनों के द्वारा के अपमानित भी किया जाता था, लेकिन क्रांति के बाद उनके साथ समाज के उच्च वर्ग के समान व्यवहार किया जाने लगा। पादरियों एवं कुलीन वर्ग के लोगों को अपने विशेषाधिकारों को त्यागने पर विवश होना पड़ा। क्रान्ति के परिणामों से महिलाओं को निराशा हुई क्योंकि वे लैंगिक आधार पर पुरुषों की समानता का अधिकार हासिल नहीं कर सकीं।

**(13) 18वीं सदी में फ्रांसीसी समाज कितने वर्गों में बँटा था?**

**उत्तर-** 18वीं सदी में फ्रांसीसी समाज तीन वर्गों में बंटा था- प्रथम एस्टेट (पादरी), दूसरा एस्टेट (बड़प्पन) और तीसरा एस्टेट (सामान्य)।

**(14) फ्रांसीसी समाज में कर व्यवस्था कैसी थी ?**

**उत्तर- फ्रांसीसी समाज में कर व्यवस्था :** अठारहवी सदी में फ्रांसीसी समाज तीन एस्टेट्स में बंटा था। केवल तीसरे एस्टेट के लोग (जनसाधारण) ही कर अदा करते थे। वर्गों में विभाजित फ्रांसीसी समाज मध्यकालीन सामंती व्यवस्था का अंग था। 'प्राचीन राजतंत्र पद का प्रयोग सामान्यतः सन् 1789 से पहले के फ्रांसी समाज एवं संस्थाओं के लिए होता है।

**(15) फ्रांस की क्रांति की शुरूआत किन परिस्थितियों में हुई? कोई दो बिंदु लिखिए**

**उत्तर-** फ्रांस की क्रांति की शुरूआत निम्न परिस्थितियों में हुई- (1) इसकी शुरुआत 14 जुलाई, 1789 को हुई जब क्रांतिकारियों ने बैस्टिल नामक जेल पर धावा बोल दिया। (2) क्रांति 1799 के अंत में आई, जब नेपोलियन नाम के एक जनरल ने क्रांतिकारी सरकार को उखाड़ फेंका और फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास (नेपोलियन के साथ नेता के रूप में) की स्थापना की।

**(16) फ्रांस के लिए फ्रांसीसी क्रांति के दो परिणाम लिखिए**

**उत्तर-** (1) इस क्रांति के परिणामस्वरूप देश की बहुसंख्यक जनता को सामन्तवाद से छुटकारा मिल गया। व्यापार कर कुलीनों व सामन्तों का एकाधिकार समाप्त हो गया। (2) फ्रांस में राजनीतिक पतन के कारण नये राजनीतिक वातारण का सृजन हुआ तथा फ्रांस में सम्प्रभुता के सिद्धांत की प्रतिस्थापना हुई। मध्यमवर्गीय जनता की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई।

**(17) 19वीं और 20वीं सदी की दुनिया के लिए फ्रांसीसी क्रांति कौन सी विरासत छोड़ गई?**

**उत्तर-** लोकतान्त्रिक अधिकारों के विचार, जैसे स्वतंत्रता और जनवादी अधिकारों के विचार, फ्रांसीसी क्रांति की सबसे महत्वपूर्ण विरासत थी।

**(18) क्या आप इस तर्क से सहमत हैं कि सार्वभौमिक अधिकारों के संदेश में विभिन्न अंतर्विरोध फ्रांस में लुई 16 के समय में खजाना खाली होने के दो कारण लिखिए।**

**उत्तर-** हाँ, हम इस तर्क से सहमत है कि सार्वभौमिक अधिकारों के संदेश में विभिन्न अंतर्विरोध थे।

**(19) फ्रांस में लुई 16 के समय में खजाना खाली होने के दो कारण लिखिए?**

**उत्तर-** दो कारण निम्नलिखित है- (1) लंबे वर्षों के युद्ध ने फ्रांस के वित्तीय संसाधनों के सुखा दिया था। (2) युद्ध एक ऋण में जोड़ा गया।

**(20) जैकोबिन्स कौन थे? इन्होंने देश में किस प्रकार आतंक फैलाया?**

**उत्तर-** जैकोबिन्स एक राजनीतिक पक्ष के नेता थे। मई 1793 में मैक्सिमिलियन सेबेस्पियर के नेतृत्व में माउंटेन गुट के नेता गिरोदिन गुट को दरकिनार करने में सफल रहे और जुलाई 1796 तक सरकार को नियंत्रित किया। सरकार में उनके समय में उच्च स्तर की राजनीतिक हिंसा थी। इस कारण जैकॉबिन/माउंटेन सरकार की अवधि आतंक के शासन के रूप में पहचाना जाता है।

**(21) फ्रांस में 14 जुलाई का क्या महत्व है ?**

**उत्तर- फ्रांस में 14 जुलाई का महत्व-** फ्रांस हर साल 14 जुलाई को फ्रांस के राष्ट्रीय-दिवस के रूप में मनाता है, जिसे

www.jcdlclasses.com

बास्तील दिवस (Bastille Day) भी कहा जाता है। यह 14 जुलाई, 1789 को फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बास्तील में धावा बोलने की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है।

**(22.) रूसों कौन था ? फ्रांस की राज्य क्रान्ति में इसका**

**उत्तर-** रूसों एक जिनेवन दार्शनिक, लेखक और संगीतकार थे। रूसो ने राजा की निरंकुशता तथा दैवी अधिकार के सिद्धान्त का खण्डन किया और जनता की इच्छा को सर्वोपरि बतलाया। इस सिद्धान्त ने फ्रांस की तत्कालीन सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचा दी। फलस्वरूप फ्रांस की निराश जनता के हृदय में नवीन आशा और उत्साह का संचार हुआ।

**(23.) माण्टेस्क्यू के विषय में आप क्या जानते हैं ?**

**उत्तर- माण्टेस्क्यू -** मान्टेस्क्यू फ्रांस के एक राजनैतिक विचारक, न्यायविद तथा उपन्यासकार थे। उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत दिया। वे फ्रांस में ज्ञानोदय के प्रभावी और प्रख्यात प्रतिनिधि माने जाते है।

**(24) डिरेक्ट्री शासित फ्रांस पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर- डिरेक्ट्री शासित फ्रांस-** फ्रांस की डाइट फ्रांस की की शासन व्यवस्था को डिरेक्ट्री या संस्था कहते हैं। इस शासन को फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट ने दिया था।

**(25) फ्रांस में दास प्रथा का उन्मूमन कब और किस प्रकार हुआ?**

**उत्तर- फ्रांस में दास-प्रथा-** सन् 1794 के कन्वेंशन ने फ्रांसीसी उपनिवेशों में सभी दासों की मुक्ति का कानून पारित कर दिया।यह कानून एक छोटी-सी अवधि तक ही लागू रहा। दस वर्ष बाद नेपोलियन ने दास प्रथा पुनः शुरू कर दी। फ्रांसीसी उपनिवेशों से अंतिम रूप में दास प्रथा का उन्मूलन 1848 में किया गया।

# 2 यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रान्ति

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए-** **1 अंक**

**(i) द्वितीय इंटरनेशनल का संबंध था-**
(अ) सामंतवाद (ब) समाजवाद (स) पूंजीवाद (द) साम्राज्यवाद

**(ii) कौन सा व्यक्ति रूस की जरीना का सलाहकार था, जिसने राजतंत्र को बदनाम किया-**
(अ.) लेनिन (ब) ब्लादिमीर पुतिन (स) रासपुतिन (द) केरेंस्की

**(iii) रूसी साम्राज्य में मुस्लिम धर्म सुधारक कहलाते थे -**
(अ) उलेमा (ब) जदींस्त (जदीद)
(स) ड्यूमा (द) इनमें से कोई नहीं

**(iv) रूस में राजशाही का पतन हुआ-**
(अ) 1889 ई. (ब) 1917 ई. (स) 1915 ई. (द) 1919 ई.

**(v) प्रथम विश्व युद्ध कब लड़ा गया था-**
(अ) 1915-1919 (ब) 1915-1918
(स) 1914-1919 (द) 1914-1918

**(vi) रावर्ट ओवन समाजवादी था -**
(अ) रूसी (ब) फ्रांसीसी (स) अंग्रेज (द) इनमें से कोई नहीं

**(vii) ऐसे लोग जो परिवर्तनों का विरोध करते हैं, कहलाते हैं-**
(अ) रेडिकल (ब) रूढ़िवादी (स) राष्ट्रवादी (द) उदारवादी

**(viii) जिस देश की पार्लियामेंट को ड्यूमा' कहा जाता था -**
(अ) फ्रांस (ब) रूस (स) जर्मनी (द) इंग्लैण्ड

**(ix) ऑरोरा क्या था-**
(अ) गुप्तचर संगठन (ब) किसानों का संगठन (स) कक्यून (द) युद्धपोत

**(x) बोल्शेविक पार्टी का नेता कौन था?**
(अ) स्टालिन (ब) मुसोलिनी (स) लेनिन (द) केरेंस्की

**(xi) 1917 ई. की रूसी क्रांति का आरंभ कहां से हुआ?**
(अ) ब्लाडीवास्तक (ब) लेनिन ग्राड (स) पेरिस (द) पेत्रोग्राद

**उत्तर-** (i) ब, (ii) ब, (iii) ब, (iv) ब, (v) द, (vi) द, (vii) ब, (viii) ब, (ix) ब, (x) ब, (xi) ब।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**
(i) जार निकोलस द्वितीय........में रूस के राज सिंहासन पर आसीन हुआ।
(ii) बोल्शेविक क्रांति के फलस्वरूप रूस में.......का जन्म हुआ।
(iii) ..........को बोल्शेविक क्रांति का नायक कहा जाता है।
(iv) रूस की 1905 ई. को क्रांति का प्रारंभ.......शहर से हुआ।
(v) कार्ल मार्क्स ने...............नामक ग्रंथ की रचना की।
(vi) रूस के राष्ट्रीय झंडे का रंग.........है ।
(vii) जो निजी संपत्ति का विरोध करते हैं.....कहलाते हैं।
(viii) सेट पीटर्स बर्ग का नाम बदलकर..........किया गया।
(ix) 1914 ई में दो.........गठबंधनों के बीच युद्ध छिड़ गया।
(x) कॉमिन्टर्न का गठन वर्ष..........में हुआ।
(xi) 1904 ई. में हुए रूस जापान युद्ध में.........को पराजय का सामना करना पड़ा।

**उत्तर-** (i) अन्तिम सम्राट के रूप में। (ii) बोल्शेविक क्रांति। (iii) लेनिन । (iv) मंचूरिया। (v) द कम्यूनिस्ट मनिफेस्टो। (vi) सफेद, नीला, और लाल। (vii) रूढ़िवादी (vii) लेनिनग्राद। (ix) यूरोप तथा जर्मन। (x) 2 मार्च 1919। (xi) कोरिया।

**प्रश्न 3. एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिये -**
(i) मेनशेविकी का नेता कौन था ?
(ii) सेंट पीट्सबर्ग का नाम बदलकर क्या कर दिया गया था ?
(iii) जार निकोलस द्वारा कब पद त्याग दिया गया?
(iv) वाल स्ट्रीट एक्सचेंज क्या था ?
(v) किसके नेतृत्व में खूनी रविवार को मजदूरों का जुलूस विंटर पैलेस पहुंचा?
(vi) 1917 की रूसी क्रांति को किस नाम से पुकारा जाता है?
(vii) पूंजीपति के लिए मजदूर ही मुनाफा कमाता है, यह विचार किसका था?

www.jcdclasses.com

(viii) समाजवादी सभी बुराइयों की जड़ किसे मानते थे ?
(ix) 1917 ई. के पूर्व रूस पर किसका शासन था?
(x) अस्थाई रूसी सरकार किसके नेतृत्व में बनी थी?
(xi) रूसी ड्यूमा को कब बर्खास्त किया गया ?
(xii) विंटर पैलेस पर आक्रमण करने वाले युद्धपोत का क्या नाम था?
(xiii) सामूहिक खेतों को किस नाम से जाना जाता है ?

**उत्तर-** (i) जूलियस मार्टोव, (ii) लेनिनग्राद (iii) 2 मार्च 1917 (iv) वॉल स्ट्रीट एक मार्ग है जो लोवर मैनहट्टन, न्यूयॉर्क सिटी, न्यूयॉर्क में है। (v) पादरी गैपॉन (vi) अक्टूबर क्रांति (vii) कार्ल मार्क्स (viii) धन के समान पितरण को उत्पादन के साधनों पर नहीं इसे समाजवादी बुराईयों की जड़ मानते थे। (ix) जार के स्वेच्छाचारी शासन। (x) प्रिंस टेरेन्स (xi) 25 फरवरी (xii) ऑरोरा युद्धपोत। (xiii) कोलंखोज।

**प्रश्न (1) सही जोड़ी बनाइए-**

| खण्ड-क | खण्ड-ख |
|---|---|
| (i) रूस की क्रांति | (अ) रूसी क्रांति का प्रेरणा स्त्रोत |
| (ii) कार्ल मार्क्स | (ब) रूस की संसद |
| (iii) ड्यूमा | (स) रूस के नेता |
| (iv) प्लवे हे | (द) रूस का शासन |
| (v) निकोलस ।। | (च) रूसी नेता |
| (vi) लीओन टाटस्की | (छ) जार निकोलस ।। |
| (vii) रॉवर्ट ओवेन | (ज) रूसी साम्राज्य में सक्रिय मुस्लिम सुधारक |
| (viii) लुई ब्लॉक | (झ) चेका |
| (ix) अक्टूबर क्रांति | (ट) इंडियाना (अमेरिका) |
| (x) जदीदी | (थ) फ्रांस |
| (xi) गुप्तचर पुलिस | (ल) 1917 ई. |

**उत्तर-** (i) ल, (ii) अ, (iii) ब, (iv) च, (v) छ, (vi) स, (vii) ट, (viii) थ, (ix) द, (x) ज, (xi) झ।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य लिखिये-**
(i) सन् 1917 में रूस से बोल्शेविक क्रांति हुई।
(ii) 1920 ई. तक रूसी साम्राज्य के अधिकारी पर बोल्शेविक शासन स्थापित हो गया।
(iii) 1918 ई. से रूस में ग्रेगेरियन कैलेण्डर प्रारंभ किया गया।
(iv) रूस में छोटे किसानों को कुलक कहा जाता था।
(v) रूस की संसद को ड्यूमा कहा जाता है।
(vi) समाजवादी निजी संपत्ति का विरोध नहीं करते हैं।
(vii) जार निकोलस लोकतांत्रिक शासक था।
(viii) 1914 ई. में रूस पर जार निकोलस का शासन था।
(ix) रूस में सामूहिक खेती को कोलखोज कहा जाता है।
(x) लेनिन के बाद स्तालिन शासक बना।

**उत्तर-** (i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य, (vi) सत्य, (vii) सत्य, (viii) सत्य, (ix) सत्य, (x) असत्य।

**प्रश्न 6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) ड्यूमा पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर- ड्यूमा-** रूस में निर्वाचित परामर्शी संसद को ड्यूमा कहा जाता था। इसे ज़ार ने 1905 की क्रांति के बाद जार ने गठित किया। परन्तु जार द्वारा प्रथम ड्यूमा 75 दिनों में ही स्थगित कर दिया गया। फैक्ट्रियों में केवल 31% महिलाएं ही काम करती थी। परंतु उन्हें पुरुष श्रमिकों से कम मजदूरी मिलती थी।

**(2) 1900 से 1930 के बीच रूस में महिला कामगार का स्थिति क्या थी?**

**उत्तर-** 1930 के बीच महिला कामगार- फैक्ट्री मजदूरों का 31 प्रतिशत महिला कामगारों का था। 419001 परंतु उन्हें पुरुष श्रमिकों से कम मजदूरी मिलती थी। अधिकतर फैक्ट्रियों में उन्हें पुरुषों की मजदूरी का आधा या तीन-चौथाई ही दिया जाता था। इसी कारण उन्होंने विद्रोह में पुरुषों का साथ दिया।

**(3) कार्ल मार्क्स का पूंजीवाद पर क्या विचार था ?**

**उत्तर-** कार्ल मार्क्स ने पूंजीवाद को एक प्रगतिशील ऐतिहासिक वरण के रूप में देखा जो आंतरिक अंतर्विरोधों के कारण स्थिर हो जाएगा और उसके बाद समाजवाद निंदा एक ऐसी प्रणाली के रूप में की जनता को अलग-थलग कर देती है।

**(4) को ऑपरेटिव क्या था?**

**उत्तर- को ऑपरेटिव-** सहकारी शब्द का अर्थ है- साथ मिलकर कार्य करना। इसका अर्थ हुआ कि ऐसे व्यक्ति जो समान आर्थिक उद्देश्य के लिए साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, वे समिति बना सकते हैं। इसे सहकारी समिति कहते है। यह ऐसे व्यक्तियों की स्वयंसेवी संस्था है, जो अपने आर्थिक हितों के लिए कार्य करते है।

**(5) द्वितीय इण्टरनेशनल क्या था ?**

**उत्तर- द्वितीय इंटरनेशनल-** द्वितीय समाजवादी और श्रमिक दलों का संगठन था, जिसका गठन 14 जुलाई 1889 को पेरिस की बैठक में किया गया था।

**(6) लेबर पार्टी का गठन कब और कहाँ हुआ था ?**

**उत्तर-** लेबर पार्टी का गठन 27 फरवरी 1900 में लंदन में हुआ था।

**(7) खूनी रविवार की घटना क्या थी?**

**उत्तर-** खूनी रविवार, 22 जनवरी 1905 को रूस की जार सेना ने शांतिपूर्ण मजदूरों तथा उनके बीवी-बच्चों के एक जुलूस पर गोलियां बरसाई, जिसके कारण हजारों लोगों की जान गई। इस दिन चूंकि रविवार था, इसलिए यह खूनी रविवार के नाम से जाना जाता है।

**(8) पहला विश्व युद्ध कब से कब तक लड़ा गया ?**

**उत्तर-** पहला विश्व युद्ध 1914 से 1918 तक लड़ा गया।

**(9) निजी संपत्ति के बारे में पूंजीवादी और समाजवाद विचारधारा के बीच दो अंतर बताइए।**

**उत्तर-** निजी सम्पत्ति के बारे में पूंजीवादी और समाजवादी विचारधारा में अन्तर इस प्रकार हैः-

| पूँजीवादी विचारधारा | समाजवादी विचारधारा |
|---|---|
| (1) निजी सम्पत्ति के मालिक निजी सम्पत्ति के पक्ष में होते है। | (1) समाजवादी निजी सम्पत्ति का विरोध करते है। |

www.jcdelasses.com

| | |
|---|---|
| (2) पूँजीवादी आर्थिक विकास के लिए निजी सम्पत्ति का समर्थन करते हैं। | (2) समाजवादियों के अनुसार निजी संपत्ति सभी बुराइयों की जड़ है। |
| (3) पूँजीवादी विचारधारा से रचनात्मकता को जन्म मिलता है। | (3) समाजवादियों के अनुसार सार्वभौमिक विचारधारा प्रगति की जड़ है। |

**(10) उदारवादी पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर-** उदारवादी उदारवादी धारणा के समर्थक सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते थे। उदारवादी शासकों की अनियन्त्रित सत्ता के विरोधी थे। वे सरकार के समक्ष व्यक्तिमात्र के अधिकारों की रक्षा के पक्ष में थे। यह समूह प्रतिनिधित्व पर आधारित निर्वाचित सरकार के पक्ष में था जो शासकों और अफसरों के प्रभाव से मुक्त और सुप्रशिक्षित न्यायपालिका द्वारा स्थापित किए गए कानूनों के अनुसार शासन कार्य चलाए। किन्तु यह समूह लोकतन्त्रवादी नहीं था।

**(11) रैडिकल से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर- रैडिकल-** रैडिकल समूह के लोग बहुमत समर्थक सरकार के पक्ष में थे।

**(12) कम्यून क्या था?**

**उत्तर-** कम्यून एक सामाजिक इकाई का नाम था। इसके सदस्य एक साथ निवास करते थे। कम्यून के सदस्य जो भी आय होती थी, उसे आपस में बाँट लेते थे। इसमें 13 परिवार और 70 लोग साथ रहते थे।

**(13) स्तालिन का सामूहिकीकरण कार्यक्रम बताइए।**

**उत्तर- स्तालिन का सामूहिकीकरण-** आप एक और है। आपकी भूमि पर अधिकार न करके आपको वैज्ञानिक विधि से कृषि करने, उत्पादन बढ़ाने की प्रेरणा दे रहे है। सामूहिकीकरण से आपके उत्पादन में वृद्धि होगी। आपसे सहयोग की आशा है। राजकीय निर्देशो के पालन करने से लाभ होगा। आपके निर्णय से आपको भविष्य में गर्व की अनुभूति होगी।

**(14) रैडिकल और रूढ़िवादी के विषय में बताइए।**

**उत्तर-** रूढ़िवाद और उदारवाद विचार के दो प्रकार के स्कूल हैं, जिन्होंने उनके बीच जबरदस्त अंतर दिखाया। उदारवाद स्वतंत्रता और समान अधिकारों के महत्व में विश्वास करता है। दूसरी ओर रूढ़िवादी पारंपरिक संस्थानों के रखरखाव को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। दूसरे शब्दों में इसक उद्देश्य परंपरा का संरक्षण करना है।

**(15) 1917 की रूसी क्रांति में मार्क्स का क्या योगदान था?**

**उत्तर- मार्क्स का योगदान-** जनेवा में रहते हुए मजदूरों की मुक्ति का आन्दोलन चलाया। उसने मार्क्स की पुस्तकों का रूसी भाषा में अनुवाद करके गुप्त रूप से रूस के मजदूर वर्ग को प्रदान करवाने का अथक प्रयास किया। गुप्तरूप से मजदूरों के बीच मार्क्सवादी सिद्धान्तों का प्रचार करवाया।

**(16) प्रथम विश्व युद्ध का रूस की क्रांति पर क्या प्रभाव पड़ा।**

**उत्तर-** राजतंत्र समाप्त हुआ, सर्वहारा का शासन स्थापित हो गया।

**(17) 1917 ई. की रूसी कांति से नयी सभ्यता तथा संस्कृति का जन्म हुआ। इस कथन की पुष्टि में दो बिंदु लिखिए।**

**उत्तर-** पहली क्रांति 1917 के फलस्वरूप सम्राट को पद-त्याग के लिए विवश होना पड़ा तथा एक अस्थायी सरकार बनी। अक्टूबर की क्रान्ति के फलस्वरूप अस्थायी सरकार को हटाकर बोल्शेविक सरकार की स्थापना की गयी।

**(18) 20वीं सदी के प्रारंभ में रूस के आर्थिक क्रियाकलाप किस प्रकार थे? दो बिन्दू लिखिए।**

**उत्तर-** 20वीं सदी के प्रारम्भ में रूस का आर्थिक क्रियाकलाप इस प्रकार था- (1) देश कृषि प्रधान था। (2) कल-कारखाने विकसित नहीं थे। (3) 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य करती थी। (4) यूरोप का सबसे बड़ा अन्न उत्पादक रूस था। (5) विश्व का कम औद्योगिक विकसित राष्ट्र रूस था।

**(19) रूसी क्रांति के प्रमुख कारणों में से कोई दो कारण लिखिए।**

**उत्तर-** 20 वीं सदी में अमूर्त क्रियाकलाप थे। इनमें विभिन्न प्रकार की सेवाएँ सम्मिलित की जाती है। तृतीयक व्यवसायों में वस्तुओं का उत्पादन नही होता था, जैसे: शिक्षण कार्य बैंकिंग परिवहन आदि ।

**(20) बोल्शेविकों ने अक्टूबर क्रांति के बाद कौन-कौन से प्रमुख परिवर्तन किए ? कोई दो परिवर्तन लिखिए**

**उत्तर-** अक्टूबर क्रान्ति के बाद बोल्शेविकों के द्वारा जो परिवर्तन किए गए, वे उस प्रकार थे- (1) देश में उद्योगों और बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। (2) जमीन को सामाजिक सम्पत्ति घोषित कर किसानों को सामन्तों की जमीन पर अधिकार करने की छूट मिली। (3) मकान मालिकों के लिए शहरों में पर्याप्त हिस्सा छोड़कर मकानों के छोटे-छोटे भाग कर बेघरबार और जरूरतमंदों को रहने के लिए दे दिए। (4) पुराने पदवियों पर अभिजात्य वर्ग उपयोग न करें, यह रोक लगा दी गई। (5) सैनिक अफसरों के ड्रेस बदल दिए गए। (6) रूसी कम्युनिस्ट पार्टी का जन्म बोल्शेविक पार्टी के स्थान पर हुआ।

**(21) रूसी क्रांति के कोई दो प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर- रूसी क्रान्ति के प्रभाव-** मार्च 1917 आते-आते जनता की दशा अत्यंत ही दयनीय हो गई थी। उसके पास न पहनने को कपड़े थे और न खाने को अनाज था। परेशान होकर भूखे और ठंड से ठिठुरते हुए गरीब और मजदूरों ने 7 मार्च को पेट्रोग्रेड की सड़कों पर घूमना आरंभ कर दिया। रोटी की दुकानों पर ताजी और गरम रोटियों के ढेर लगे पड़े थे।

**(22) 1917 ई. में जार का शासन क्यों खत्म हो गया ?**

**उत्तर-** सन् 1917 में रूस में जार का शासन समाप्त हो गया, इसके प्रमुख कारण निम्नलिखित थे-

**(1) क्रान्ति 1905 का प्रभाव-** इसका रूस के लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा। जार ने निर्वाचित सलाहकार पालियामेन्ट अथवा ड्यूमा के निर्माण की घोषणा कर दी। परन्तु जार के द्वारा उसे कार्य करने की अनुमति नही दी गई।

**(2) प्रथम विश्व युद्ध-**रूस के लोगों ने प्रारम्भ में प्रथम विश्व

www.jcdclasses.com

युद्ध का समर्थन किया। उन्होंने इस युद्ध में जार का साथ दिया। युद्ध के लम्बे समय तक चलने के कारण जार ने ड्यूमा में स्थित पार्टियों से सलाह-मशविरा छोड़ दिया।

**(23) रूसी राज्य-क्रांति 1917 के पूर्व रूस की दशा कैसी थी? समझाइए।**

**उत्तर- रूसी राज्य-क्रांति-** सन् 1917 की रूसी क्रांति बीसवीं सदी के विश्व इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना रही। 1789 ई. में प्रशंस की राज्यक्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और भातृत्व की भावना का प्रचार कर यूरोप के जनजीवन क गहरे स्तर पर प्रभावित किया। रूसी क्रान्ति की व्यापकता अब तक की सभी राजनीतिक घटनाओं की तुलना में बहुत विस्तृत थी। इसने केवल निरंकुश, एकतन्त्री, स्वेच्छाचारी, जारशाही शासन का ही अन्त नहीं किया बल्कि कुलीन जमींदारों, सामंतों, पूंजीपतियों आदि की आर्थिक और सामाजिक सत्ता को समाप्त करते हुए विश्व में मजदूर और किसानों की प्रथम सत्ता स्थापित की। मार्क्स द्द्वारा प्रतिपादित वैज्ञानिक समाजवाद की विचारधारा को मूर्त रूप पहली बार रूसी क्रान्ति ने प्रदान किया। इस क्रान्ति ने समाजवादी व्यवस्था को स्थापित कर स्वयं को इस व्यवस्था के जनक के रूप में स्थापित किया। यह विचारधारा 1917 के पश्चात् इतनी शक्तिशाली हो गई कि लगभग आधा विश्व इसके अन्तर्गत आ चुका था। क्रांति के बाद का विश्व इतिहास कुछ इस तरीके से गतिशील हुआ कि या तो वह इसके प्रसार के पक्ष में था अथवा इसके प्रसार के विरुद्ध। रूसी क्रान्ति का जनक लेनिन को कहा जाता है, जिन्होंने रूस की क्रान्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**(24) निम्नलिखित के बारे में संक्षेप में लिखिए-**

**(अ) कुलक (ब) ड्यूमा (स) 1900 से 1930 के बीच महिला कामगार (द) उदारवादी (ड) स्टालिन का सामूहिकीकरण कार्यक्रम।**

**उत्तर- (अ) कुलक-** रूस में बड़े किसानों को 'कुलक' कहा जाता था।

**(ब) ड्यूमा-** रूस की संसद को ड्यूमा कहा जाता था, जो निर्वाचित सदस्यों की परामर्शदात्री संस्था थी।

**(स) सन 1900 से 1990 के बीच महिला कामगार :** 1900 से 1930 के बीच महिला कामगार-31 प्रतिशत महिलाएँ फैक्टरियों में काम कर रही थी। उन्हें पुरुषों से कम मजदूरी दी जाती थी। उन्होंने पुरुषों के साथ विद्रोह में भाग लिया। जूलियन कैलेंडर के अनुसार 23 फरवरी, 1917 को महिला कामगारों ने फैक्टरियों में हड़ताल कर दी। उसी दिन को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के नाम से जाना जाता है लेकिन ग्रिगेरियन कैलेंडर में यह तिथि 8 मार्च को निकला।

**(द) उदारवादी-** उदारवादी धारणा के समर्थक सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते थे। उदारवादी शासकों की अनियन्त्रित सत्ता के विरोधी थे।

**(ड)** स्तालिन का सामूहिकीकरण कार्यक्रम-लेनिन के बाद पार्टी को सम्भालने वाले स्तालिन ने अनाज की कमी से निपटने के लिए अनेक बड़े कदम उठाए। खेतों का सामूहिकीकरण किया, जो आधुनिक कृषि के लिए आवश्यक था। छोटे-छोटे भूमि के खण्डों को एकत्र कर विशाल कृषि भूमि बनाकर सामूहिक कृषि के लिए बाध्य किया। स्तालिन की सामूहिकीकरण कार्यक्रम ही सामूहिक कृषि के लिए एक बहुत बड़ी प्रक्रिया थी ।

# 3 नात्सीवाद और हिटलर का उदय

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए-**

**(i) आरंभ में मित्र राष्ट्रों का नेतृत्व किनके हाथों में था?**

(अ) ब्रिटेन और फ्रांस (ब) सोवियत संघ और अमेरिका
(स) जर्मनी और इटली (द) जापान और तुर्की

**(ii) नेशनल सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य कहलाते थे-**

(अ) नेशनलिस्ट (ब) नात्सी (स) डेमाक्रेटस (द) विलियम कैसर

**(iii) हिटलर का प्रचार मंत्री, जिसने हिटलर के साथ आत्महत्या कर ली थी-**

(अ) हिंडनबर्ग (ब) ह्यालमार शाख्त
(स) ग्योबल्स (द) विलियम कैसर

**(iv) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित अंतर्राष्ट्रीय युद्ध न्यायालय था-**

(अ) बर्लिन अदालत (ब) न्यूरेम्बर्ग अदालत
(स) होलोकास्ट (द) वर्साय की संधि

**(v) नात्सियोणाल शब्द का हिन्दी भाषा में अर्थ होता है-**

(अ) नेशनल (ब) जर्मन (स) राष्ट्रीय (द) दल

**(vi) पहला विश्व युद्ध लड़ा गया-**

(अ) 1914-1918 में (ब) 1939-1945 में
(स) 1942-1947 में (द) 1885-1890 में

**(vii) राइखस्टॉग है-**

(अ) फ्रेंच संसद (ब) जर्मन संसद
(स) तुर्क संसद (द) जापानी संसद

**(viii) प्रथम विश्व युद्ध में हुई सारी तबाही का जिम्मेदार किसे ठहराया गया?**

(अ) इटली (ब) फ्रांस (स) जर्मनी (द) जापान

**(ix) जर्मनी का खनिज संसाधनों से युक्त प्रदेश कौनसा था?**

(अ) सिलेसिया (ब) प्रशा (स) राइनलैंड (द) पोसेन

**(x) युद्ध के मोर्चे पर सैनिकों के छिपने के लिए खेदे गए गड्ढे-**

(अ) खंदक (ब) बंकर (स) मोर्चा (द) उपरोक्त सभी

**(xi) बोल्शेविक पार्टी की तर्ज पर जर्मनी में स्थापित क्रांतिकारी दल-**

(अ) नात्सीवादी पार्टी (ब) सोशलिस्ट पार्टी
(स) स्पार्टकिस्ट लीग (द) इनमें से कोई नहीं

www.jcdclasses.com

**(xii) वाइमर गणराज्य के पुराने सैनिकों का संगठन**
(अ) स्पार्टकिस्ट लीग (ब) फ्री कोर (स) युंगफोक (द) गेस्तापो
**(xiii) जर्मनी के विशालकाय कोयला भंडार वाला इलाका जो कि प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र भी था।**
(अ) राइनलैंड (ब) न्यूरेम्बर्ग (स) रूर (द) बर्लिन
**(xiv) जर्मनी की मुद्रा-**
(अ) रूपया (ब) डॉलर (स) रूबल (द) मार्क
**(xv) डॉव्स योजना का प्रमुख उद्देश्य क्या था?**
(अ) जर्मनी से हर्जाना वसूलना
(ब) जर्मनी को आर्थिक संकट से बचाना
(स) जर्मनी में गणतंत्र की स्थापना
(द) जर्मनी में कम्युनिस्ट शासन लाना
**(xvi) वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज क्या है?**
(अ) एक सुरक्षा दीवार (ब) अमेरिकी शेयर बाजार
(स) गली में उठाई गई दीवाल(द) एक फैक्ट्री
**(xvii) जब कीमतें बेहिसाब बढ़ जाती है तो उस स्थिति को क्या कहते हैं?**
(अ) अति मुद्रा स्फीति (ब) अति मुद्रा संकुचन
(स) दोनों (द) उपरोक्त में कोई नहीं
**(xviii) जब आर्थिक स्थिति मजदूर वर्ग के स्तर पर चली जाए तो उस अवस्था को कहते है-**
(अ) सर्वहाराकरण (ब) बेरोजगारी
(स) भुखमरी (द) उपर्युक्त में कोई नहीं
**(xix) अनुच्छेद 48 के अंतर्गत जर्मन राष्ट्रपति को कौन-कौन से अधिकार दिए गए थे?**
(अ) आपातकाल लागू करना (ब) नागरिक अधिकार रद्द करना
(स) अध्यादेश जारी करना (द) उपर्युक्त सभी
**(xx) हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था?**
(अ) जर्मनी (ब) ऑस्ट्रिया (स) इटली (द) फ्रांस
**(xxi) प्रथम विश्व युद्ध में हिटलर ने कौन सा काम किया था?**
(अ) डाकिया (ब) सैनिक (स) सैन्य कमांडर (द) चिकित्सक
**(xxii) जर्मन वर्कस पार्टी को हिटलर ने कौन सा नया नाम दिया?**
(अ) जर्मन नेशनल पार्टी (ब) नेशनल सोशलिस्ट पार्टी
(स) कम्युनिस्ट पार्टी (द) मीन कैम्फ
**(xxiii) जनमत को प्रभावित करने के लिए किया जाने वाला एक खास तरह का प्रचार-**
(अ) कैम्पेनिंग (ब) जयघोष (स) प्रोपेगेंडा (द) रैली
**(xxiv) नाजी पार्टी का प्रतीक था-**
(अ) रेड शर्ट (ब) लोटस (स) स्वस्तिक (द) ब्लैक शर्ट
**(xxv) बहुमत मिलने के बाद हिटलर को चासलर के पद हेतु किसने न्यौता दिया ?**
(अ) ह्यालमार शाख्त (ब) विलियम कैसर
(स) जॉन एबर्ट (द) हिंडनबर्ग
**(xxvi) अभिव्यक्ति, प्रेस और सभा करने की आजादी को छीन लिया गया-**
(अ) इनेबलिंग एक्ट (ब) फायर डिक्री
(स) न्यूरेम्बर्ग कोर्ट (द) प्रोपेगेंडा
**(xxvii) जर्मनी में हिटलर की तानाशाही को स्थापित कर देने वाला नियम कौन सा था?**
(अ) इनेबलिंग एक्ट (ब) फायर डिक्री
(स) न्यूरेम्बर्ग कोर्ट (द) प्रोपेगेंडा
**(xxviii) हिटलर का प्रमुख अर्थशास्त्री कौन था?**
(अ) ह्यालमार शाख्त (ब) विलियम कैसर
(स) जॉन एबर्ट (द) हिंडनबर्ग
**(xxix) एक जन, एक साम्राज्य, एक नेता का नारा किसने दिया था?**
(अ) हिटलर ने (ब) विलियम कैसर ने
(स) मुसोलिनी ने (द) लेनिन ने
**(xxx) ऑस्ट्रिया को जर्मनी में मिला लिया गया -**
(अ) 1933 में (ब) 1936 में (स) 1938 मे (द) 1940 मे
**(xxxi) वर्साय की संधि के नाम पर जर्मनी के साथ ज्यादती हुई थी। ऐसा किसका मानना था?**
(अ) फ्रांस (ब) अमेरिका (स) रूस (द) इंग्लैंड
**(xxxii) द्वितीय विश्व युद्ध का आरंभ कैसे हुआ था?**
(अ) हिटलर के पोलैंड पर आक्रमण से
(ब) हिटलर द्वारा ऑस्ट्रिया पर कब्जा से
(स) हिटलर द्वारा रूस पर हमले से (द) उपरोक्त सभी
**(xxxiii) हिटलर की एतिहासिक बेवकूफी किसे कहते हैं?**
(अ) रूस पर हमला (ब) पोलैंड पर हमला
(स) ब्रिटेन पर हमला (द) जापान से संधि
**(xxxiv) पर्ल हार्बर पर किसने हमला किया था?**
(अ) जर्मनी ने (ब) इटली ने (स) जापान ने (द) चीन ने
**(xxxv) अमरिका द्वारा जापान के किस शहर पर परमाणु बम गिराया गया?**
(अ) क्योटो (ब) हिरोशिमा (स) टोक्यों (द) ओकायामा
**(xxxvi) गेस्टापो क्या था?**
(अ) गुप्तचर पुलिस दल (ब) सेना का विशिष्ट टुकड़ी
(सी) एक राजनीतिक दल (द) एक श्रमिक संगठन
**(xxxvii) हिटलर के राष्ट्रसंघ की सदस्यता कब छोड़ी?**
(अ) 1923 (ब) 1933 (स) 1939 (द) 1945
**(xxxviii) हिटलर की प्रजातीय नीति के विशेष शिकार बने-**
(अ) शुद्ध नस्लवाले आर्य (ब) यहूदी (स) जिप्सी (द) ईसाई
**(xxxix) हिटलर ने अपनी नस्ली सोच का आधार किन वैज्ञानिकों के सिद्धांतों को बनाया?**
(अ) चार्ल्स डार्विन (ब) हर्बर्ट स्पेंसर (स) दोनों (द) कोई नहीं
**(xl) "पृथ्वी को लगातार राज्यों में बांटा जा रहा है और उनमें से कई तो महाद्वीप जितने बड़े है। ऐसे युग से हम किसी ऐसी विश्व शक्ति की बात नहीं सोच सकते जिसका राजनीतिक मातृ वंश केवल पांच सौ वर्ग किलोमीटर जैसे वाहियात से क्षेत्रफल में सिमटा हो।" किसका कथन है?**
(अ) ग्योबल्स का (ब) हिंडनवर्ग का
(स) कैसर विलियम का (द) हिटलर का

www.jcdclasses.com

**(xli) किसी समुदाय को औरों से अलग-थलग करके रखना-**
(अ) घेटो (ब) कंसनट्रेशन कैम्प
(स) चेंबर (द) युटोपिया

**(xlii) नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास क्या है?**
(अ) हिटलर द्वारा आत्महत्या करना
(ब) यहूदी प्रार्थनाघर जलाना
(स) न्यूरेम्बर्ग कोर्ट द्वारा नाजियों को मृत्युदंड देना
(द) अवांछितों को यातना देकर मार डालना

**(xliii) हिटलर का उपनाम क्या था?**
(अ) फ्यूहरर (ब) नाजी (स) एडॉल्फ (द) हिट्टू

**(xlv) हिटलर यूथ का पुराना नाम क्या था?**
(अ) नात्सी यूथ (ब) यूथनेजिया (स) युंगफोक (द) लेबर सर्विस

**(xlv) युंगफोक क्या था?**
(अ) विशिष्ट जर्मन सेवा (ब) एक नात्सी युवा संगठन
(स) जर्मन युवाओं द्वारा खेला जाने वाला एक खेल
(द) एक जर्मन सांस्कृतिक संगठन।

**(xlvi) जुड आऊफ ग्रुनर हीद का अर्थ हुआ-**
(अ) ग्रीन हीद में किसी यहूदी पर यकीन मत करो
(ब) किसी पर यकीन मत करो
(स) यहूदी को ग्रीन हीद में मार डालो
(द) ग्रीन हीद केवल यहूदियों का है

**(xlvii) मेरे राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नागरिक माँ है। किसने कहा था?**
(अ) लेनिन ने (ब) ओलम्प दे गूज ने
(स) हिटलर ने (द) महात्मा गांधी ने

**(xlviii) यहूदियों के प्रति घृणा फैलाने के लिए नात्सियों ने कौन सी फिल्म बनवाई थी?**
(अ) अंतिम समाधान (ब) गुप्त कानून
(स) अक्षय यहूदी (द) द ईवल ज्यूज

**(xlix) मित्र राष्ट्र में सम्मिलित थे -**
(अ) जर्मनी, ऑस्ट्रिया और इटली
(ब) भारत, रूस और अमेरिका
(स) ब्रिटेन, फ्रांस और रूस
(द) अमेरिका, जापान और रूस

**(l) प्रथम निम्नलिखित में से कौन प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान मित्र देशों के खेमे में नहीं था।**
(अ) इंग्लैंड (ब) फ्रांस (स) अमेरिक (द) जर्मनी

**(li) नवम्बर के अपराधी कहकर किसका मजाक उड़ाया जाता था?**
(अ) वाइमर गणराज्य के समर्थकों का
(ब) जर्मन सम्राट के समर्थकों का
(स) स्पार्टकिस्ट लीग के समर्थकों का
(द) हिटलर के समर्थकों का

**(lii) जर्मनी में 'स्पार्टकिस्ट लीग' की मुख्य माँग क्या थी ?**
(अ) राजशाही की पुनर्स्थापना
(ब) हिटलर को तानाशाह बनाना
(स) जर्मनी में सोवियत ढंग की सरकार बनाना
(द) जर्मनी को ऑस्ट्रिया से अलग करना

**(liii) जर्मनी को आर्थिक संकट से निकालने के लिए डॉव्स योजना किसने बनाई?**
(अ) अमेरिका (ब) रूस (स) फ्रांस (द) ब्रिटेन

**(liv) वाइमर संविधान के दोष का नाम लिखिए जिसने इसे क्षणभंगुर बना दिया था?**
(अ) समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली (ब) अनुच्छेद 48
(स) दोनों कथन सत्य है (द) इनमें से कोई नहीं

**(lv) वाइमर संविधान में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली में क्या खामी थी ?**
(अ) केवल एक दल बहुमत में आ सकती थी
(ब) एकल पार्टी बहुमत में नहीं आ सकती थी।
(स) यह द्विदलीय प्रणाली का समर्थक था?
(द) इनमें से कोई नहीं।

**(lvi) नाजीवाद किसका समर्थक था?**
(अ) राजतंत्र का (ब) प्रजातंत्र का
(स) राज्य की सर्वोच्च के सिद्धांत का (द) इनमें से कोई नहीं

**(lvii) नाजीवाद का उत्कर्ष हुआ-**
(अ) जर्मनी में (ब) इटली में (स) जापान में (द) सोवियत संघ में

**(lvii) मीन केम्फ का लेखक था-**
(अ) हिटलर (ब) मुसोलिनी (स) बिस्मार्क (द) कैजर विलियम

**(lix) हिटलर जर्मनी का चांसलर बना-**
(अ) 1919 में (ब) 1929 में (स) 1933 में (द) 1939 में

**उत्तर-** (i) अ, (ii) ब, (iii) स, (iv) ब, (v) अ, (vi) अ, (vii) अ, (viii) अ, (ix) स, (x) स, (xi) द, (xii) द, (xiii) द, (xiv) द, (xv) स, (xvi) ब, (xvii) अ, (xviii) ब, (xix) अ, (xx) ब, (xxi) स, (xxii) ब, (xxiii) स, (xxiv) स, (xxv) द, (xxvi) स, (xxvii) द, (xxviii) ब, (xxix) अ, (xxx) अ, (xxxi) द, (xxxii) द, (xxxiii) ब, (xxxiv) स, (xxxv) ब, (xxxvi) अ, (xxxvii) द, (xxxviii) ब, (xxxix) स, (xl) स, (xli) अ, (xlii) ब, (xliii) स, (xliv) स, (xlv) द, (xlvi) स, (xlvii) स, (xlviii) स, (xlix) स, (l) स, (li) ब, (lii) स, (liii) अ, (liv) अ, (lv) स, (lvi) ब, (lvii) अ, (lviii) अ, (lix) स।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान भरिए-**

(i) प्रथम विश्वयुद्ध के लिए ........ को जिम्मेदार ठहराया गया। (जर्मनी/इटली)

(ii) प्रथम विश्वयुद्ध का सर्वाधिक प्रभाव.......महाद्वीप पर पड़ा। (यूरोप/अमेरिका)

(iii) समाजवादियों, डेमोक्रेट्स और कैथेलिक ग्रुप ने ........ का विरोधि किया। (स्पार्टकिस्ट लीग/हिटलर)

(iv) जर्मन वर्कस पार्टी का नया नाम.........था। (नेशनल सोशलिस्ट पार्टी /हिटलर यूथ)

(v) ............जर्मनी की गुप्तचर पुलिस थी। (गेस्तापो/स्तोर्म्स टूपेर्स)

www.jcdclasses.com

(vi) .........में जर्मनी ने खुद को लीग ऑफ नेशन्स से अलग कर लिया। (1933/1938)

(vii) सिन्ती और रोमा समुदाय को.........को संज्ञा दी गई। (जिप्सी/ज्यूस)

(viii) प्रथम विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में.......गणतंत्र की स्थापना हुई। (वाइमर गणराज्य/वर्साय)

(ix) एक जनता, एक साम्राज्य और एक नेता का नारा......ने दिया। (हिटलर/मुसोलिनी)

(x) हिटलर ने पोलैंड पर आक्रमण.....में किया। (1939/1945)

**उत्तर-** (i) इटली, (ii) यूरोप, (iii) स्पार्टकिस्ट, (iv) नेशनल सोशलिस्ट, (v) गेस्तापो, (vi) 1938, (vii) जिप्सी (viii) वार्साय, (ix) हिटलर, (x) 1939।

**प्रश्न 3. एक शब्द में उत्तर दीजिए**

(i) मित्र राष्ट्र देश कौन से थे?

(ii) अमेरिका कब मित्र राष्ट्रों में शामिल हुआ?

(iii) वाइमर गणतंत्र को किस संधि पर हस्ताक्षर करने पड़े?

(iv) प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने जर्मनी के किस प्रदेश पर अधिकार किया?

(v) हिटलर का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(vi) हिटलर ने अग्नि अध्यादेश (फायर डिक्री) के जरिए क्या-क्या निलंबित किया?

(vii) हिटलर ने जिस विचारधारा को जन्म दिया उसे क्या कहते है?

(viii) धुरी शक्तियों में कौन-कौन से देश शामिल थे?

(ix) प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किस गणराज्य का जन्म हुआ?

(x) नात्सी विचारधारा का मुख्य आधार क्या था?

(xi) जर्मनी की संसद को किस नाम से जाना जाता है?

(xii) जर्मनी को हरजाने के रूप में कितना धन देना पड़ा?

(xiii) नाज़ी लोग सब से अधिक किन लोगों के विरुद्ध थे?

(xiv.) आर्थिक महामंदी कब शुरू हुई?

(xv) हिटलर के गुप्तचर राज्य पुलिस का क्या नाम था?

(xvi) 'युंगफोक' क्या था?

(xvii) नात्सियों ने 'यूथनेजिया' शब्द का प्रयोग किसके लिये किया था ?

(xviii) वर्साय की संधि किस सन में हुई ?

(xix) नॉर्डिक जर्मन आर्य कौन थे?

(xx) नात्सी शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई ?

(xxi) प्रोपेगैंडा का क्या अर्थ है?

(xxii) कंसन्ट्रेशन कैम्प क्या थे?

**उत्तर-** (i) ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका और सोवियत संघ। (ii) 1941 में। (iii) 28 जून 1919 को। (iv) हंगरी। (v) हिटलर का जन्म 20 अप्रैल 1889, ऑस्ट्रिया में हुआ। (vii) नाजीवाद, (viii) जर्मनी, इटली, जापान। (ix) रोमन साम्राज्य (x) मनुष्य एक समान नहीं होते, बल्कि उनमें नस्लों के आधार पर ऊँच-नीच का भेद होता है। (xi) फ्रैंकफर्ट पार्लियामेंट (xi) 1 लाख टन। (xii) हिटलर के (xiv) 29 अक्टूबर 1929 (xv) गेस्टापो। मनोचिकित्सक (xvii) इच्छामृत्यु के लिए (xviii) 28 जून 1919 (xix) हिन्दू यूरोपीय भाषा के जानकार थे। (xx) जर्मन देश का एक शक्तिशाली दल जो अपने को राष्ट्रीय साम्यवादी कहा जाता था। (xxi) प्रचार करना। (xxii) हिटलर के मौत का कैंप।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइये।**

**(1)**

| **स्तंभ (i)** | **स्तंभ (ii)** |
|---|---|
| (i) विशेष व्यवहार | (अ) खाली कराना |
| (ii) अंतिम समाधान | (ब) विकलांगों की हत्या |
| (iii) यूथनेजिया | (स) यहूदियों की हत्या |
| (iv) इवैक्युएशन | (द) सामूहिक हत्या |
| (v) घेटो | (ई) गुप्तचर सेवा |
| (vi) गेस्तापो | (फ) अलग-थलग करना |

**(2)**

| **स्तंभ (i)** | **स्तंभ (ii)** |
|---|---|
| (i) हिंडेनबर्ग | (अ) अपराध नियंत्रण पुलिस |
| (ii) लेबेन्स्त्राउम | (ब) सुरक्षा सेवा |
| (iii) फॉक्सवागन | (स) स्टॉर्म ट्रूपर्स |
| (iv) एसए | (द) जर्मन कार |
| (v) एसडी | (ई) जीवन परिधि |
| (vi) एसएस | (फ) जर्मन राष्ट्रपति |

**उत्तर-** (1) (i) ब, (ii) अ, (iii) द, (iv) फ, (v) स, (vi) ई।

**उत्तर-** (2) (i) फ, (ii) ई, (iii) अ, (iv) ब, (v) स, (vi) द।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य लिखिए:**

(i) मई 1945 में जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पन कर दिया।

(ii) हिटलर ने बर्लिन में आत्महत्या की।

(iii) न्यूरेम्बर्ग अदालत में हजारों नाजियों को मौत की सजा दी।

(iv) यूरोप को कर्ज देने वाले महाद्वीप के नाम से जाना जाता था।

(v) वाइमर समर्थकों को मार्च का अपराधी कहा जाता था।

(vi) चांसलर पद जर्मनी का सर्वोच्च पद होता है।

(vii) शाख्त ने हिटलर को सेना पर धन खर्च करने से रोका था।

(viii) हिटलर आर्थिक संकट दूर करने उद्योग स्थापित करना चाहता था।

(ix) हिटलर स्त्री - पुरूष समानता का पक्षधर था।

(x) गाँधी जी ने हिटलर को अहिंसा का संदेश भेजा था।

(xi) नात्सी जर्मनी में मारी माताओं के साथ एक जैसा बर्ताव होता था।

(xii) हिटलर के उत्कर्ष में वर्साय की संधि का योगदान था।

(xiii) हिटलर गणतंत्र का समर्थक था।

(xiv) हिटलर साम्यवादी नीति का समर्थक था।

(xv) नाजीवाद यहूदी विरोधी था।

**उत्तर-** (i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य, (vi) सत्य, (vii) सत्य, (viii) सत्य, (ix) असत्य, (x) सत्य, (xi) असत्य, (xii) असत्य, (xiii) सत्य, (xiv) सत्य, (xv) सत्य।

www.jcdclasses.com

# 4 वन्य समाज और उपनिवेशवाद

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए:**

**(i) 1600 ई. में भारत के कुल कितने भागों में खेती होती थी?**
(अ) पाँच (ब) तीन (स) चार (द) छह

**(ii) रंगून की लकड़ी गोदाम में भारी भरकम लकड़ी उठाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था।**
(अ) हाथी (ब) क्रेन मशीन (स) रेलगाड़ी (द) गैंडा

**(iii) भारतीय वन अधिनियम लागू किया गया-**
(अ) 1865 (ब) 1868 (स) 1866 (द) 1867

**(iv) किस जानवर की शिकार को खेल ट्रॉफी के रूप में देखा जाता था?**
(अ) हिरण (ब) बाघ (स) हाथी (द) गेंडा

**(v) चाय और कॉफी के बागान लगाए गए-**
(अ) वनों को साफ करके (ब) वन लगाकर
(स) कारखाने हटाकर (द) खनन को बंद करके

**(vi) भारत का पहला वन महानिर्देशक किसे नियुक्त किया गया?**
(अ) क्लार्क (ब) ब्रैंडिस (स) फोस्टर (द) रंगनाथन

**(vii) 1906 में इंपीरियल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना कहां हुई-**
(अ) दिल्ली (ब) देहरादून (स) कोलकाता (द) मुंबई

**(viii) बस्तर के लोगों की मान्यता के अनुसार उन्हें जमीन किसने दी है?**
(अ) जमीदार (ब) राजा (स) धरती माँ (द) सरकार

**(ix) आज भारत की भूमि का कितना भाग कृषि कार्य में उपयोग किया जाता है?**
(अ) आधा (ब) चौथा (स) एक तिहाई (द) दो तिहाई

**(x) अंग्रेजों के लिए भारत में रेलवे का विस्तार करना क्यों जरूरी था?**
(अ) अपने औपनिवेशिक व्यापार के लिए
(ब) भारतीयों की सुविधा के लिए
(स) अंग्रेज अधिकारियों की सुविधा के लिए
(द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-** (i) द, (ii) अ, (iii) ब, (iv) द, (v) अ, (vi) ब, (vii) ब, (viii) स, (ix) अ, (x) अ।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थान भरिए-**

(i) भारत में रेल लाइन का जाल ........के दशक में तेजी से फैला।
(ii) रबर के वृक्ष से प्राप्त तरल पदार्थ.......को कहते है।
(iii) जॉर्ज यूल नामक अंग्रेज अफसर ने शिकार के दौरान कुल.........बाघ मारे थे।
(ix) तेंदू पत्तों का प्रयोग.......किया जाता है।
(v) स्थानांतरित कृषि को.........कृषि भी कहा जाता है।
(vi) जावा का........समुदाय वन काटने में कुशल था।
(vii) बस्तर भारत के..........राज्य में स्थित है।
(viii) जंगलों में रोशनी करके भोजन पकाने के लिए तेल.........से निकाला जाता था।
(ix) मृदा अपरदन को.........नियंत्रित करते है।
(x) सन् 1600 में जावा की अनुमानित आवादी.............लाख रही।

**उत्तर-** (i) 1946 (ii) लेटेक्स (iii) 80000 से ज्यादा। (iv) बीड़ी (v) स्थानान्तरणीय (vi) वस्तर। (vii) छत्तीसगढ़। (viii) महुए के पेड़ (ix) मृदा अपरदन नियंत्रण द्वारा। (x) 34 लाख

**प्रश्न 3. सही जोड़ी:-**

**सेट 1.**

| | |
|---|---|
| (i) सबसे अच्छे वन | (अ) 1899-1900 |
| (ii) मध्य भारत में अकाल | (ब) लकड़ी के बनते |
| (iii) बस्तर आंदोलन | (स) 1850 |
| (iv) चावल उत्पादक द्वीप | (द) आरक्षित वन |
| (v) रेलवे का विस्तार | (इ) 1910 |
| (vi) रेलवे के स्लीपर | (य) जावा |

**उत्तर-** (i) द, (ii) अ, (iii) इ, (iv) य, (v) स. (vi) ब।

**सेट-2.**

| | |
|---|---|
| (i) जावा | (अ) साल के पेड़ |
| (i) सिहभूम के जंगल | (ब) एकाधिकार |
| (iii) व्यापारिक फसल | (स) 400 बाघ का शिकार |
| (iv) कांटेदार छाल वाला वृक्ष | (द) इंडोनेशिया |
| (v) जार्ज मूल | (इ) गन्ना, कपास, जुट |
| (vi) इजारेदारी | (य) सेमूर |

**उत्तर-** (i) द, (ii) अ, (iii) इ, (iv) य, (v) स. (vi) ब।

**प्रश्न 4. एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर-**

(i) एक अमेरिका वा समूह मुख्य रूप से कौन सी फसल उगाने थे?
(i) बनाना रिपब्लिक कंपनी किस देश में गठित की गई है?
(iii) सीधी पंक्ति में एक ही किस्म के पेड़ लगाने की प्रक्रिया को क्या कहते है?
(iv) जावा में धन प्रबंधन की शुरुवात किसने की थी?
(v) प्रारंभ में जावा के जंगलों में किस प्रजाति के पेड़ बहुत ज्यादा थे?
(vi) इटली में स्थित पोपलर के जंगल किस लिए उपयोगी है?
(vii) यदि एक गांव के लोग दूसरे गांव के जंगल में थोड़ी लकड़ी लेना चाहते हैं तो बदले में क्या देते थे?
(viii) चॉक्लेट में प्रयोग होने वाला तेल कहाँ से प्राप्त होता है?
(ix) भारत में रेल लाइन का जाल 1946 में बढ़कर कितना हो चुका था?

www.jcdclasses.com

(x) भारत में वनों का पहला इंस्पेक्टर जनरल कौन था?

**उत्तर-** (i) मक्का, सेम और स्क्वाश की फसल। (ii) अमेरिका में (iii) बागान। (iv) जावा कम्यूनिटी प्रोसेस ने। (v) सागौन (vi) लकड़ी के लिए। (vii) अनाज और स्वर्ण। (viii) अमेरिका से। (ix) 765000 किमी। (x) डिट्रिश बैंडिस।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य-**

(i) भारतीय वन सेवा की स्थापना बैंड्रिस ने1864 में की थी।

(ii) छोटा नागपुर में अदिवासियो का नेतृत्व बिरसा मुंडा ने किया।

(iii) भारत का प्रथम वन महानिदेशक अमेरिकन विशेषज्ञ था।

(iv) मक्का व्यापारिक फसल है।

(v) एक औसत कद के पेड़ से लगभग 10 से 12 स्लीपर पर बन सकते थे।

(vi) रबड़ के वृक्षों से लेटेस्ट प्राप्त होता है।

(vii) झूमिंग कृषि में किसी खेत पर 15 वर्ष तक खेती की जाती है।

(viii) 1850 दशक में रेलवे के स्लीपर लकड़ी से बनाए जाते थे।

(ix) वन अधिनियम के अनुसार मकान बनाने के लिए आरक्षित वन से लकड़ी ले सकते थे।

(x) छत्तीसगढ़ राज्य भारत का 26 वाँ राज्य है।

**उत्तर-** (i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य, (vi) सत्य, (vii) असत्य, (viii) सत्य, (ix) सत्य (x) सत्य।

**प्रश्न 6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) वन विनाश किसे कहते हैं?**

**उत्तर- वन-विनाश-** यदि किसी क्षेत्र में वन काटे जाएं किन्तु उसी अनुपात मे यदि वनों की पुनस्थापना एवं विकास नहीं हो, तो उसे 'वन-विनाश' कहते हैं।

**(2) आस्ट्रेलिया की जमीन किन पांच प्राकृतिक प्रदेशों को अपने में समेटे हुए थी?**

**उत्तर-** (i) तस्मानिया, (ii) अंटार्कटिका, (iii) नाफॉक द्वीप आदि।

**(3) स्लीपर से क्या आशय है?**

**उत्तर- स्लीपर-** रेल की पटरियों के नीचे आर-पार लगे लकड़ी के लट्ठे, जो पटरियों को अपनी जगह पर रोके रखते हैं।

**(4) आरक्षित वन किसे कहते हैं?**

**उत्तर- आरक्षित वन-** उन वनों को आरक्षित वन कहते है, जिनको कुछ सीमा तक संरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**(5) जापनियों के कब्जे से पहले जावा के डचों ने किस नीति को अपनाया?**

**उत्तर-** जापानियों के कब्जें से पहले जावा के उचों ने "भष्म कर भागों नीति" को अपनाया।

**(6) चाय और कॉफी के बागानों के लिए जमीन कहां से प्राप्त हुई?**

**उत्तर-** चाय और कॉफी के बामाकों के लिए जमीन "यूरोप" से प्राप्त हुई।

**(7) गुंडाधुर कौन था?**

**उत्तर- गुंडाधुर-** अंग्रेजों के विरूद्ध बगावत करने वाला अधिकारी आदिवासी था। यह नेथनार गाँव का था। अंग्रेज कभी इसे पकड़ नहीं पाए।

**(8) इजारेदारी का क्या आशय है?**

**उत्तर- इजारेदारी प्रथा-** इस प्रथा में पंचवर्षीय ठेके की व्यवस्था थी। तथा सबसे अधिक बोली लगाने वाले को भूमि ठेके पर दी जाती थी। किंतु इस व्यवस्था से कम्पनी को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, क्योंकि इस व्यवस्था से उसकी वसूली में अस्थिरता आ गयी।

**(9) वन ग्राम किसे कहा गया?**

**उत्तर- वन-ग्राम-** औपनिवेशिक सरकार ने 1905 ई. में जंगल के दो-तिहाई हिस्से को आरक्षित कर दिया, लेकिन कुछ गाँवों को आरक्षित वनों में इस शर्त पर रहने दिया गया कि वे वन विभाग के लिए पेड़ों की कटाई और ढुलाई का काम मुफ्त करेंगे और जंगल को आग से बचाए रखेंगे। बाद में इन्हीं गाँवों को 'वन-ग्राम' कहा जाने लगा।

**(10) वन-उत्पाद किसे कहते हैं?**

**उत्तर- वन उत्पाद-** एक वन उत्पाद किसी भी सामग्री से प्राप्त होता है। वानिकी जैसे प्रत्यक्ष खपत या वाणिज्यिक उपयोग, के लिए लकड़ी, कागज, या चारा के लिए पशुधन। लकड़ी, जो अब तक जंगलों का प्रमुख उत्पाद है, का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जैसे कि लकड़ी के ईंधन (जैसे- जलाऊ लकड़ी या लकड़ी का कोयला के रूप मे) या इमारतों के निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली तैयार संरचनात्मक सामग्री, या कच्चे माल के रूप में। की लकड़ी लुगदी, कि के उत्पादन में प्रयोग किया जाता है।

**(11) युद्ध से जंगल क्यों प्रवाहित होते हैं?**

**उत्तर-** युद्ध के समय सेना को भोजन संसाधन जुटाने और छिपने के लिए जंगल की आवश्यकता होती है। वे थोड़ी बहुत झाड़ियों और वनों को काटकर अपने योग्य बना लेते है। जमीनी सेना और वायुसेना दोनों को सैनिक, दुश्मनों, युद्ध केन्द्रों को देखने के लिए जंगलों को काटना पड़ता है। बड़े-बड़े पेड़ वायुसेना के लिए बाधक होते है। अतः उनके काटने से जंगलों का सफाया हो जाता है।

**(12) वैज्ञानिक वानिकी(साइंटिफिक फॉरेस्ट्री किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** वैज्ञानिक वानिकी (Scientific Forestry) वन और वृक्षारोपण प्रबंधन का विज्ञान है। प्राकृतिक वनों को विभिन्न प्रकार के पौधों से काट दिया जाता है और वृक्षारोपण के रूप मे परिभाषित पंक्तियों में एक विशेष प्रकार के पेड़ के साथ प्रतिस्थापित किया जाता है।

**(13) घुमंतू खेती पर रोक लगाने का फैसला सरकार ने क्यों किया?**

**उत्तर-** जहाँ कुछ सालों के अंतर पर खेती की जा रही हो, ऐसी जमीन पर रेलवे के लिए इमारती लकड़ी वाले पेड़ नहीं उगाए जा सकते। साथ ही, जंगल जलाते समय बाकी बेशकीमती पेड़ो के भी लपटों की चपेट में आ जाने का खतरा बना रहता है। इसलिए सरकार ने धुमंतू खेती पर रोक लगाने का फैसला किया।

**(14) महुआ के पेड़ से गिरने वाले फूल व फल के उपयोग लिखिए?**

**उत्तर-** महुआ के फल और फूल मे शराब बनाई जाती है, और घरेलू व औषधि के रूप में भी काम आता है, आदि।

www.jrdclasses.com

**(15) 1878 के अधिनियम में वनों को कितने श्रेणियों में बांटा गया? संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** 1878 के अधिनियम में जंगलों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया हैः- आरक्षित, सुरक्षित, ग्रामीण।

**(16) टोंग्या खेती क्या है? समझाइए।**

**उत्तर- टोंग्या खेती-** तोंग्या भी एक स्थानान्तरित खेती है, जिसमें कृषकों को वन वृक्ष लगाने और वन वृक्षों की पंक्तियाँ के बीच कृषि फसलों को एक साथ उगाने की अनुमति दी जाती है और लगभग 3-5 वर्षों के लिए साफ किया जाता है। इसके बाद जमीन के दूसरे हिस्से में शिफ्ट हो जाएँ। उद्देश्य लकड़ी और खाद्य उत्पादन।

**(17) रेलवे व जहाज निर्मान ने किस प्रकार वन विनाश में भूमिका निभाई? समझाइए।**

**उत्तर- (1) रेलवे-** रेल पटरियों को बिछाने के लिए जंगल काटे गए। रेल स्लीपर बनाने के लिए पेड़ों की लकड़ियों को काटा गया। रेलवे, सैनिकों और व्यापार-वाणिज्य की वस्तुओं को लाने ले जाने के लिए वनों का कटाव, वनों का तेजी से ह्रास हुआ।

**(2) जहाज निर्माण-** यूरोप के ओक वन समाप्त होने पर भारतीय वनों की लकड़ियाँ जहाज बनाने के लिए ले जाने लगे। भारतीय वनों की कटाई और ह्रास शुरू हुआ।

**(18) वनों से होनो वाले प्रत्यक्ष लाभ लिखिए?**

**उत्तर- वनों के प्रत्यक्ष उपयोग इस प्रकार है-** (1) महुए के पेड़ से भोजन पकाने और रोशनी के लिए तेल निकाला जाता है। (2) कंद-मूल फल खाने और जड़ी-बूटियाँ औषधि के काम आती है। (3) सूखे कुम्हड़े की खोल का प्रयोग पानी भरने के लिए किया जाता है। (4) वन के पत्तों से दोने-पत्तल बनाए जाते है। (5) सियादी की लता रस्सी बनाने के काम आती है।

**(19) 1600 ई. की व्यापारिक व खाद्यान्न फसलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** भारत की व्यापारिक व खाद्यान्न फसलें निम्नलिखित है- गन्ना, रबड़, कपास, चाय, कहवा, तम्बाकू, जूट आदि।

**(20) बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी जनजाति समुदाय के नाम लिखिए।**

**उत्तर-** बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी जनजाति समुदाय का नाम 'बिरसा' है।

# 5 आधुनिक विश्व में चरवाहे

**प्रश्न 1. लघु उत्तरीय प्रश्न- (3 अंक)**

**(1) रायका समुदाय की जीवन शैली कैसी थी?**

**उत्तर- राइका समुदाय-** राइका देश के पश्चिमी राज्य राजस्थान का प्रमुख चरवाहा समुदाय है। यह क्षेत्र वर्ष में बहुत कम हैं। इसीलिए खेती की उपज हर साल घटती-बढ़ती रहती थी। बहुत सारे इलाकों में तो दूर-दूर तक कोई फसल होती ही नहीं थी। इसके चलते राइका खेती के साथ-साथ चरवाही का भी काम करते थे। बरसात में तो बाड़मेर, जैसलमेर, औंध और बीकानेर के राइका अपने गाँवों में ही रहते थे, क्योंकि इस दौरान उन्हें वहीं चारा मिल जाता था। लेकिन अक्टूबर आते-आते ये चरागाह सूखने लगते थे। नतीजतन से लोग नए चरागाहों की तलाश में दूसरे इलाकों की तरफ निकल जाते थे और अगली बरसात में ही वापस लौटते थे। राइकाओं का एक वर्ग ऊँट पालता था, जबकि कुछ भेड़-बकरियाँ पालते थे।

**(2) वन अधिनियम का चरवाहा पर क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर- वन अधिनियम-** जिन वनों से कीमती लकड़ियाँ, जैसे- साल, सागौन, देवदार, चन्दन प्राप्त होने से उन्हें आरक्षित वन घोषित किया गया। चरवाहों की वनों में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इससे चारवाहे समुदाय पर जो प्रभाव पड़े वे इस प्रकार थ— (1) जिन वनों से पशुओं के लिए चारा प्राप्त होता था वहाँ प्रवेश की पाबन्दी लग गई। (2) वन जाने हेतु लाइसेंस लेना पड़ता था। (3) वन में रहने के दिनों की संख्या, प्रवेश करने और वनों से बाहर निकलने का समय निर्धारित कर दिया गया।(4) जिन भागों में प्रवेश की अनुमति थी वहाँ गतिविधियाँ सीमित कर दी गई।

**(3) बच्चों, जब चारागाह सूख जाते हैं तो चरवाहों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

**उत्तर-** चरागाह तेजी से कम हो रहे थे। इसलिए बचे हुए चरागाहों में पशुओं की संख्या बढ़ने लगी। पहले जब चरवाहे मौसम के हिसाब से एक चरागाह को छोड़कर दूसरी जगह चले जाते थे, तो उस बीच चारे को दोबारा पनपने का मौका मिल जाता था। लेकिन अब जानवरों के लिए चारे की किल्लत की समस्या खड़ी होने लगी और जानवरों की संख्या कम होने लगी।

**(4) नामीबिया स्थित काओकोलैंड के घुमंतू पशु पालकों की शिकायतें क्या थीं?**

**उत्तर-** नामीबिया स्थित काओकोलैंड के घुमंतू पशुपालकों की शिकायत थी- "हम बड़ी मुश्किल में हैं। हम बस रोते रहते हैं। हमें कैद मे डाल दिया गया है। हमें तो पता भी नहीं कि हमें बंद क्यों किया गया है। हम जेल में है। हम दक्षिण मे गोश्त नहीं ला सकते। खालों को बाहर नहीं भेज सकते। हम अपने जानवरों को अपनी भेड़ों और बकरियों को वहाँ ले जाना चाहते हैं। पर सीमाएँ बंद है, हमारा जीना मुश्किल है।"

**(5) औपनिवेशिक सरकार के चराई कर की नियमावली के नियम बताइए?**

**उत्तर-** औपनिवेशिक सरकार परती भूमि को बेंकार मानती थी क्योंकि इससे उसे कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता था। अतः वह सभी चरागाहों को कृषि भूमि में परिवर्तित करनी चाहती थी। उसका मानना था कि यदि ऐसा कर दिया जाए तो भू-राजस्व भी बढ़ेगा और जूट (पटसन), कपास, गेहूँ जैसी फसलों के

www.jcdclasses.com

उत्पादन मे भी वृद्धि होगी। सभी चरागाहो को अंग्रेज सरकार परती भूमि मानती थी क्योंकि उससे उन्हें कोई लगान नही मिलता था। उन्नीसवीं सदी के मध्य से देश के विभिन्न भागो मे परती भूमि विकास के लिए नियम बनाए जाने लगे। इन नियमों की सहायता से सरकार गैर खेतिहर जमीन को अपने अधिकार मे लेकर कुछ विशेष लोगो को सौपने लगी। इन लोगो को विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान की गई और ऐसी भूमि पर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**(6) रबी और खरीफ की फसल में अंतर बताइए?**

**उत्तर- रबी और खरीफ की फसल में अन्तर-**

खरीफ की फसल अक्टूबर नवंबर मे तैयार होती हैं, जिस समय पतझड़ होता है। अतः इस दौरान तैयार होने वाली फसलों को भी पतझड की फसल यानि खरीफ कहा गया। रबी फसले, वे फसले है, जिन्हें जाड़ो के मौसम मे उगाया जाता है। यही वजह हैं रबी फसलों को ठंडी की फसल या बसंत ऋतू की फसल भी कहते हैं।

**(7) अपराधी जनजाति अधिनियम बनाने के क्या कारण थे?**

**उत्तर- अपराधी जनजाति अधिनियम-** ब्रिटिश सरकार को घुमन्तु जाति से हमेशा शंका बनी रहती थी, इसलिए उन पर ये नियम लगाए गए। घुमन्तू व्यापारियों और घूम-घूमकर सामान बेचने वालो को वे संदेहास्पद मानते थे। मवेशियों के लिए चारा खोजने वालो पर भी उन्हे विश्वास नही था इसलिए उनके बजाए अधिनियम से जनजातियो के जीवन में बदलाव आया—

(1) उन्हें जन्म से ही अपराधी जनजाति घोषित कर दिया गया। (2) उनके लिए एक अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्र रहने के लिए निर्धारित कर दिया गया। (3) उन्हें निर्धारित क्षेत्रों से बिना अनुमति बाहर जाने नहीं दिया जाता था। (4) ग्रामीण पुलिस हमेशा इन पर नजर रखती थी।

**(8) बच्चों, आपके अनुसार चरवाहे जंगल के आसपास ही क्यों रहते हैं?**

**उत्तर-** ये लोग जंगलों और छोटे-छोटे खेतों के आसपास रहते थे। वे अपने जानवरों की देखभाल के साथ साथ कई दूसरे काम-धंधे भी करते थे। पहाड़ी चरवाहों के विपरीत यहाँ के चरवाहों का एक स्थान से दूसरे स्थान जाना सर्दी-गर्मी से तय नहीं होता था। ये लोग बरसात और सूखे मौसम के हिसाब से अपनी जगह बदलते थे।

**(9) परती भूमि नियमावली की महत्वपूर्ण बातें बताइए?**

**उत्तर- परती भूमि नियमावली-** औपनिवेशिक सरकार के लिए गैर-कृषि भूमि जो अनुत्पादक थी उस पर न तो राजस्व मिलता था न ही कृषि उत्पादन आय होती थी। इसे वर्ज्य या अनुपयोगी भूमि के रूप में देखा जाता था। कृषि में इसका उपयोग आवश्यक था। भूमि सम्बन्धी नियमावली से चरवाहों के जीवन में निम्न परिवर्तन हुआ- (1) गैर-कृषि भूमि चरवाहों से छीनकर खास लोगों को दे दी गई। (2) उन्हें दी गई भूमि पर कृषि करने एवं यहाँ रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया, उन्हें अनेक प्रकार की छूट भी दी गई। (3) कुछ चरवाहो को नए क्षेत्र में भेजकर गाँव का मुखिया भी बनाया गया।(4) चरागाह भूमि जिस पर पशु चरते वे उसके छिलने से पशुओं के लिए चारे का संकट होने लगा।

**(10) बंजारा समुदाय व गद्दी समुदाय के सामाजिक जीवन में क्या भिन्नता है?**

**उत्तर- बंजारा-** ये लोग उत्तरप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और राजस्थान के ग्रामीण इलाको में रहते थे। चारागाहों की खोज मे वे लंबी-लंबी यात्रा करते। ये लोग किसानों को मवेशी बेचते थे और बदले में अनाज और चारा खरीदते थे। **गद्दी-** ये चारावाहे हिमाचल प्रदेश में रहते है। ये जाड़े में शिवालिक के निचले इलाको में रहते हैं और फिर अप्रैल में लाहुल और स्पीति की तरफ चले जाते हैं।

**(11) 1871 में औपनिवेशिक सरकार द्वारा पारित अपराधी जनजाति अधिनियम की मुख्य विशेषताओं की संक्षेप में समीक्षा कीजिए?**

**उत्तर-** सन् 1871 में औपनिवेशिक सरकार ने आपराधिक जनजाति अधिनियम बनाया। इसकी मुख्य बातें इस प्रकार थीं- (1) बहुत से चरवाहा समुदायों को अपराधी घोषित किया गया। (2) चरवाहा समुदायों को अधिसूचित क्षेत्र में रहने के लिए बाध्य किया गया (3) चरवाहों को बिना लाइसेंस आने-जाने पर पाबंदी लगा दी।

**(12) औपनिवेशिक काल में मासाई चरवाहों के जीवन में क्या सामाजिक बदलाव आए विस्तार से समझाइए?**

**उत्तर-** चरवाहे अपने पशुओं को निश्चित चारागाहों में ही चराते थे, जिससे चारा कम पड़ने लगा चारे की कमी के कारण पशुओं की सेहत और संख्या घटने लगी। चारागाहों का आकार सिमटकर बहुत छोटा रह गया। बचे हुए चारागाहों पर पशुओं का दवाव अधिक बढ़ गया।

**(13) अपराधी जनजाति अधिनियम पर टिप्पणी लिखिए?**

**उत्तर-** सन् 1932 में एक ब्रिटिश सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल सर जॉर्ज मैक्मुन ने अपनी किताब 'द अंडरवर्ल्ड ऑफ इंडिया' में लिखा- "वे एकदम मैले-कुचेले, समाज की गन्दगी और किसी खेत में घास चर रहे पशुओं के समान है"। दरअसल, मैक्मुन अपनी किताब में जिन लोगों को संबोधित कर रहा था। ये वो लोग जिन्हें ब्रिटिश सरकार ने कुख्यात अपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 के जरिये 'आपराधिक जनजाति घोषित कर दिया था।

1871 मे बने इस अधिनियम में समय-समय पर संशोधन किये गए और धीरे-धीरे लगभग 150 से भी अधिक जनजातियों को इसके तहत अपराधी घोषित कर दिया गया। पुलिस में भर्ती होने वाले जवानो को यह सिखाया जाने लगा कि ये जनजातियाँ पारंपरिक रूप से आपराधिक प्रकृति की रही हैं।

इसका नतीजा यह हुआ कि इन जनजातियों के लोग देश में जहाँ कही भी रह रहे थे, उन्हे अपराधियों के तौर पर देखा जाने लगा और पुलिस को उनका शोषण करने की अपार शक्तियाँ दे दी गई।

www.jcdclasses.com

**(14) बच्चों, कल्पना कीजिए, कि आप एक चरवाहा परिवार के सदस्य है, और सरकार ने आप के समुदाय को अपराधी घोषित कर दिया है तो आप का अगला कदम क्या होगा? आप कैसा महसूस कर रहे हो, और इससे आपकी जिंदगी पर परिवार पर क्या प्रभाव पड़ेंगे?**

**उत्तर-** यदि हम चरवाहा परिवार के सदस्य होते और सरकार हमारे समुदाय को अपराधी घोषित करती तो हम अपने आप को और हमारे जानवारों को सही साबित करने के लिए ठोस कदम उठाते। हाँ ये बात और है, कि सरकार द्वारा हमें अपराधी घोषित करना, एक बहुत ही निन्दनीय महसूस करने जैसी बात है, और इससे हमारा परिवार पूरी तरह टूट चुका होता।

**(15) औपनिवेशिक सरकार ने बेकार पड़ी भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए क्या योजना बनाई।**

**उत्तर-** औपनिवेशिक सरकार को बेकार पड़ी भूमि कृषि रहित लगती थी इसके लिए उन्होंने कुछ कानून बनाए जो इस प्रकार थे— (1) इस भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए 'परती भूमि विकास अधिनियम'। (2) गैर-कृषि योग्य भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए विशेष लोगों के हाथों में सौंप दिया। कृषि विकास के लालच में उन्हें गाँव का मुखिया बना दिया गया। (3) इस प्रकार की बेकार भूमि चारागाह थी अतः चरवाहों से कर वसूलना प्रारम्भ किया। (4) बेकार भूमि पर चरवाहों को आने-जाने का लाइसेन्स दिया, पशु चरवाहा कर प्राप्त करने लगे। (5) चरागाह को कृषि योग्य भूमि में बदलने से कृषि का विकास हुआ। (6) चरागाह सिमटने से पशुओं की चराई पर प्रभाव पड़ा। चारे के संकट से पशुओं का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा।(7) पशुपालकों की संख्या घटने लगी। वे दूसरे व्यवसायों की ओर जाने को बाध्य हो गए।

**(16) औपनिवेशिक शासन द्वारा किए गए बदलाव का चरवाहों ने सामना किस प्रकार किया?**

**उत्तर-** औपनिवेशिक शासन और चरवाहों का जीवन स्रोत औपनिवेशिक शासन के दौरान चरवाहों की जिंदगी में गहरे बदलाव आए। उनके चरागाह सिमट गए, इधर उधर आने-जाने पर बंदिशें लगने मगी और उनसे जो लगान वसूल किया जाता था उसमें भी वृद्धि हुई। खेती में उनका हिस्सा घटने लगा और उनके पेशे और हुनरों पर भी बहुत बुरा असर पड़ा।

**(17) औपनिवेशिक काल में सरहदे बंद हो जाने पर चरवाहों की जीवन शैली कैसी थी?**

**उत्तर-** औपनिवेशक काल में सरहदे बंद हो जाने पर चारावाहों की जिंदगी रातों-रात बदल गई। नई रात पाबंदियों और बाधाओं की आड़ में उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा और वे छोटे-से इलाके में खुद को कैद महसूस करने लगे। इससे उनकी चरवाही और व्यापारिक, दोनों तरह की गतिविधियों पर बहुत बुरा असर पड़ा।

**(18) मासाई योद्धा समूह के आभूषण व पहनावा कैसा था? बच्चों, क्या आपके आसपास के क्षेत्र में कैसे आभूषण या पहनावे का उपयोग कोई समुदाय विशेष करता है तो बताइए?**

**उत्तर-** मासाई योद्धा गहरे लाल रंग की शुका और चमकदार मोतियों के आभूषण पहनते और स्टील की नोक वाला पाँच फुट लंबा भाला रखते हैं। हमारे आसपास के क्षेत्र में वैसे आभूषण या पहनावे का उपयोग कोई समुदाय नहीं करता है।

**(19) महाराष्ट्र में रहने वाले धंगर चरवाहा समुदाय का सामाजिक जीवन कैसा था? विस्तार से समझाइए।**

**उत्तर- महाराष्ट्र में रहने वाले धंगर चरवाहा–** धनगर भारतीय राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में पाए वाले लोगों की एक चरवाहा जाति उन्हें महाराष्ट्र, गोवा में गवली और अहीर कहा जाता है। कुछ गवली भारत के जंगली पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। अहीर धनगर की उपजाति है।

**(20) बच्चों, आप यह बताइए कि चरवाहा समुदाय के लोगों को बार-बार एक जगह से दूसरी जगह क्यों जाना पड़ता है? क्या इनकी आवागमन से पर्यावरण को कोई लाभ होता है?**

**उत्तर-** पहाड़ी चरवाहों के विपरीत यहाँ के चरवाहों का एक स्थान से दूसरे स्थान जाना सर्दी-गर्मी से तय नहीं होता था। ये लोग बरसात और सूखे मौसम के हिसाब से अपनी जगह बदलते थे। सूखे महीनों में वे तटीय इलाकों की तरफ चले जाते थे, जबकि बरसात शुरू होने पर वापस चल देते थे।
हाँ इनके आवागमन से पर्यावरण को लाभ होता हैं।

**(21) मासाई चरवाहे बेती के लिए हल चलाने को प्रकृति विरुद्ध क्यों मानते हैं।**

**उत्तर-** मासाई चरवाहे खेती के लिए हल चलाने को प्रकृति के विरुद्ध इसलिए मानते कि इससे उपजाऊ मिट्टी बढ़ जाती हैं। इसमें हिंसा भी अधिक होती है। उन्हें जानवरों को चराने के लिए घास भी न मिलती है।

**(22) कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के मुख्य चरवाहा समुदाय के नाम लिखिए?**

**उत्तर-** कर्नाटक और आंध्रप्रदेश के प्रमुख चरवाहा, समुदाय है- गोल्ला, कुरूमा, कुरूबा आदि।

**(23) टिप्पणी लिखिए–**

**(1) भाबर (2) गद्दी (3) आरक्षित वन (4) परंपरागत अधिकार (5) बुग्याल (6) मासाई**

**उत्तर- (1) भाबर-** गढ़वाल और कुमाऊँ के क्षेत्र में पहाड़ियों के निचले हिस्से में पाया जाने वाला जंगल का इलाका 'भावर' कहलाता है।

**(2) गड्डी-** ये चरवाहे हिमाचल प्रदेश में रहते हैं। ये जाड़े में शिवालिक के निचले इलाकों में रहते हैं और फिर अप्रैल में लाहुल और स्फीति की तरफ चले जाते हैं।

**(3) आरक्षित वन-** जिनको कुछ सीमा तक संरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हो वह 'आरक्षित वन' कहलाते हैं।

**(4) परंपरागत अधिकार-** इस कानून के तहत जो लोग वन पर स्वयं खेती कर जीविकोपार्जन करते है, उन्हें उस वन भूमि का पट्टा देने के साथ जंगल पर लोगों को सामुदायिक अधिकार देने का प्रावधान है।

www.jcdclasses.com

**(5) बुग्याल-** पहाड़ों में स्थित घास के मैदान को 'बुग्याल' कहते है। इनके अलावा हिमालय में रहने वाले अन्य चरवाहे समुदायों के नाम है भोटिया, शेरपा और किन्नौरी। ये चारवाहे भी जाड़े और गर्मी के मौसम के हिसाब से अपने ठिकाने बदलते रहते है ताकि उनके पशुओ को खाने के लिए चारा मिलता रहे।

**(6) मासाई-** मासाई दक्षिणी केन्या और तंजानिया में निवास कर रहे अर्द्धखानाबदोश लोगों का एक नीलोटिक जातीय समूह है।

**पाठ्यपुस्तक : लोकतांत्रिक राजनीति भाग-1**

# 1 लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

**(i) डॉ नेल्सन मण्डेला नेता थे-**
(अ) दक्षिण अफ्रीका (ब) इंग्लैण्ड (स) चीन (द) भारत

**(ii) दक्षिण अफ्रीका गणराज्य बना-**
(अ) 26 अप्रैल 1994 (ब) 26 अप्रैल 1992
(स) 26 अप्रैल 1993 (द) 26 अप्रैल 1996

**(iii) सरोजनी नायडू थी-**
(अ) देश की प्रधानमंत्री (ब) सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश
(स) देश की राष्ट्रपति (द) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल

**(iv) प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष थे-**
(अ) डॉ राजेन्द्र प्रसाद (ब) डॉ भीमराव अम्बेडकर
(स) डॉ राधाकृष्णन (द) जगजीवन राम

**(v) "लोकतंत्र जनता के लिये जनता के द्वारा, जनता का शासन है" उपर्युक्त कथन है-**
(अ) अब्राहम लिंकन (ब) मिस्टर चर्चिल
(स) प्रो. लास्की (द) प्रो गार्नर

**(vi) दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने किस नेता पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया था**
(अ) महात्मा गांधी (ब) नेलसन मण्डेला
(स) आग सन सू की (द) मदर टेरसा

**उत्तर-** (i) अ (ii) अ (iii) द (iv) ब (v) अ (vi) ब

**प्रश्न 2. खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए?** **(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) भारत में वोट डालने की उम्र ............... है।
(ii) आग सान सूकी ............... की है।
(iii) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य देशों की संख्या ............... हैं।
(iv) सैनिक शासन ............... शासन होता है।
(v) भारत में राष्ट्रपति का कार्यकाल ............... होता है।
(vi) डेमोक्रेसी शब्द यूनानी भाषा ............... से लिया गया है।

**उत्तर-** (i) 18 वर्ष (ii) म्यांमार (iii) 05 देश (iv) अलोकतान्त्रिक (v) 5 वर्ष (vi) क्रेशिया।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइये-** **(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

| कालम (अ) | कालम (ब) |
|---|---|
| (i) भारत का संविधान बना | (A) लोकतंत्र का आधार |
| (ii) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव | (B) संविधान |
| (iii) धारा | (C) संविधान सभा के अध्यक्ष |
| (iv) देश का सर्वोच्च कानून | (D) किसी दस्तावेज का खास हिस्सा |
| (v) डॉ राजेन्द्र प्रसाद | (E) 26 नवम्बर 1946 |
| (vi) आर. के. लक्ष्मण | (F) कार्टूनिष्ट |

**उत्तर-** (i) E (ii) A (iii) D (iv) B (v) C (vi) F

**प्रश्न 4. एक वाक्य में उत्तर दीजिए-(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

**(i) लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है।**
**उत्तर-** सरदार पटेल।

**(ii) नेताजी के नाम से जाना जाता है।**
**उत्तर-** सुभाषचन्द्र बॉस।

**(iii) पंथ निरपेक्ष से तात्पर्य है।**
**उत्तर-** राज्य की दृष्टि से सभी धर्म समान है।

**(iv) समता से तात्पर्य है।**
**उत्तर-** कानून के समक्ष सभी समान।

**(v) पॉलिटिक्स के रचयिता है।**
**उत्तर-** अरस्तू।

**(vi) रिपब्लिकन के लेखक है।**
**उत्तर-** प्लेटो।

**(vii) नेल्सेन मण्डेला किस देश के राष्ट्रपति थे।**
**उत्तर-** दक्षिण अफ्रीका।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य का चयन कीजिए-** **(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) गणतंत्र का अर्थ है, फैसले लेने का अधिकार जनता के पास हो।
(ii) भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है।
(iii) भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।
(iv) लोकतंत्र में शासकों का चुनाव जनता करती है।
(v) अमेरिका एक लोकतांत्रिक देश है।
(vi) लोकतन्त्र सरकार का एक ऐसा रूप है जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते है।
(vii) अमेरिका लोकतन्त्र का समर्थक है।

**उत्तर-** (i) सत्य (ii) सत्य (iii) सत्य (iv) सत्य (v) सत्य (vi) सत्य (vii) सत्य

www.jcdclasses.com

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

**(प्रत्येक के लिये 02 अंक / शब्द सीमा 30 शब्द)**

**(i) लोकतंत्र क्या है?**

**उत्तर– लोकतंत्र का अर्थ :** जनता का शासन है। लोकतंत्र अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिन्दी अनुवाद है। डेमोक्रेसी शब्द यूनानी भाषा डेमोक्रेशिया से बना है। डेमोस-लोग केशियान शासन अर्थात् डेमोक्रेशिया का अर्थ जनता का शासन है।

**(ii) वयस्क मताधिकार क्या है?**

**उत्तर– वयस्क मताधिकार :** 18 वर्ष से अधिक के नागरिक किसी भी जाति, भाषा और धर्म के जिनको मतदान का अधिकार मिला है, वही वयस्क मताधिकार है।

**(iii) लोकतंत्र की परिभाषा दीजिये।**

**उत्तर– लोकतंत्र :** ऐसी शासन था जिसमें जनहित सबसे प्रमुख है, उसे ही लोकतंत्र माना जा सकता है। यह केवल एक शासन प्रणाली ही नहीं, अपितु समाज, राज्य और शासन तीनों का समावेश है। इसमें जनता को शासन के कार्यों में भाग लेने, प्रतिनिधि ने उन्हें हटाने का अधिकार होता है। यह शासन व्यवस्था स्वतंत्रता एवं समरसता पर आधारित है।

**(iv) संविधान संशोधन क्या है?**

**उत्तर– संविधान संशोधन–** प्रथम संविधान 1951– का यह संविधान का प्रथम संशोधन था। इनमें नवीन अनुच्छेद अर्थात 31 'क' और 32 'ख' को संविधान में अंत:स्थापित किया गया है। इसके द्वारा संविधान में एक नवीन अर्थात् नौवीं अनुसूची जोड़ी गई।

**(v) इकहरी नागरिकता क्या है?**

**उत्तर– इकहरी नागरिकता –** अगर हम अपने भारत देश की बातें करें तो यहाँ रहने वाले समस्त व्यक्ति भारत के नागरिक है और उन्हें भारत की नागरिकता मिलती है। उन्हें अपने राज्य के नागरिकता लेने की कोई जरूरत नहीं है। इस प्रकार की नागरिकता को ही 'इकहरी नागरिकता' कहते हैं।

**(vi) पांच लोकतान्त्रिक देशों के नाम लिखिये।**

**उत्तर– पाँच लोकतांत्रिक देश–** (1) नार्वे (2) आइलैंड, (3) स्वीडन, (4) न्यूजीलैंड, (5) डेनमार्क।

**(vii) सरदार वल्लभ भाई पटेल का पूरा नाम क्या था?**

**उत्तर–** सरदार वल्लभभाई का इस नाम वल्लभ भाई झवेरभाई पटेल था।

**(viii) डेमोक्रेसी का क्या अर्थ है?**

**उत्तर–** डेमोक्रेसी का अर्थ लोकतांत्रिक है।

**(ix) लोकतान्त्रिक सरकार क्या होती है?**

**उत्तर– लोकतांत्रिक, सरकार–** लोकतंत्र एक प्रकार की शासन व्यवस्था है, जिसमे सभी व्यक्ति को समान अधिकार होता है। एक अच्छा लोकतंत्र वह है, जिसमे राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी हैं।

**(x) लोकतन्त्र की तीन परिभाषा दीजिये।**

**उत्तर– लोकतंत्र की परिभाषा–**

**(1) ब्राइस के अनुसार–** "लोकतंत्र का मतलब एक ऐसी सरकार से है, जिसमें शासन का मतलब एक साधारण जनता का शासन होता हो"।

**(2) सीले के अनुसार–** "एक ऐसी शासन व्यवस्था है, जिसमें, प्रत्येक व्यक्ति भाग ले सके और अपने मत या विचारों को स्वतंत्र रूप से प्रकट कर सके।"

**(3) हॉल के अनुसार–** "लोकतंत्र का मतलब एक ऐसी शासन व्यवस्था से होना चाहिए, जिससे लोगों पर आवश्यकतानुसार उन पर रोक लगाई जा सके।"

**(xi) लोकतन्त्र क्यों आवश्यक है।**

**उत्तर–** लोकतंत्र इसलिए आवश्यक है, क्योंकि यहाँ पर कोई तानाशाह शासन न कर सके, हम पर कोई अपना रूख बना कर चला ना सके। हर व्यक्ति का अपना-अपना एकाधिकार, सामाजिक ऐर लोकतांत्रिक हो।

**(xii) क्या समानता लोकतन्त्र का आधार है।**

**उत्तर–** हाँ, समानता लोकतन्त्र का आधार है।

---

# 2 संविधान निर्माण

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

**(i) संविधान सभा के अध्यक्ष थे–**

(अ) डॉ राजेन्द्र प्रसाद (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस (द) गुलजारी लाल नंदा

**(ii) देश के प्रथम गृहमंत्री थे–**

(अ) बाबू जगजीवन राम (ब) वल्लभ भाई पटेल
(स) चरण सिंह (द) जयप्रकाश नारायण

**(iii) संविधान लिखने वाली सभा में कितने सदस्य थे–**

(अ) 300 (ब) 450 (स) 350 (द) 556

**(iv) भारतीय संविधान लागू हुआ–**

(अ) 15 अगस्त 1947 (ब) 26 जनवरी 1950
(स) 26 नवम्बर 1949 (द) 26 सितम्बर 1947

**(v) संविधान सभा की प्रथम बैठक हुई–**

(अ) 1948 (ब) 1945 (स) 1940 (द) 1946

**(vi) संविधान निर्माण में समय लगा–**

(अ) 2 वर्ष 11 माह 18 दिन (ब) 3 वर्ष 11 माह 18 दिन
(स) 1 वर्ष 11 माह 18 दिन (द) 4 वर्ष 11 माह 18 दिन

www.jcclasses.com

**(vii) 26 जनवरी 1950 को किस देश का संविधान लागू हुआ?**

(अ) भारत (ब) बंगाल देश

(स) चीन (द) नेपाल

**उत्तर-** (i) अ (ii) ब (iii) स (iv) ब (v) द (vi) अ (vii) अ

**प्रश्न 2. खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) संविधान सभा की प्रथम बैठक ............... में हुई।

(ii) भारतीय संविधान ............... को लागू हुआ।

(iii) मूल कर्तव्य ............... संशोधन द्वारा जोड़ा गया।

(iv) नीति निर्देशक तत्व .......... के संविधान से लिया गया है।

(v) संसदीय शासन व्यवस्था ............... के संविधान से लिया गया।

(vi) भारत के प्रथम राष्ट्रपति ............... थे।

(vii) प्रत्यक्ष लोकतंत्र ............... देश में है।

**उत्तर-** (i) 09 दिसम्बर 1946 (ii) 26 जनवरी 1950 (iii) 42 वाँ (iv) आयरलैण्ड (v) इंग्लैण्ड (vi) डॉ राजेन्द्र प्रसाद (vii) स्विट्जरलैण्ड।

**प्रश्न (3). सही जोड़ी मिलाइये- (प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

| कालम-(अ) | कालम-(ब) |
|---|---|
| (i) दुर्गावती देशमुख | (A) जनसंघ के संस्थापक |
| (ii) श्यामाप्रसाद मुखर्जी | (B) लोकसभा अध्यक्ष |
| (iii) मीरा कुमार | (C) राष्ट्रपति |
| (iv) प्रतिभा पाटिल | (D) प्रधानमंत्री |
| (v) इन्दिरा गाँधी | (E) समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष |
| (vi) टी.टी. कृष्णा चारी | (F) प्रथम वित्त मंत्री |
| (vii) आजाद हिन्द फौज | (G) नेता जी सुभाष चन्द्र बोस थे। |

**उत्तर-** (i) E (ii) A (iii) B (iv) C (v) D (vi) F (vii) G

**प्रश्न 4. एक वाक्य में उत्तर दीजिए-**

**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

**(i) धर्म निरपेक्षता का अर्थ है।**

**उत्तर-** बिना किसी भेद-भाव के सभी धर्मों को अपना धर्म मानने व प्रचार करने की स्वतंत्रता।

**(ii) संविधान सभा।**

**उत्तर-** भारतीय संविधान सभा का निर्माण भारत के संविधान की रचना (गठन) के लिये किया गया था।

**(iii) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतान्त्रिक गणराज्य।**

**उत्तर-** भारत आंतरिक और बाहरी रूप से निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।

**(iv) संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार।**

**उत्तर-** मौलिक अधिकारों को न्यायिक वैद्यता प्राप्त होती हैं।

**(v) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार।**

**उत्तर-** बिना किसी भेदभाव के सभी वयस्कों को मताधिकार प्रदान करना।

**(vi) गणराज्य।**

**उत्तर-** गणराज्य सरकार का एक रूप होता है जिसमें सत्ता लोगों और उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के पास होती है।

**(vii) समानता**

**उत्तर-** जिसमे सभी लोग समान अधिकार या प्रतिष्ठा रखते है।

**(viii) बन्धुता।**

**उत्तर-** प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह धार्मिक, भाषाई, क्षेत्रीय विविधताओं से ऊपर उठकर भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करें।

**(ix) लॉंग वॉक टू फ्रीडम किसकी आत्मकथा है।**

**उत्तर-** नेलसन मण्डेला की।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य का चयन कीजिए?**

**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) नेल्सन मण्डेला भारत के जन नेता थे।

(ii) कॉंग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष सरोजनी नायडू थी।

(iii) चम्पारन सत्याग्रह में डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने भाग लिया था।

(iv) टी.टी. कृष्णा स्वामी आजादी के बाद पहले वित्त मंत्री थे।

(v) भारतीय संविधान की प्रस्तावना संविधान की आत्मा है।

**उत्तर-** (i) असत्य (ii) असत्य (iii) सत्य (iv) सत्य (v) सत्य।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (अंक 2)

**(प्रत्येक के लिये 02 अंक/शब्द सीमा 30 शब्द)**

**(i) संविधान सभा के चार सदस्यों के नाम लिखिए।**

**उत्तर- संविधान सभा के चार सदस्य-**

(1) बी. आर. अम्बेडकर, (2) बी. एन. राव, (3) जवाहरलाल नेहरू, (4) वल्लभ भाई पटेल।

**(ii) संविधान क्या है?**

**उत्तर- संविधान-** सविधान लिखित व अलिखित नियमों का एक ऐसा दस्तावेज होता है, जिसके अनुसार देश का शासन चलाया जाता है। अर्थात् "संविधान देश का सर्वोच्च कानून होता है, जिसका निर्माण देश के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा सहमति के आधार पर किया जाता है"।

**(iii) संविधान की चार विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर- संविधान की चार विशेषताएँ-**

(1) धर्मनिरपेक्ष राज्य, (2) संघवाद, (3) संसदीय सरकार आदि।

**(iv) न्याय से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** "न्याय उन नैतिक नियमों का नाम है, जो मानव कल्याण की धारणाओं से सम्बन्धित है तथा इसलिए जीवन के पथ प्रदर्शन के लिए किसी भी नियम से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

**(v) नीति निर्देशक तत्व क्या हैं?**

**उत्तर-** नीति निर्देशक तत्व राज्य को यह निर्देश देते हैं कि वे लोक कल्याण की अभिवृद्धि करके ऐसी सामाजिक व्यवस्था की स्थापना करें, जिनमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुनिश्चित हो।

**(vi) पंथ निरपेक्ष संविधान क्या है?**

**उत्तर-** पंथ निरपेक्ष संविधान का अर्थ है कि राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है तथा राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अन्तरात्मा की आवाज पर किसी भी धर्म का पालन करने का अधिकार होगा।

www.jcdelasses.com

राज्य, धर्म के आधार पर नागरिकों के साथ कोई भेदभाव नहीं करेगा तथा धार्मिक मामलों में विवेकपूर्ण निर्णय लेगा।

**(vii) मौलिक कर्तव्य क्या है?**

**उत्तर–** मौलिक कर्तव्य साधारण शब्दों में किसी कार्य को करने के दायित्व को कर्तव्य कहते है। मौलिक कर्तव्य ऐसे बुनियादी कर्तव्यों को कहते हैं जो व्यक्ति को अपनी उन्नति व विकास के लिए तथा समाज व देश को प्रगति के लिए अवश्य ही करने चाहिए।

**(viii) मौलिक अधिकार क्या है?**

**उत्तर– मौलिक अधिकार–** मौलिक अधिकार भारत के भाग 3 (अनुच्छेद 12 से 35) में वर्णित भारतीय नागरिकों को प्रदान किए गए वे अधिकार है, जो सामान्य स्थिति में सरकार द्वारा सीमित नहीं किए जा सकते है और जिनकी सुरक्षा का प्रहरी सर्वोच्च न्यायालय है।

**(ix) संसदीय शासन प्रणाली क्या है?**

**उत्तर– संसदीय शासन प्रणाली–** लोकतांत्रिक शासन की वह वह प्रणाली है, जिसमें कार्यपालिका अपनी लोकतांत्रिक वैधता विधायिकता (संसद) से प्राप्त करती है तथा संसद के प्रति उत्तरदायी होती है।

**(x) रंगभेद क्या है?**

**उत्तर– रंगभेद–** एक समय था जब दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव चरम पर था। हर सुविधाएँ रंग के आधार पर दी जाती थी। भेदभाव व अमानदीय बर्ताव के दौरान दक्षिण अफ्रीका के नेता डॉ नेल्सन मण्डला ने रंगभेद के खिलाफ आंदोलन को दिशा दिन परिणामस्वरूप उनके ऊपर 1964 में देश द्रोह का मुकदमा चलाकर दक्षिण अफ्रीका की सबसे भयावह जेल रौब्बेन द्वीप में कैद किया गया। अन्ततः दक्षिण अफ्रीका के लोगों की मान स्वीकर कर 1996 में नया संविधान बना और डॉ नेलसन मण्डेला दक्षिण अफ्रीका के प्रथम राष्ट्रपति बने।

**(xi) रोबेन द्वीप की जेल कहाँ है?**

**उत्तर–** रोबेन द्वीप की जेल दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक विश्व धरोहर स्थल के रूप में है। यह अब रोबेन द्वीप की जेल दक्षिण अफ्रीका में है।

**(xii) वयस्क मताधिकार क्या है?**

**उत्तर–** सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार - सभी वयस्क (18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु, नागरिको को बिना किसी भेदभाव के मत देने का अधिकार है।

**(xiii) संविधान निर्माण क्यों आवश्यक है?**

**उत्तर– संविधान निर्माण की आवश्यकता–**

किसी भी देश कि शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान आवश्यक है। संविधान सरकार की मूल संरचना और इसके कार्यों को प्रदर्शित कर देश का शासन संचालित करता है।

**(xiv) संविधान सभा के पाँच सदस्यों के नाम लिखिए।**

**उत्तर–** संविधान सभा के पाँच सदस्य : (1) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद, (2) भीमराव अम्बेडकर, (3) सरदार वल्लभ भाई पटेल (4) श्यामा प्रसाद मुखर्जी, (5) जवाहरलाल नेहरू।

**(xv) भारतीय संविधान की प्रस्तावना लिखिए।**

**उत्तर– भारतीय संविधान की प्रस्तावना–** संविधान भारत के लोगो से शक्ति अधिग्रहित करता है। भारत को प्रकृति यह घोषणा करता है कि भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणतांत्रिक राजव्यवस्था वाला देश है। संविधान के उद्देश्य इसके अनुसार न्याय, स्वतन्त्रता, समता व बन्धुत्व संविधान के उद्देश्य हैं।

**(xvi) संविधान संशोधन क्या है?**

**उत्तर– संविधान संशोधन–** भारतीय संविधान का संशोधन भारत के संविधान में परिवर्तन करने की प्रक्रिया है। इस तरह के परिवर्तन भारत की संसद के द्वारा किये जाते हैं।

**(xvii) विश्व बन्धुत्व क्या है?**

**उत्तर– विश्व बन्धुत्व–** एक ही परिवार के सभी लोग जिस प्रकार बन्धुत्व भाव से रहते है, उसी प्रकार विश्व भर के लोगों से बंधु भावना से रहना ही 'विश्व बन्धुत्व' है। जिस प्रकार हम प्रांतीय एवं जातीय भावना मे रहते है, उसी प्रकार विश्व बन्धुत्व की भावना से भी रहना है सारे विश्व की मंगल भावना ही 'विश्व-बंधुत्व' भावना है।

# 3 चुनावी राजनीति

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

**(i) भारत में मतदान करने की आयु क्या है?**

(अ) 20 वर्ष (ब) 25 वर्ष (स) 24 वर्ष (द) 18 वर्ष

**(ii) गरीबी हटाओ का नारा दिया था–**

(अ) इंदिरा गाँधी (ब) राजीव गाँधी
(स) महात्मा गाँधी (द) जवाहर लाल नेहरू

**(iii) 1977 के लोक सभा चुनाव में किस नेता ने लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया था?**

(अ) जयप्रकाश नारायण (ब) इंदिरा गाँधी
(स) नेहरू (द) अटल बिहारी

**(iv) राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है?**

(अ) 25 जनवरी (ब) 10 दिसंबर
(स) 12 जनवरी (द) 21 जनवरी

**(v) भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे?**

www.jcdclasses.com

(अ) सुकुमार सेन (ब) बछेंद्री पाल
(स) एस. के. दर. (द) एस.टी.दास

**(vi) भारत में पहले आम चुनाव कब हुए ?**

(अ) 1951-52 (ब) 1957-62
(स) 1967-73 (द) 1978-82

**(vii) लोकसभा में अधिकतम सदस्यों की संख्या होती है–**

(अ) 552 (ब) 503
(स) 548 (द) 550

**(viii) देश में चुनाव करवाने संबंधी निर्णय कौन लेता है।**

(अ) चुनाव आयोग (ब) राष्ट्रपति
(स) राज्यपाल (द) प्रधानमंत्री

**(ix) मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है?**

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
(स) मुख्यमंत्री (द) राज्यपाल

**(x) चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु होती है।**

(अ) 18 वर्ष (ब) 21 वर्ष
(स) 23 वर्ष (द) 25 वर्ष

**(xi) सरकारी अधिकारी चुनाव में किसके आदेश का पालन करते हैं।**

(अ) न्यायालय (ब) सरकार
(स) संसद (द) चुनाव आयोग

**(xii) वोट देने का अधिकार नही है–**

(अ) पागल या मानसिक विकलांग को
(ब) न्यायालय द्वारा दिवालिया घोषित व्यक्ति को
(स) नाबालिकों को
(द) उपरोक्त सभी

**उत्तर–** (i) द (ii) अ (iii) अ (iv) अ (v) अ (vi) अ (vii) अ (viii) अ (ix) अ (x) द (xi) द (xii) द।

**प्रश्न 2. खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए– (प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) 2019 की लोकसभा के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के ............ सीटें आरक्षित हैं।।
(ii) अनु. जनजाति वर्ग की लोकसभा में ............ सीटे आरक्षित है।
(iii) मध्यप्रदेश में लोकसभा की सीटों की संख्या .......... है।
(iv) ............ राज्य में लोकसभा की सीटों की संख्या सर्वाधिक है।
(v) निर्वाचन आयोग का कार्यकाल ............ वर्षों का होता है।
(vi) 'जमीन जोतने वाले' नारा ............ दलों का है।
(vii) प.बंगाल में लोकसभा सदस्यों की ............ संख्या है।
(viii) मतदाताओं को प्रतिनिधि चुनने का अधिकार ............ कहलाता है।
(ix) प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह ............ प्रदान करता है।
(x) मतदान करने वाले को ............ कहते है।
(xi) चुनाव प्राचार लिए ............ सहिता का पालन करना जरूरी है।
(xii) भारत दुनिया का सबसे ............ लोकतंत्र है।

**उत्तर–** (i) 84 (ii) 47 (iii) 29 (iv) उत्तरप्रदेश (v) 6 वर्ष (vi) वामपंथी दलो (vii) 42 (viii) मताधिकार (ix) निर्वाचन आयोग (x) मतदाता (xi) चुनाव आचरण संहिता (xii) बड़ा।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइये– (प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

| कालम (अ) | कालम (ब) |
|---|---|
| (i) भारत में प्रथम आम चुनाव | (A) 1977 |
| (ii) गरीबी हटाओ | (B) 1951-52 |
| (iii) चुनाव आयोग का कार्यकाल | (C) 5 वर्ष |
| (iv) लोकसभा सदस्यों का कार्यकाल | (D) 6 वर्ष |
| (v) प्रथम चुनाव आयुक्त | (E) 47 |
| (vi) अनु जनजाति की सीट | (F) सुकुमार सेन |
| (vii) उत्तरप्रदेश लोकसभा की सीट | (G) 29 |
| (viii) मध्यप्रदेश में लोकसभा सीट | (H) 80 |
| (ix) म.प्र. विधान सभा के सदस्य संख्या | (I) लद्दाख |
| (x) सबसे बड़ा लोकतंत्र निर्वाचन | (J) 230 |

उत्तर- (i) B (ii) A (iii) D (iv) C (v) F (vi) E (vii) H (viii) G (ix) J (x) I.

**प्रश्न 1. एक वाक्य में उत्तर दीजिए–(प्रत्येक के लिये01 अंक)**

(i) लोकसभा के सदस्यों को क्या कहते हैं?
(ii) विधानसभा के सदस्यों को कहते क्या कहते हैं?
(iii) चुनाव में बहुमत प्राप्त न करने वाले राजनीतिक दल को क्या कहते हैं?
(iv) मतदाता को प्रतिनिधि चुनने को अधिकारी?
(v) 25 जनवरी को कौन-सा दिवस मनाया जाता है?
(vi) मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी पत्र।
(vii) भारत में कौन-सी दलीय प्रणाली चलती है?
(viii) लोकसभा के सदस्यों का चुनाव किस प्रणाली से होता है?
(ix) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम क्या है जो वर्तमान में पद पर है?
(x) मतदाता सूची को आम बोलचाल की भाषा में क्या कहते है?
(xi) चुनाव चिन्ह क्या है?
(xii) आम चुनाव किसे कहते है?
(xiii) उप चुनाव किसे कहते है?
(xiv) निर्वाचन क्षेत्र किसे कहते है?
(xv) संसद सदस्य कौन होते है?
(xvi) सबसे अधिक लोकसभा सीट किस राज्य में है?
(xvii) राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है?
(xviii) चुनाव अभियान के विभिन्न माध्यम कौन-कौन से है?
(xix) किन व्यक्तियों को चुनाव से वंचित रखा जाता है?

**उत्तर–** (i) सांसद, (ii) विधायक, (iii) विपक्षीय दल, (iv) मताधिकार (v) मतदाता दिवस, (vi) परिचय पत्र, (vii) एकदल प्रधान बहुदलीय (viii) प्रतिनिधित्व प्रणाली, (ix) सुशील चंद्रा,

www.jcdclasses.com

(x) वोटर लिस्ट, (xi) दलों को आवंटित प्रतीक चिन्ह, (xii) राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए बनायी गयी नियमावली है। (xiii) जब कोई सरकार भंग हो जाती है, उस समय जो चुनाव होते हैं, उसे 'उप चुनाव' कहते हैं। (xiv) चुनाव क्षेत्र को। (xv) संसद के किसी भी सदन के लिए राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचित लोगों को संसद सदस्य कहा जाता है। (xvi) उत्तरप्रदेश (xvii) 25 जनवरी। (xviii) सबसे अच्छा माध्यम सोशल मीडिया है। (xix) जो व्यक्ति वयस्क (18) से कम उम्र का होता है, उसे और जो अयोग्य होता है उसे चुनाव से वंचित रखा जाता है।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य का चयन कीजिए?**

**(प्रत्येक के लिये 01 अंक)**

(i) चुनाव में हारने वाली पार्टी सरकार बनाती है।

(ii) चुनाव की तिथियों का निर्धारण निर्वाचन आयोग करता है।

(iii) चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रधानमंत्री करता है।

(iv) मतदान करने की आयु 18 वर्ष है।

(v) चुनाव जीतने वाली पार्टी सरकार बनाती है।

(vi) चुनाव से सरकारी नीतियों में परिवर्तन हो सकता है।

(vii) गरीबी हटाओ का नारा 1977 के लोकसभा चुनाव में दिया गया था।

(viii) विश्व में सबसे अधिक मतदाता भारत में है।

(ix) लोकसभा एवं विधानसभा के सदस्यों का कार्यकाल 5वर्ष का होता है।

(x) निर्वाचन आयोग का कार्य काल वर्ष का होता है।

**उत्तर–** (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य (iv) सत्य (v) सत्य (vi) सत्य (vii) सत्य (viii) सत्य (ix) सत्य (x) सत्य।

# 4 संस्थाओं का काम काज

**प्रश्न 1. अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये?**

**(प्रत्येक के लिये 02 अंक/शब्द सीमा 30)**

**(i) गठबंधन सरकार किसे कहते है।**

**उत्तर–** जब विधायिका या संसद में किसी एक पार्टी को बहुमत हासिल नहीं होता है तब दो या उससे अधिक दलों से मिलकर बनी सरकार गठबन्धन सरकार होती है।

**(ii) हमारे देश में संविधान की व्याख्या का अधिकार किसे प्राप्त है?**

**उत्तर–** हमारे देश में संविधान की व्याख्या का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को प्राप्त है।

**(iii) न्यायपालिका किसे कहते है?**

**उत्तर– न्यायपालिका–** सम्पन्न राज्य की तरफ से कानून का सही अर्थ निकालना एवं कानून के अनुसार न चलने वाले को दण्डित करना, न्यायपालिका है।

**(iv) विधायिका क्या है?**

**उत्तर–** किसी राजनैतिक व्यवस्था के उस संगठन या इकाई को कहा जाता है, जिसे कानून व जननीतियाँ बनाने, बदलने व हटाने का अधिकार हो।

**(v) कार्यालय ज्ञापन किसे कहते है?**

**उत्तर–** सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पत्र जिसमें सरकार के फैसले या नीतियों के बारे में जानकारी दी जाती है, 'कार्यालय ज्ञापन' कहलाता है।

**(vi) जनहित याचिका किसे कहते है?**

**उत्तर–** जनहित याचिका भारतीय कानून में, सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए मुकदमे का प्रावधान है।

**(vii) राज्य एवं केन्द्र के विवादों को कौन निपटाता है?**

**उत्तर–** राज्य एवं केन्द्र के विवादों को सर्वोच्च न्यायालय निपटाता है।

**(viii) कैबिनेट मंत्री कौन होते हैं?**

**उत्तर–** किसी सरकार के उच्चस्तरीय नेताओं के समूह को केबिनेट कहते हैं। प्राय: उन्हें 'मंत्री' कहा जाता है।

**(ix) राजनैतिक कार्यपालिका किसे कहते हैं?**

**उत्तर–** कानून का निर्माण करने वाली संस्था को राजनैतिक कार्यपालिका कहते है।

**(x) संसद में कितने सदन होते है?**

**उत्तर–** संसद में दो सदन होते हैं— लोकसभा और राज्यसभा।

**(xi) राज्य क्या है?**

**उत्तर–** निश्चित क्षेत्रों में फैली राजनीतिक ईकाई जिसके पास संगठित सरकार व समप्रभुता की शक्ति निहित हो उसे 'राज्य' कहते हैं।

**(xii) संसद क्या है?**

**उत्तर–** भारतीय संसद के दो सदन होते हैं राज्यसभा व लोकसभा। संसद के सदस्य नई दिल्ली के पालियामेन्ट में बैठकर नीतियों का निर्धारण व क्रियान्वयन करते हैं।

**प्रश्न 2. लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये?**

**(प्रत्येक के लिये 03 अंक/शब्द सीमा 75 शब्द)**

**(i) राष्ट्रपति पद की क्या योग्यता होती है?**

**उत्तर–** राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च नागरिक चुने जाने के लिये आवश्यक योग्यतायें इस प्रकार हैं—

(i) वह भारत का नागरिक हो।

(ii) वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।

(iii) वह संसद या किसी राज्य विधानमंडल का सदस्य न हो।

(iv) उसमें लोकसभा सदस्य बनने की योग्यता हो।

(v) केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन किसी भी लाभकारी पद कार्य न करता हो।

www.jcdelasses.com

(vi) सन् 1997 के अध्यादेश में और कुछ योग्यतायें जोड़ी गई—

(i) उम्मीदवार का नाम निर्वाचक मंडल के कम से कम 50 सदस्यों द्वारा प्रस्तावित किया जाये और अन्य 50 सदस्यों द्वारा उसका अनुमोदन भी किया जाना आवश्यक है।

(ii) उम्मीदवार को जमानत राशि 15000 रुपये जमा करवानी होगी।

**(ii) प्रधानमंत्री पद की क्या योग्यता होती है?**

**उत्तर–** भारतीय संविधान, प्रधानमंत्री पद हेतु किसी प्रकार की विशेष अर्हताएँ निर्दिष्ट नही करता है। परंतु एक आवश्यकता जरूर निर्धारित की गई है प्रधानमन्त्री के पास लोकसभा अथवा राज्यसभा की सदस्यता होनी चाहिए, और उनके पास लोकसभा में बहुमत का समर्थन होना चाहिये। यदि नियुक्ति के समय पात्र, भारतीय संसद के दो सदनों में से किसी भी सदन का सदस्य नहीं होता तो नियुक्ति के 6 महीनों के माध्य ही उन्हें संसद की सदस्यता प्राप्त करना अनिवार्य है अन्यथा उनका प्रधानमंत्रित्व खारिज हो जायेगा। अतः प्रधानमंत्रित्व के दावेदार के पास एक सांसद होने की सारी अहंताएँ होना चाहिये। भारतीय संविधान के पंचम भाग का 84 वां अनुच्छेद, एवं सांसद की अर्हताओं को निर्दिष्ट करता है। उसके अनुसार कोई व्यक्ति संद के किसी स्थान को भारत के लिए चुने जाने के लिए अहित तभी होगा जब—

(i) वह भारत का नागरिक है और निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति के समक्ष तीसरी अनुसूची में इस प्रयोजन के लिए दिए गए पारस के अनुसार शपथ लेता है या प्रतिज्ञान करता है और उस पर अपने हस्ताक्षर करता है।

(ii) वह राज्य सभा में स्थान के लिए कम से कम तीस वर्ष की आयु का और लोकसभा में स्थान के लिए कम से कम पच्चीस वर्ष की आयु का है।

(iii) उसके पास ऐसी अन्य अर्हताएँ है, जो समद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त विहित की जाएँ।

**(iii) लोकसभा में स्पीकर के क्या कार्य होते है?**

**उत्तर–** लोकसभा-अध्यक्ष लोकसभा के सत्रों की अध्यक्षता करता है और सदन के कामकाज का संचालन करता है। वह निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं। वह सदन का अनुशासन और मर्यादा बनाए रखता है और इसमें बाधा पहुंचाने वाले सांसदों को दंडित भी कर सकता है।

**(iv) आरक्षण क्या है?**

**उत्तर–** आरक्षण का अर्थ है "अपनी जगह सुरक्षित करना" प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा हर स्थान पर अपनी जगह सुरक्षित करने या करने रखने की होती है।

**(v) सरकार के प्रमुख अंग कौन से होते है?**

**उत्तर–** सरकार के तीन प्रमुख अंग हैं—

(1) कार्यपालिका, (2) न्यायपालिका, (3) व्यवस्थापिका।

**(vi) संघ सरकार के प्रमुख कार्य कौन से हैं?**

**उत्तर–** संघ सरकार के प्रमुख उनके (संघ के) कार्यों में संविधान का अभिव्यक्ति कार्य, करण प्रस्तावित विधेयक पर अपनी सहमति देना और अध्यादेश जारी करना है।

**(vii) प्रधानमंत्री के कौन-कौन से कार्य होते हैं?**

**उत्तर–** प्रधानमंत्री, मंत्री परिषद का नेता होता है। राष्ट्रपति केवल नाममात्र का शासक होता है। राष्ट्रपति से ज्यादा अधिकार प्रधानमंत्री के पास होते है, जबकि प्रमुख कार्यकारी शक्तियाँ प्रधानमंत्री में निहित होती है। मंत्री नियुक्त करने हेतु अपने दल के सदस्यों के नाम राष्ट्रपति को सुझाता है।

**(viii) भारत में राष्ट्रपति की कौन-कौन सी शक्तियाँ होती हैं?**

**उत्तर–** राष्ट्रपति की न्याय संबंधी शक्तियां निम्न है—

(i) सर्वोच्च और अब न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।

(ii) देश के किसी भी न्यायालय में राष्ट्रपति के विरुद्ध मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

(iii) राष्ट्रपति अपराधियों को सजा कम व माफ कर सकता हैं।

**(ix) सर्वोच्च न्यायालय के कार्य क्षेत्र को बताइये।**

**उत्तर–** सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध अपील सुन सकता है। अतः सर्वोच्च न्यायालय में की गई अपील अंतिम अपील होती है। यह अपील दीवानी फौजदारी तथा संवैधानिक मामलों से बन सकती है।

**(x) राज्य किसे कहते हैं?**

**उत्तर–** निश्चित क्षेत्रों में फैली राजनीतिक इकाई जिसके पास संगठित सरकार व समप्रभुता की शक्ति निहित है वह 'राज्य' कहलाता हैं।

**(xi) भारतीय न्यायपालिका किस तरह स्वतंत्र है?**

**उत्तर–** न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ है कि न्यायाधीश स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा निडर होनी चाहिए। न्यायधीश निष्पक्षता से न्याय तभी कर सकते हैं जब उन पर किसी प्रकार का दबाद न हो। न्यायपालिका, विधानमण्डल तथा कार्यपालिका के अधीन नहीं होनी चाहिए।

**(xii) न्यायधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को समझाइए।**

**उत्तर–** न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा संबंधित राज्य के राज्यपाल के और मुख्य न्यायाधीश के अलावा अन्य न्यायाधीश के नियुक्ति के मामले उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के वाद की जाती है।

**(xiii) महाभियोग क्या है? समझाइये।**

**उत्तर–** महाभियोग एक न्यायिक प्रक्रिया है, जो संसद में कुछ विशेष पद पर आसीन व्यक्तियों के खिलाफ संविधान के उल्लंघन का आरोप लगने पर चलाई जाती है। इन पदों में राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीश, भारत के निर्वाचन आयोग शामिल हैं।

www.jcdclasses.com

**(xiv) न्यायपालिका के अधिकारों को समझाइए।**

**उत्तर–** भारत की न्याय पालिका को देश के संविधान की व्याख्या का अधिकार है। विधायिका कोई कानून या कार्यपालिका की कोई कार्यवाही यदि संविधान के विरूद्ध है तो केन्द्र और राज्य स्तर पर ऐसे कानून या कार्यवाही को अमान्य घोषित कर सकते है। वे सरकारी अधिकारी को भ्रष्ट आचरण से रोकती है। इसी वजह से लोगों के बीच न्यायपालिका को काफी विश्वास हासिल है।

**(xv) केन्द्र और राज्य के पाँच वर्तमान कैबिनेट मंत्रियों के नाम लिखिये।**

**उत्तर– वर्तमान केबिनेट मंत्रियों के नाम–**

(1) श्री राजनाथ सिंह

(2) श्री अमित शाह

(3) श्री नितिन जयराम गडकरी

(4) श्रीमती निर्मला सीतारमण

(5) श्री नरेन्द्र सिंह तोमर

**(xvi) संसद के दोनों सदनों की शक्तियों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर–** वित्तीय शक्ति संसद को वित्त पर पूर्ण अधिकार है। प्राक्कलन समिति तथा लोक लेखा समिति का गठन संसद द्वारा किया जाता है।

कार्यपालिका संबन्धी शक्ति संसद सदस्यों में से ही सत्तापक्ष के सदस्यों का गठन किया जाता है।

**राज्यों से संबधित शक्ति–** संसद राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन कर सकती है।

**(xvii) लोकसभा की शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर– लोकसभा की शक्तियाँ–**

(1) संविधान में संशोधन

(2) विधि निर्माण

(3) न्यायिक शक्ति

(4) कार्यपालिका

(5) वित्तीय शक्ति

**(xviii) सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर– सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ निम्नानुसार हैं–**

**(1) प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार–** ऐसे विवाद जो देश के अन्य न्यायालयों में नहीं जाते केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही प्रस्तुत होते हैं।

**(क) राज्यों के मध्य विवाद–**

(i) संघीय सरकार एवं एक या एक से अधिक राज्यों के बीच विवाद।

(ii) ऐसा विवाद जिसमें एक और संघीय शासन व एक या अधिक राज्य हो तथा दूसरी ओर एक या अधिक राज्य हो।

(iii) दो या दो से अधिक राज्यों के बीच विवाद।

**(ख) मौलिक अधिकारों से संबंधित विवाद–** नागरिको के मौलिक अधिकारो की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय को समुचित कार्यवाही करने की शक्ति प्राप्त है।

**(2) अपीलीय क्षेत्राधिकार–** सर्वोच्च न्यायालय देश का सबसे बड़ा अंतिम अपीलीय न्यायालय है। उस क्षेत्राधिकार के त. सर्वोच्च न्यायालय को निम्न अपील सुनने का अधिकार है। (क) संवैधानिक अपीले (ख) दीवानी अपीलें (ग) फौजदा. अपीले (घ) विशेष अपीले।

**(xix) प्रधानमंत्री के कार्य और शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर– प्रधानमंत्री की शक्तियाँ एवं कार्य–** प्रधानमंत्री द्वारा मंत्रियों की नियुक्ति एवं पद्धति के अनुसार राष्ट्रपति का ही की जाती है।

लोकसभा में बहुमत दल के नेता होने के कारण वह सभा में शासन की प्रमुख नीतियाँ एवं कार्यों की घोषणा करता है तथा लोकसभा के सदस्यों द्वारा गंभीर विषयों से संबंधित पूछे गए प्रश्नो के उत्तर देता है।

देश की वित्त व्यवस्था एवं वार्षिक वित्तीय विवरण निर्धारित करने में भी प्रधानमंत्री की मुख्य भूमिका होती है।

प्रधानमंत्री की सलाह पर मंत्री परिषद के सदस्य नियुक्त और बर्खास्त किए जाते है। प्रधानमंत्री मंत्रियों के विभागों का आवंटन करता है तथा प्रधानमंत्री मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन भी कर सकता है।

प्रधानमंत्री किसी भी समय लोकसभा के विघटन के अनुशंसा राष्ट्रपति से कर सकता है। प्रधानमंत्री मंत्री परिषद की बैठक की अध्यक्षा करता है तथा उसके निर्णय को प्रभावित करता है। संविधान के अनुच्छेद 75 के अनुसार प्रधानमंत्री को यह है कि यह प्रशासन तथा विधान से संबंधित सूचना राष्ट्रपति को देता है।

**(xx) राष्ट्रपति की कौन सी शक्तियाँ होती है समझाइये।**

**उत्तर– राष्ट्रपति की शक्तियाँ–** राष्ट्रपति को संसद सत्र आहूत, सत्रावसान करना एवं लोकसभा को भंग करने की शक्ति भी रखता है। नए राज्यों के निर्माण राज्य की सीमा में परिवर्तन संबंधित विधेयक धन विधेयक या संचित निधि से व्यय करने वाला विधेयक एवं राज्य हित से जुड़े विधेयक बिना राष्ट्रपति के पूर्व अनुमति के संसद में प्रस्तुत नहीं होते हैं।

**(xxi) लोकसभा अध्यक्ष की शक्तियों को समझाइये।**

**उत्तर– लोकसभा अध्यक्ष की शक्तियाँ–** लोकसभा अध्यक्ष लोकसभा के सभी की अध्यक्षता करता है और सदन के कामकाज का संचालन करता है। वह निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नही। वह सदन का अनुशासन और मर्यादा बनाए रखता है और इसमें बाधा पहुँचाने वाले सांसदों को दंडित भी कर सकता है।

www.jcdclasses.com

# 5 लोकतांत्रिक अधिकार

**प्रश्न 1. दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये?**
**(प्रत्येक के लिये 04 अंक/शब्द सीमा 120 शब्द)**

**(i) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर– राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कार्य–** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्य इस प्रकार हैं—

(i) आयोग का कार्य मानवाधिकार के उल्लंघन की शिकायतों की जाँच करना है।

(ii) मानवाधिकारों के प्रति लोक चेतना बढ़ाने का भी यह कार्य करता है।

(iii) सरकारी दस्तावेजों की जाँच कर सकता है अधिकारियों से पूछताछ भी कर सकता है।

(iv) मानवाधिकार आयोग घटनास्थल, या अधिकार उल्लंघन क्षेत्र में जाकर भी स्थिति की जाँच कर सकता है।

(v) मानवाधिकार आयोग स्वयं किसी को सजा नहीं दे सकता केवल जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। यह सरकार को सुझाव भी दे सकता है।

**(ii) संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–** मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार अमेरिका के संविधान से लिए गये हैं। मौलिक अधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं, जो किसी व्यक्ति के जीवनयापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदान किये जाते हैं।

ये अधिकार व्यक्ति के मानसिक व भौतिक और नैतिक विकास के लिए आवश्यक है।

विधि के शासन की स्थापना करना, संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल करने का एक उद्देश्य है।

अनुच्छेद 13 के अनुसार मौलिक अधिकार न्यायलय द्वारा प्रवर्तनीय है तथा इनका उल्लंघन करने वाले किसी भी कानून को न्यायालय शून्य घोषित कर सकता है।

मूल संविधान में 7 मौलिक अधिकार दिये गये थे लेकिन 1978 में 44वे संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 31 में वर्णित सम्पत्ति के अधिकार को समाप्त करके उसे अनुच्छेद 300 के के तहत कानूनी अधिकार घोषित किया गया है ।

**(iii) सउदी अरब में सरकार अपने नागरिकों को कौन से अधिकार देती है।**

**उत्तर -** सऊदी अरब के नागरिकों की स्थिति वहाँ की सरकार एवं प्रशासन व्यवस्था के अनुसार इस प्रकार है—

(1) वहाँ एक ही वंश का शासन चलता है जनता की शासक को चुनने में कोई भूमिका नहीं होती।

(2) राजतंत्र या शाही व्यवस्था ही विधायिका और कार्यपालिका का चुनाव कर उसका गठन करते है।

(3) राजतंत्र के विरुद्ध किसी प्रकार का संगठन नहीं बना सकते।

(4) किसी भी प्रकार की धार्मिक स्वतंत्रता लोगों को नहीं दी जाती। दूसरे धर्म के लोग अपने घर पर ही पूजा पाठ कर सकते हैं। सार्वजनिक अनुष्ठानों पर रोक है।

(5) वैधानिक रूप से महिलाओं को कम दर्जा दिया गया है। उन पर कई तरह का सार्वजनिक प्रतिबंध लगा है।

**(iv) भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों को समझाइए।**

**उत्तर–** देखें प्रश्न क्रमांक (ii).

**(vi) मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में संपादक के नाम एक पत्र लिखिए।**

**उत्तर– राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र–**

प्रति,
अध्यक्ष
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
नई दिल्ली

महोदय,

हम आदिवासी लोग अपने विस्थापन का विरोध करने के लिये एकत्र हुए हैं। विस्थापन हमारी जीविका और विश्वासों पर हमला है। यह क्षेत्र हमारे रीतिरिवाज, पशु-पक्षी वनस्पति, पूर्वजों की स्मृति से जुड़ी है। यहाँ से हटाना हमारे अधिकारो का हनन है। अतः हमे न्याय दिलवाएँ हम सदा आपके आभारी रहेंगे।

प्रार्थी
समस्त बनवासी नागरिक

**(vii) लोकतंत्र मे अधिकार क्यों आवश्यक है।**

**उत्तर–** भारतीय संविधान के भाग 3 मे भारत के नागरिकों व व्यक्तियों को कुछ मौलिक अधिकार प्रदान करता है। इनमें से कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्राप्त मानव अधिकार से मेल खाते हैं। लोकतंत्र में अपने नागरिकों को कुछ मौलिक अधिकार किसी भी धर्म को मानने का अधिकार कोई भी कार्य करने का अधिकार दिया जाए, इसलिए लोकतंत्र में अधिकार आवश्यक है।

**(viii) विधिक अधिकार व मौलिक अधिकार में क्या अंतर है?**

**उत्तर–** विधिक कानूनी अधिकारों को राज्य द्वारा लागू किया जाता है तथा उनकी रक्षा की जाती है जबकि मौलिक अधिकारों को देश के संविधान द्वारा लागू किया जाता है तथा संविधान द्वारा ही सुरक्षित किया जाता है। विधिक अधिकार समाप्त या कम किए सकते हैं, जबकि मौलिक अधिक समाप्त या कम नही किए जा सकते। विधिक अधिकार सामान्य न्यायालयों द्वारा

www.jcdclasses.com

परिवर्तित किए जाते हैं, जबकि मौलिक अधिकार उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों द्वारा परिवर्तित किए जाते हैं।

**(ix) संवैधानिक उपचारों के अधिकार को समझाये?**

**उत्तर–** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के बहुत संवैधानिक उपचार का अधिकार एक मूल अधिकार प्रदान करता है कि व्यक्तियों को संवैधानिक रूप से संरक्षित अन्य मौलिक अधिकारों के कार्यान्वयन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का विशेषाधिकार है।

**(x) मानवाधिकार दिवस क्या है व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–** मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसंबर 1950 को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई, जब महासभा ने संकल्प 423 (V) की घोषणा की, जिसमें सभी सदस्य राज्यों और किसी भी अन्य इच्छुक संगठनों को इस दिन को मनाने के लिए आमंत्रित किया गया था।

इस दिन को आमतौर पर उच्चस्तरीय राजनीतिक सम्मेलनों और बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मानवाधिकारों के मुद्दों से संबंधित प्रदर्शनियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। इसके अलावा, यह परंपरागत रूप से 10 दिसंबर को मानवाधिकारों के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार और नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। मानवाधिकार के क्षेत्र में सक्रिय कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठन भी इस दिन को मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जैसा कि कई नागरिक और सामाजिक कारण संगठन करते हैं।

**(xi) लोकतंत्र में अधिकारों की जरूरत क्यों पड़ती है?**

**उत्तर–** मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग में अनुच्छेद 12 35 तक वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार अमेरिका के संविधान से लिए गये हैं। मौलिक अधिकार के मूलभूत अधिकार हैं, जो किसी व्यक्ति के जीवनयापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिको को प्रदान किये जाते हैं।

ये अधिकार व्यक्ति के मानसिक व भौतिक और नैतिक विकास के लिए आवश्यक है।

विधि के शासन की स्थापना करना, संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल करने का एक उद्देश्य है।

अनुच्छेद 13 के अनुसार मौलिक अधिकार न्यायलग द्वारा प्रवर्तनीय है तथा इनका उल्लंघन करने वाले किसी भी कानून को न्यायालय शून्य घोषित कर सकता है।

मूल संविधान में 7 मौलिक अधिकार दिये गये थे लेकिन 1978 में 44वे संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 31 में वर्णित सम्पत्ति के अधिकार को समाप्त करके उसे अनुच्छेद 300 के के तहत कानूनी अधिकार घोषित किया गया है ।।

**(xii) समानता का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** सामाजिक सन्दर्भों में समानता का अर्थ किसी समाज की उस स्थिति में है जिसमें उस्र समाज के सभी लोग समान (अलग- अलग नहीं) अधिकार या प्रतिष्ठा रखते हैं, वह 'समानता का अधिकार' कहलाता है।

**(xiii) अधिकार क्या है व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर– अधिकार–** अधिकार लोगों को दिया गया तार्किक दावा है। इसे समाज की स्वीकृति और न्यायालय द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है।

**(xiv) भारतीय संविधान में वर्णित शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार को समझाइये।**

**उत्तर–** सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार अनुच्छेद 29 और 30 अनुच्छेद 29 और 30 के तहत नागरिकों और अल्पसंख्यकों को सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार दिए गए हैं। अनुच्छेद 29 में यह प्रावधान किया गया है कि

भारत के नागरिकों या भारत के किसी भी हिस्से को अपनी भाषा, लिपि या संस्कृति की रक्षा करने का अधिकार है।

सरकारी नागरिक राज्य मे वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संस्थानों में किसी भी नागरिक को धर्म, जाति, जाति या भाषा के आधार पर मना नहीं कर सकते।

अनुच्छेद 30 में बनाया गया है कि धर्म या भाषा के आधार पर सभी अल्पसंख्यकों की अपनी इच्छा के अनुसार शैक्षिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकार है।

शिक्षण संस्थान की सहायता देते समय राज्य इस आधार पर शैक्षणिक आधार पर भेदभाव नहीं करेगा कि संस्था धर्म या भाषा के आधार पर अल्पमत मे है।

**(xv) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को समझाइये।**

**उत्तर– भारतीय संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी प्रावधान–**

भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष है, क्योंकि संविधान किसी धर्म विशेष को मान्यता नहीं देता है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता से भिन्न है, क्योंकि पश्चिम की पूर्णतया अलगाववादी नकारात्मक अवधारणा के बजाय भारत में समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की संवैधानिक मान्यता प्रचलित है।

भारत के मूल संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द का प्रयोग नहीं था, लेकिन 424 संविधान संशोधन 1976 के माध्यम से धर्मनिपेक्षता शब्द को शामिल किया गया।

किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समान समझा जायेगा (अनु. 14), साथ ही किसी भी व्यक्ति से धार्मिक आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। (अनु. 15)

सार्वजनिक सेवाओं में सभी नागरिकों को समान अवसर दिए जाएँगे। (अनु. 16)

www.jcdclasses.com

प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी धर्म के अनुपालन की स्वतंत्रता है और इसमें पूजा अर्चना की भी व्यवस्था शामिल है। (अनु. 25) किसी भी सरकारी शैक्षणिक संस्थान में किसी भी प्रकार के धार्मिक निर्देश नहीं दिये जा सकते है। (अनु. 28)

**(xvi) अवैध व्यापार क्या है व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर- अवैध व्यापार-** अवैध व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें व्यावसायिक यौन शोषण हेतु किसी व्यक्ति की नियुक्ति अनुबंधन क्रय किया जाता है अथवा उसे भाड़े पर रखा जाता है।

**(xvii) प्रतिज्ञा पत्र किसे कहते है समझाइए ।**

**उत्तर- प्रतिज्ञा पत्र -** भारतीय पराक्रम्य विलेख अधिनियम 1881 के अनुसार प्रतिज्ञा-पत्र एक लिखित हस्ताक्षर सहित विपत्र है। जिसको लिखने वाला बिना शर्त एक निश्चित राशि किसी व्यक्ति को अथवा उसके आदेशानुसार किसी अन्य व्यक्ति को अथवा उस विपत्र के धारक को देने की प्रतिज्ञा करता है।

**(xviii) रिट का क्या अर्थ है समझाइए ।**

**उत्तर- रिट (Writ) -** भारत के संविधान ने न्यायालय को कुछ विशेष शक्तियां या अधिकार प्रदान किये है, जिसके द्वारा न्यायालय इन शक्तियों का प्रयोग करते हुए किसी व्यक्ति, अधिकारी या प्राधिकारी को एक कार्य करने या कार्य करने से रोकने का निर्देश देती है।

इस प्रकार का आदेश चाहने वाला व्यक्ति न्यायालय में याचिका दायर कर सकता है। इस याचिका को ही 'रिट' के नाम से जाना जाता है।

**(xix) मानवाधिकार दिवस क्या है व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (x).

**(xx) लोकतंत्र में अधिकारों की जरूरत क्यों पड़ती है?**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (xi).

**(xxi) समानता का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (xii).

**(xxii) अधिकार क्या है व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (xiii).

**(xxiii) भारतीय संविधान में वर्णित शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार को समझाइये।**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (xiv).

**(xxiv) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को समझाइये।**

**उत्तर-** देखें प्रश्न क्रमांक (xv).

# 1 पालमपुर गाँव की कहानी

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

**(i) पालमपुर की मुख्य क्रिया है-**

(अ) कृषि (ब) डेयरी
(स) दुकानदारी (द) उपरोक्त सभी

**(ii) भूमि मापने की इकाई है**

(अ) बीघा (ब) मीटर
(स) किलोमीटर (द) हेक्टेयर

**(iii) पालमपुर के किसान पिछले बीस वर्षों से तीसरी फसल के रूप में कौन सी फसल पैदा करते हैं**

(अ) आलू (ब) गोभी
(स) मटर (द) लौकी

**(iv) करीम ने पालमपुर में कौन सा केंद्र खोला है?**

(अ) डेयरी (ब) कम्प्यूटर केंद्र
(स) किराना दुकान (द) इनमें से कोई नहीं

**(v) पालमपुर में विभिन्न जातियों के कितने परिवार रहते हैं?**

(अ) 100 (ब) 250
(स) 350 (द) 450

**(vi) उत्पादन का दूसरा आवश्यक कारक है-**

(अ) भूमि (ब) पूंजी
(स) श्रम (द) साहस

**(vii) मार्च 2019 से सरकार द्वारा खेतों में काम करने वाले श्रमिकों का एक दिन का न्यूनतम वेतन है-**

(अ) 150 रु. (ब) 250 रु.
(स) 300 रू. (द) 380 रु.

**(viii) एक हेक्टेयर कितने मीटर की भुजा वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर होता है-**

(अ) 100 मीटर (स) 300 मीटर
(ब) 200 मीटर (द) 400 मीटर

**(ix) भारत में हरित क्रांति का उदय हुआ -**

(अ) सन 1950 (ब) सन 1960
(स) सन 1970 (द) सन 1980

**(x) सविता ने कृषि कार्य हेतु किससे कर्ज लिया -**

(अ) गोविंद (ब) तेजपाल सिंह
(स) मिश्रीलाल (द) करीम

**उत्तर-** (i) द, (ii) द, (iii) अ, (iv) ब, (v) द, (vi) स, (vii) स, (viii) अ, (ix) ब. (x) ब।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालनपुर में.........प्राथमिक विद्यालय है।

(ii) अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या पालनपुर की जनसंख्या ............की है।

(iii) सविता एक.........है।

(iv) उत्पादन का मुख्य प्रथम आवश्यक कारक.........है।

(v) कच्चा माल तथा नगद पैसो को.........कहते है।

www.jcdeclasses.com

(vi) पालमपुर से दूध को निकट के गाँव.......में बेचा जाता है।

(vii) कृषि का भावी विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें .........की देखभाल करनी चाहिए।

(viii) किशोर सप्ताह में एक दिन..........किनारे से मिट्टी लेकर आता है।

(ix) कृषक गोविंद के.........पुत्र थे।

(x) रासायनिक उर्वरक ऐसे खनिज देते हैं जो............में घुल जाते हैं।

**उत्तर-** (i) दो, (ii) एक तिहाई, (iii) लघु कृषक, (iv) कृषि। (v) कार्यशील पूँजी, (vi) और शहरों, (vii) पर्यावरण, (viii) गंगा के, (ix) तीन, (x) पानी।

**प्रश्न 3. सत्य असत्य लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालमपुर में सिंचाई की कोई व्यवस्था नही है।

(ii) एच.वाई.वी बीजों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

(iii) एच. वाई. वी. बीज कम अनाज उत्पन्न करते है।

(iv) भूमि मानवकृत संसाधन है।

(v) पंजाब के किसानों द्वारा अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।

(vi) गोविंद के पास 2.25 हेक्टेयर असिंचित भूमि थी।

(vii) पालमपुर में एक हाई स्कूल है।

(viii) कृषि मजदूरों को सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी प्राप्त होती है।

(ix) पारंपरिक बीजी के प्रयोग से उपज अधिक होती थी।

(x) खेती के आधुनिक तरीकों के लिए अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है।

**उत्तर-** (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य (iv) असत्य (v) सत्य (vi) सत्य (vii) सत्य (viii) सत्य (ix) सत्य (x) सत्य।

**प्रश्न 4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालमपुर की एक गैर कृषि क्रिया का नाम लिखिए।

(ii) किशोर कौन है?

(iii) मिश्रीलाल दूसरे किसानों से गन्ना खरीदकर क्या करता है?

(iv) एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने वाली प्रणाली क्या कहलाती है?

(v) स्थायी पूंजी का एक उदाहरण लिखिए।

(vi) पालमपुर के निकटतम बड़े गाँव का नाम क्या है?

(vii) पालमपुर के निकटतम छोटे कस्बे का नाम क्या है?

(viii) पालमपुर में कितने प्रतिशत लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है?

(ix) देश में रासायनिक खाद का सबसे अधिक प्रयोग किस राज्य में होता है?

(x) पालमपुर में सिंचाई का मुख्य साधन क्या है?

(xi) रबी और खरीफ की फसलों के नाम लिखिए।

(xii) सिंचाई के मुख्य साधन क्या है?

(xiii) स्थायी पूजी किसे कहते है?

(xiv) कार्यशील पूंजी किसे कहते है?

(xv) उत्पादन के कारक किसे कहते है?

(xvi) बहुविध फसल प्रणाली क्या है?

(xvii) पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों को कम वेतन क्यों मिलता है?

(xviii) किशोर कितनी उत्पादक क्रियाओं में लगा हुआ है?

(xix) पालमपुर में किन किसानों को खेती से बचत होती है?

(xx) परंपरागत कृषि में किसान उर्वरक के रूप में क्या प्रयोग करते थे?

(xxi) पालमपुर में मझोले और बड़े किसानों के कितने परिवार है और वे कितनी भूमि पर खेती करते हैं?

**उत्तर-** (i) परिवहन (ii) एक खेतिहर मजदूर (iii) गुड़ बनाना (iv) बहुविध फसल प्रणाली (v) कम्प्यूटर (vi) रायगंज (vii) शाहपुर (viii) 80% (ix) पंजाब में (x) रहट, नलकूप आदि (xi) रबी की फसल- गेहूँ आदि, खरीफ की फसल- ज्वार, बाजरा आदि (xii) रहट, नलकूप आदि (xiii) औजारों, मशीनों और भवनों का उत्पादन, तक में वर्षों प्रयोग होता है, जिन्हें 'स्थायी पूँजी' कहते हैं (xiv) कच्चा माल तथा नगद पैसों को कार्यशील पूँजी कहते है (xv) भूमि श्रम और पूँजी को (xvi) एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने को बहुविध फसल प्रणाली कहते है (xvii) क्योंकि पालमपुर में खेतिहर श्रमिक बहुत ज्यादा और इसलिए काम की माँग भी ज्यादा है, इसलिए इन्हें कम वेतन मिलता है (xviii) चार (xix) मझोले और बड़े किसानों को (xx) जैविक खाद (xxi) 60 परिवार है और वे 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करते हैं।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइये- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

| (क) खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (i) कच्चा माल तथा नगद पैसा | (अ) गेहूँ |
| (ii) रबी | (ब) ज्वार, बाजरा |
| (iii) खरीफ | (स) एच.वाई.वी |
| (iv) औजार मशीन | (द) स्थायी पूँजी |
| (v) अधिक उपज वाले बीज | (ई) कार्यशील पूँजी |

| (ख) खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (i) किशोर | (अ) कम्प्यूटर केंद्र |
| (ii) करीम | (ब) दूध बेचना |
| (iii) मिश्रीलाल | (स) लघु कृषक |
| (iv) सविता | (द) असिंचित भूमि |
| (v) गोविंद | (ई) गन्ना मशीन |

| (ग) खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (i) गैर कृषि कार्य | (अ) उत्पादन में वृद्धि |
| (ii) प्राकृतिक संसाधन | (ब) डेयरी |
| (iii) हरित क्रांति | (स) रायगंज |
| (iv) बड़ा गाँव | (द) भूमि |
| (v) छोटा कस्बा | (ई) शाहपुर |

**उत्तर- खण्ड-**(क) (i) ई, (ii) अ, (iii) ब, (iv) द (v) स।
(ख) (i) ब, (ii) अ, (iii) ई, (iv) स (v) द।
(ग) (i) ब, (ii) द, (iii) अ, (iv) स (v) ई।

www.lcdclasses.com

# 2 संसाधन के रूप में लोग

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

**(i) प्राथमिक क्षेत्र की गतिविधि है-**

(अ) गन्ने से शक्कर बनाना (ब) बैंकिंग

(स) बीमा (द) मछली पालन

**(ii) कृषि अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में शामिल है-**

(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक

(स) तृतीयक (द) द्वितीय एवं तृतीयक

**(iii) भारत में बेरोजगारी का सामान्य कारण हैं -**

(अ) जनसंख्या वृद्धि (ब) दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली

(स) मशीनीकरण (द) उपरोक्त सभी

**(iv) मानव पूँजी निर्माण के संबंध में निवेश होता है-**

(अ) शिक्षा (ब) प्रशिक्षण

(स) स्वास्थ्य (द) उपरोक्त सभी

**(v) भारत में 2017 में साक्षरता का प्रतिशत रहा-**

(अ) 85% (ब) 70%

(स) 73% (द) 75%

**(vi) भारत में सर्वाधिक साक्षर राज्य है-**

(अ) केरल (ब) बिहार

(स) उत्तरप्रदेश (द) मध्यप्रदेश

**(vii) जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश-**

(अ) बढ़ता जाता है (ब) घटता जाता है

(स) बढ़ता है फिर घटता है (द) घटने के बाद बढ़ता है

**(viii) मानव संसाधन पर निवेश करने वाला देश है-**

(अ) म्यांमार (ब) श्रीलंका

(स) जापान (द) पाकिस्तान

**(ix) विलास की माँ गीता के आय का साधन था -**

(अ) मछली बेचना (स) सब्जी बेचना

(ब) कृषि कार्य (द) मजदूरी

**(x) भारत में डेंटल कॉलेज की संख्या है -**

(अ) 150 (ब) 200

(स) 300 (द) 313

**उत्तर-** (i) द, (ii) अ, (iii) द, (iv) द, (v) अ, (vi) अ, (vii) अ, (viii) स, (ix) अ, (x) द।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-(प्रत्येक के लिए1 अंक)**

(i) जो क्रियाएँ आय प्राप्त करने के लिए की जाती है उन्हें.............कहते हैं।

(ii) विलास..............का रोगी था।

(iii) मौसमी बेरोजगारी................क्षेत्रों में पाई जाती है।

(iv) ..............कौशल और उनमें निहित उत्पादन के ज्ञान का स्टॉक है।

(v) दूसरे संसाधनों की तरह जनसंख्या एक.......संसाधन हैं।

(vi) भारत में...............मेडिकल कॉलेज है।

(vii) विलास और सकल.............ग्राम में रहते थे।

(viii) विनिर्माण अर्थव्यवस्था के.........क्षेत्र का उदाहरण है।

(ix) सेतु पाठ्यक्रम का प्रारंभ...............शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए किया गया है।

(x) शिशुओं की संक्रमण से रक्षा करने पर शिशु मृत्युदर........हैं।

**उत्तर-** (i) व्यवसाय, (ii) गठिया, (iii) कृषि, (iv) मानव पूँजी, (v) मानव, (vi) 529, (vii) सोमपुर, (viii) द्वितीयक, (ix) बच्चों के अधिगम स्तर, (x)147 से घटकर 34 पर आ गई है।

**प्रश्न 3. सत्य/असत्य लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) भारत में पुरुषों और महिलाओं में साक्षरता स्तर समान है।

(ii) 6 से 14 वर्ष के स्कूली बच्चों की शिक्षा में सर्वशिक्षा अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है।

(iii) शहरी क्षेत्रों के मामले में शिक्षित बेरोजगारी एक सामान्य परिघटना बन गई है।

(iv) बेरोजगारी से जनशक्ति संसाधन की बर्बादी होती है।

(v) सांख्यिकीय रूप से भारत में बेरोजगारी की दर उच्च है।

(vi) प्रच्छन्न बेरोजगारी के कारण कृषि पर जनसंख्या की निर्भरता बढ़ी है।

(vii) उच्च शिक्षित महिलाओं को पुरुषों के बराबर वेतन मिलता है।

(viii) प्रत्येक व्यक्ति एक कीमती राष्ट्रीय संसाधन है।

(ix) शिशु मृत्यु दर से अभिप्राय एक वर्ष से कम आयु के शिशु की मृत्यु से हैं।

(x) छोटे बच्चों की गिनती श्रम-शक्ति की जनसंख्या में नहीं हो सकती।

**उत्तर-** (i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य, (vi) सत्य, (vii) असत्य, (viii) सत्य, (ix) सत्य, (x) सत्य।

**प्रश्न 4. एक शब्द एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) जापान जैसे देश कहाँ निवेश करते हैं?

www.jcdclasses.com

(ii) विलास के पिता महेश क्या काम करते थे?
(iii) विलास की माता मछली बेचकर एक दिन में कितना रुपये कमाती थी?
(iv) सकल ने किस फोर्स में डिग्री प्राप्त की थी?
(v) खनन अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र का उदाहरण है?
(vi) अर्थव्यवस्था को कितने क्षेत्रों में बाँटा गया?
(vii) 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय क्षेत्रों में साक्षरता दर कितने प्रतिशत अधिक है?
(viii) शिक्षित बेरोजगारी किस क्षेत्र में पाई जाती है?
(ix) कृषि क्षेत्र में कौन सी बेरोजगारी पाई जाती है?
(x) पहली पंचवर्षीय योजना में शिक्षा पर कितना परिव्यय था?

**उत्तर–** (i) मानव संसाधन पर। (ii) मछुआरे थे। (iii) 150/- (iv) कम्प्यूटर के व्यावसायिक कोर्स में। (v) प्राथमिक। (vi) तीन। (vii) 74.04 % (viii) पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, झारखण्ड आदि। (ix) मौसमी बेरोजगारी। (x) 2069 करोड़।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइये–** **(प्रत्येक पर 1 अंक)**

| (क) खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (i) 2016 में शिशु जन्मदर | (अ) तृतीयक क्षेत्रक |
| (ii) 2016 में शिशु मृत्यु दर | (ब) प्राथमिक क्षेत्रक |
| (iii) 2014 में जीवन प्रत्याशा | (स) 6.4 |
| (iv) मत्स्य पालन | (द) 20.8 |
| (v) परिवहन | (ई) 68. |

| (ख) खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (i) मानव पूँजी निवेश | (अ) द्वितीयक क्षेत्र |
| (ii) विनिर्माण | (ब) जनसंख्या वृद्धि |
| (iii) 2017 में साक्षरता दर | (स) 96.2 % |
| (iv) केरल में साक्षरता दर | (द) 85 % |
| (v) बेरोजगारी | (ई) स्वास्थ्य शिक्षा |

**उत्तर–** (क) (i) द, (ii) स, (iii) ई, (iv) ब, (v) अ।
(ख) (i) ई, (ii) अ, (iii) द, (iv) स, (v) ब।

**प्रश्न 6. अति लघुउत्तरीय प्रश्न–** **(प्रत्येक पर 2 अंक)**

**(1) सर्व शिक्षा अभियान से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर–** सर्व शिक्षा अभियान (BRC) 2001 भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसकी शुरुजात (2001-02) मे अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा एक निश्चित समयावधि के तरीके से प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण जैसा कि भारतीय संविधान के संशोधन दवारा निर्देशित किया गया है जिसके तहत 6-14 साल के बच्चों ( 2001 में 205 मिलियन अनुमति की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के प्रावधान को मौलिक अधिकार बनाया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2010 तक संतोषजनक गुणवत्ता वाली प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण को प्राप्त करना है। एसएसए (SSA) में 8 मुख्य कार्यक्रम है।

**(2) बेरोजगारी से क्या आशय है?**

**उत्तर–** 'बेरोजगार उस व्यक्ति को कहा जाता है, जो कि बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर काम तो करना चाहता है, लेकिन उसे काम नहीं मिल पा रहा है। बेरोजगारी की परिभाषा हर देश में अलग अलग होती है जैसे अमेरिका में यदि किसी व्यक्ति को उसकी क्वालिफिकेशन के हिसाब से नौकरी नहीं मिलती है, तो उसे बेरोजगारी माना जाता है।

**(3) प्रच्छन्न बेरोजगारी क्या है?**

**उत्तर–** प्रच्छन्न बेरोजगारी के अंतर्गत लोग नियोजित प्रतीत होते हैं, लेकिन वास्तव में वे उत्पादकता में कोई योगदान नहीं करते।

**(4) शिक्षित बेरोजगारी से आप क्या समझते है?**

**उत्तर–** कोई व्यक्ति सालों लगाकर स्नातक, स्नातकोत्तर पढ़ाई कर लेता है, लेकिन जब वह अपनी पढ़ाई समाप्त करके और डिग्री साथ लेकर बाजार में आता है तो उसे कोई काम ही नहीं मिलता है और वह बेरोजगार हो जाता है, तो इसी स्थिति को शिक्षित बेरोजगारी कहा जाता है।

**(5) शिशु मृत्यु दर से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर–** शिशु मृत्यु दर का अर्थ है कि एक निश्चित वर्ष में प्रति 1000 जीवित जन्मे शिशुओं में एक वर्ष से कम आयु के शिशुओं की मृत्यु संख्या कितनी है। 1947 में 1000 जीवित जन्मे शिशुओं में यह संख्या 160 थी, जो एक वर्ष की आयु पूरे नहीं कर पाए थे। 1935 में यह संख्या गिरकर 96.4 रह गई।

**(6) जन्म दर से क्या आशय है?**

**उत्तर–** किसी देश या क्षेत्र में प्रति हजार व्यक्तियों पर एक वर्ष में जन्मे जीवित बच्चों की संख्या को 'जन्मदर' कहा जाता है।

**(7) मृत्यु दर से क्या आप समझते हैं ?**

**उत्तर–** एक वर्ष 1000 जीवित जन्मे शिशुओं में से एक वर्ष या इससे कम उम्र में मर गये शिशुओं की संख्या को 'मृत्यु दर' कहते है।

**(8) अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र से क्या आशय है?**

**उत्तर–** प्राथमिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का वह क्षेत्र है जो प्राकृतिक संसाधना का सीधा उपयोग करता है। इसमें कृषि, वानिकी, मछली पकड़ना और खनन भी शामल है। झाके विपरीत, दद्वितीयक क्षेत्र वस्तुओं का विनिर्माण करता है और तृतीयक सेवाएं प्रदान करता है।

**(9) अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र के दो उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर–** द्वितीयक क्षेत्र में विद्युत उपकरण निर्माण खाद्य निर्माण, कपड़ा उत्पादन, हस्तशिल्प और उद्योग शामिल हैं।

**(10) अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर–** तृतीयक क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों मे माल का उत्पादन नहीं होता, लेकिन वे विनिर्माण की प्रक्रिया और

www.jcdclasses.com

उपभोक्ताओं तक पहुँचने में सहायता प्रदान करती है। उदाहरण के लिए परिवहन सेवा का उपयोग करके माल को देश हर कोनो तक पहुंचाया जाता है।

**(11) सकल के पिता ने कर्ज क्यों लिया?**

**उत्तर–** उन्होंने सकल के लिए कम्प्यूटर के व्यावसायिक कोर्स में अध्ययन के लिए पढ़ाई कर्ज लिया।

**(12) सकल के माता और पिता का नाम क्या था?,**

**उत्तर–** सकल की माता का नाम शीला और पिता का नाम बूटा चौधरी था।

**(13) विलास की माँ मछलियाँ कहाँ खरीद कर कहाँ बेचती थी?**

**उत्तर–** विलास की माँ जमीदार के तालाब से मछलियाँ खरीदती और निकट की मंडी में बेचती थी।

**(14) सकल बीमार क्यों नहीं होता था?**

**उत्तर–** सकल शारीरिक रूप से हृष्ट-पुष्ट था और और स्वस्थ था। इसलिए वह बार-बार बीमार नही होता था।

**(15) महिला और पुरुष के बीच श्रम विभाजन के दो कारण कौन कौन से है ?**

**उत्तर–** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारणों से महिला और पुरुष के बीच श्रम विभाजन में अन्तर है।

**(16) आर्थिक और गैर आर्थिक क्रियाओं में क्या अंतर है?**

**उत्तर– आर्थिक और गैर-आर्थिक क्रियाओं में अन्तर–**

| आर्थिक क्रिया | गैर-आर्थिक शिक्षा |
|---|---|
| (1) वे मानवीय क्रियाएँ जिनसे मुद्रा या धन प्राप्त होता है, उसे आर्थिक क्रिया कहते है। | (1) मानवीय क्रियाएँ जिनसे धन प्राप्त नही होता केवल उन क्रियाओं के सम्पन्न करने से आनन्द होता है, गैर-आर्थिक क्रिया कहते है। |
| (2) एक श्रमिक का निर्धारित मजदूरी पर खेत में काम करना आर्थिक क्रिया है। | (2) माँ द्वारा पुत्र की देखभाल या घरेलू काम करना गैर-आर्थिक क्रिया है। |
| (3) नर्स द्वारा अस्पताल में रोगियों की सेवा करना आर्थिक किया है। | (3) शिक्षक द्वारा अपने पुत्र को घर पर पार आर्थिक किया है। |

**(17) अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों को उदाहरण सहित समझाइये?**

**उत्तर–** परिवहन, भण्डारण संचार बैंक सेवाएँ और व्यापार तृतीयक गतिविधियों के कुछ उदाहरण हैं। चूँकि ये गतिविधियाँ वस्तुओं के बजाय सेवाओं का सृजन करती हैं। इसलिए, तृतीयक क्षेत्रक को 'सेवा क्षेत्रक' भी कहा जाता है।

**(18) प्रच्छन्न और मौसमी बेरोजगारी के क्या अंतर है?**

**उत्तर– प्रच्छन्न बेरोजगारी–** किसी कार्य क्षेत्र में आवश्यकता से अधिक लोग कार्य कर रहे हो, अतिरिक्त लोगों को हटाने पर भी निर्धारित लोग काम कर सकते है तो ये अतिरिक्त लोग बेरोजगार कहलाते है।

**मौसमी बेरोजगारी–** वर्ष के कुछ महीनों में जब लोगों को काम प्राप्त नही होता तो ये मौसमी बेरोजगार कहलाते है। कृषि पर आश्रित मजदूर इस प्रकार की बेरोजगारी से जुड़ खेती में बुआई कटाई, निदाई, गुड़ाई के बाद शेष दिनों में बेतिहर मजदूर मौसमी बेरोजगारी से जूझते रहते है।

**(19) जनसंख्या की गुणवत्ता किन बातों पर निर्भर करती है?**

**उत्तर–** जनसंख्या की गुणवत्ता, साक्षरता दर जीवन प्रत्याशा, व्यक्ति के स्वास्थ्य और देश के समुदायों द्वारा प्राप्त कौशल प्रशिक्षण जैसे कारकों पर निर्भर करती है।'

**(20) सकल और विलास दो मित्र है। इनके बीच क्या अंतर है?**

**उत्तर–** सकल और विलास दो मित्र हैं। इनके बीच कदो अन्तर निम्नलिखित है— सकल स्कूल जाता था जबकि विलास स्कूल नहीं गया । सकल शारीरिक रूप से दृष्ट-पुष्ट और स्वस्थ था। विलास गठिया का रोगी था। सकल ने कम्प्यूटर में डिग्री प्राप्त की थी, जबकि विलास का मन पढ़ाई में नहीं था। सकल को एक प्राइवेट फर्म में नौकरी मिल गई। पिलास वही काम करता रहा, जो उसकी माँ करती थी।

**(21) अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र के दो उदाहरण लिखिए।**

**उत्तर–** अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र के क्षेत्र के उदाहरण : संप्रेषण, वित्त पर्यटन, सत्कार, व्यापार, यातायात, संप्रेषण, संस्कृति मनोरंजन आदि।

**(22) मानव संसाधन अन्य संसाधनों से किस प्रकार अलग है?**

**उत्तर–** मानव संसाधन अन्य संसाधनों से निम्न प्रकार भिन्न है–

(i) मानव संसाधन भूमि और पूँजी जैसे संसाधनों का प्रयोग कर उसे उपयोगी और क्रियाशील बनाता है।

(ii) मानव संसाधन उत्पादन का एक महत्वपूर्ण साधन है।

(iii) यह जीवित और क्रियाशील संसाधन है।

(iv) मानव संसाधन प्रबन्ध और उद्यमी के रूप में कार्य करता है।

**(23) शिक्षित बेरोजगारी भारत के विशेष समस्या क्यों है?**

**उत्तर–** शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या है। नगरीय क्षेत्रों में पढ़े-लिखे डिग्रीधारक रोजगार पाने के लिए घूमते रहते हैं दिन-दिन यह स्थिति गम्भीर होती जा रही है, इसके कारण अग्रलिखित हैं—

(i) शिक्षित बेरोजगारी का कारण रोजगारमुख शिक्षा का अभाव है।

(ii) आर्थिक संवर्धन के लिए आवश्यक रोजगार की कमी है और तकनीकी शिक्षा का अभाव है।

(iii) शिक्षित श्रमिकों की माँग और पूर्ति के बीच सामंजस्य नहीं होने के कारण बेरोजगारों की संख्या अधिक दिखाई देती है।

www.jcdclasses.com

(iv) बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण रोजगार के अवसर कम पड़ने लगे हैं।

(v) देश के आर्थिक विकास में बढ़ती हुई आबादी के लिए रोजगार के अवसर निर्मित करना कठिन हो गया है।

**(24) भौतिक पूँजी तथा मानव पूँजी में अंतर लिखिए।**

**उत्तर– भौतिक पूँजी तथा मानव पूँजी में अन्तर–** भौतिक पूंजी का तात्पर्य कंपनी की गैर-मानवीय संपत्ति से है, जैसे कि संयंत्र और मशीनरी, उपकरण और उपकरण, कार्यालय की आपूर्ति आदि जो उत्पादन की प्रक्रिया में मदद करते है। मानव पूंजी से तात्पये कर्मचारी द्वारा संगठन में लाई गई ज्ञान प्रतिमा कौशल और क्षमताओं के भंडार से है।

**(25) जापान एक विकसित और धनी देश क्यों है?**

**उत्तर–** जापान दुनिया की सबसे धनी और सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह एक विकसित देश है, जिसमें विस्तृत बुनियादी ढाँचा, जीवन की उच्च गुणवत्ता और तकनीकी नवाचार है।

• जापानी में काम करना और कुशलता से निर्माण करना और भौतिक धन के बजाय मानसिक पूँजी पर ध्यान केंद्रित करना सीखा।

• आवश्यक तकनीकी छलांग लगाने के लिए जापानी आर्थिक उदारवाद और निजी उद्योग पर निर्भर थे।

• लोग उत्पादक है, और उनके पास अपनी जरूरतों और जरूरतों को प्राप्त करने का साधन है।

• उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश किया है।

• परिणाम एक आर्थिक विस्फोट था जिसने देश को एक सामंती समाज से कुछ ही दशकों में एक प्रमुख औद्योगिक शक्ति में ले लिया।

**(26) सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्या कार्य किये गये है?**

**उत्तर–** सरकार ने 26 जुलाई 2019 को ऑनलाइन शिक्षक छात्र पंजीकरण प्रणाली की शुरूआत की। इसके जरिए शुरुआत आवेदकों को शिक्षा पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षक बनने की चाहत, रखने वालों को भी रोजगार के लिए आवेदन करने में मदद मिलेगी।

**(27) मानव पूंजी निर्माण में स्वास्थ्य की भूमिका क्या हैं?**

**उत्तर–** मानव पूँजी निर्माण में स्वास्थ्य की बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। स्वास्थ्य से हमारा तात्पर्य केवल जीवित रहना नहीं है, वरन् एक व्यक्ति की सर्वांगीण भलाई में हूँ, जिसमें शारीरिक, मानसिक आर्थिक तथा सामाजिक, आदि सभी पक्ष आ जाते हैं। स्वास्थ्य पर किया गया व्यय एक व्यक्ति को अधिक कार्यकुशल तथा अधिक उत्पादनकारी बनाते है।

**(28) मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा की भूमिका क्या है?**

**उत्तर–** शिक्षा एक ऐसा महत्वपूर्ण कारक है, जिससे मानव संसाधन के विकास को दिशा मिलती है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. कॉमस्की ने कहा है-प्राथमिक शिक्षा ने विकास की प्रारम्भिक अवस्था में बहुत बड़ा दान दिया है। इससे जब आवरण की भूमिका को आधुनिक स्वरूप मिलता है। शिक्षा से स्वस्थ्य मानव पूंजी का निर्माण होता है। यही शिक्षा चुनौती वाले कार्यों को करने की प्रेरणा देती हैं। आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण शिक्षा की ही देन है।

**(29) शिक्षित बेरोजगारी को दूर करने के उपाय लिखिए।**

**उत्तर– शिक्षित बेरोजगारी को दूर करने के उपाय–**

(1) सहायक और अनुपूरक उद्योगों का विकास।

(2) जनसंख्या की वृद्धि पर नियन्त्रक।

(3) सामाजिक सेवाओं का विस्तार।

(4) राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में विविध कार्य।

(5) कृषि भूमि के क्षेत्र का विस्तार।

(6) शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन।

(7) कृषि सहायक उद्योग।

(8) प्राकृतिक साधनों का समुचित विदोहन।

आदि उपयुक्त उदाहरण से शिक्षित बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है।

**(30) वेरोजगारी के दुष्परिणाम लिखिए।**

**उत्तर– बेरोजगारी के दुष्परिणाम निम्नलिखित हैं:–**

(1) पारिवारिक विघटन।

(2) वैयक्तिक विघटन।

(3) सामाजिक विघटन।

(4) सामुदायिक विघटन।

(5) आतंकवाद को बढ़ावा।

(6) राष्ट्र का नुकसान।

www.jcdclasses.com

# 3 निर्धनता एक चुनौती

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये-**
**(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

**(i) निर्धनता का अर्थ है-**
(अ) भुखमरी और आशय का न होना
(ब) नियमित रोजगार का अभाव
(स) शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव (द) उपरोक्त सभी

**(ii) भारत में स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों के लिये कितनी है?**
(अ) 2000 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन
(ब) 2100 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन
(स) 2200 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन
(द) 2400 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन

**(iii) भारत में निर्धनता रेखा का आकलन किसके द्वारा किया जाता है-**
(अ) वित्त मंत्रालय (ब) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(स) नीति आयोग (द) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन

**(iv) प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्रारम्भ की गई-**
(अ) 1991 (ब) 1986 (स) 1995 (द) 1993

**(v) 'काम के बदले अनाज योजना' प्रारम्भ की गई-**
(अ) 2004 में (ब) 2002 में (स) 2005 में (द) 1991 में

**(vi) भारत में खाद्य असुरक्षित वर्ग है**
(अ) भूमिहीन (ब) पारम्परिक दस्तकार
(स) निराश्रित तथा भिखारी (द) उपरोक्त सभी

**उत्तर-** (i) ब, (ii) द, (iii) द, (iv) द, (v) स, (vi) द।

**प्रश्न 2. सत्य/असत्य का चयन कीजिये-**
**(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

(i) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का आरम्भ 1999 में किया गया।
(ii) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना 1995 में आरंभ हुयी।
(iii) कुछ सामाजिक और आर्थिक समूह निर्धनता के प्रति अधिक असुरक्षित है।
(iv) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम 2005 का उद्देय ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर के निवासियों के लिये कम से कम 100 दिनों के लिये रोजगार उपलब्ध कराना है।
(v) भारत में बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश राज्य में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की सख्या सर्वाधिक है।
(vi) भारत में निर्धनता रेखा से नीचे के लोगों का अनुपात एक समान नहीं है।
(vii) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना आरम्भ 1999 में किया गया।

**उत्तर-** (i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य, (vi) असत्य (vii) सत्य।

**प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-**
**(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

(i) भारत में देश का हर............व्यक्ति निर्धन है।
(ii) भारत में नगरीय क्षेत्रों में स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता .............कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है।
(iii) सामाजिक अपवर्जन..........का कारण और परिणाम दोनों हो सकता है।
(iv) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोगार अधिनियम वर्ष........में बना।
(v) वर्ष 2011-12 में भारत में लगभग .......... करोड़ लोग निर्धन थे।

**उत्तर-** (i) चौथा (ii) 2100 (iii) निर्धनता (iv) 2005 (v) 27 करोड़।

**प्रश्न 4. एक शब्द एक वाक्य में उत्तर दीजिये-**
**(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

(i) एन. एस. एस. ओ. का पूरा नाम क्या है?
(ii) केरल ने किस संसाधन के विकास पर अधिक ध्यान किया है?
(iii) मनरेगा का पूरा नाम लिखिए।
(iv) ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम कब प्रारंभ हुआ?
(v) भारत का सर्वाधिक निर्धन राज्य कौनसा है?
(vi) वर्ष 2011-12 में भारत में निर्धनता अनुपात कितने प्रतिशत था?
(vii) निर्धनता क्या है?
(viii) सामाजिक अपवर्जन क्या है?
(ix) भारत में निर्धनता रेखा का आकलन कैसे किया जाता है?
(x) निर्धनता रेखा से क्या आशय है?
(xi) निर्धनों में भी सबसे निर्धन कौन है?
(xii) विकास शील देशों के बीच निर्धनता का आकलन किस प्रकार किया जाता है?
(xiii) भारत में सर्वाधिक निर्धन जनसंख्या वाले दो राज्य के नाम लिखिए?
(xiv) उन दो देशों के नाम लिखिये, जहां निर्धनता अनुपात विश्व में सर्वाधिक है?
(xv) विश्व के उन दो देशों के नाम लिखिये, जहाँ निर्धनता अनुपात में गिरावट आई है?
(xvi) अंतर्राष्ट्रीय निर्धनता रेखा क्या है?

**उत्तर-** (i) नेशनल सेम्पल सरवाइ ऑफिस (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन) (ii) मानव संसाधन, (iii) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, (iv) 1 अप्रैल 1995 को। (v) छत्तीसगढ़, (vi) 1.91% (vii) निर्धनता, स्वतंत्र भारत के सम्मुख एक सर्वाधिक कठिन चुनौती है। (viii) निर्धनता का एक कारण और परिणाम दोनों है। (ix) भारत में निर्धनता रेखा का आकलन वर्तमान सूत्र वांछित के आधार पर किया जाता है। (x) नागरिकों

www.jcdclasses.com

के उस न्यूनतम आर्थिक स्तर से है जो उनके जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक है। (xi) औरतें, बच्चे और वृद्ध। (xii) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा । (xiii) बिहार और झारखण्ड है। (xiv) गोवा और केरल। (xv) गोवा और हिमाचल प्रदेश । (xvi) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले को अंतरराष्ट्रीय निर्धनता रेखा कहते हैं।

**प्रश्न 5. सही जोडी मिलाइए– (प्रत्येक के लिये 4 अंक)**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (i) निर्धनता रेखा का आंकलन | (अ) 2004 |
| (ii) भूमि सुधार | (ब) बिहार |
| (iii) प्रधानमंत्री रोजगार योजना | (स) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन |
| (iv) उच्च कृषि वृद्धि वाला राज्य | (द) 2005 |
| (v) राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना | (इ) 1993 |
| (vi) महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी अधिनियम | (फ) 2000 |
| (vii) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना | (ग) पश्चिम बंगाल |
| (viii) सर्वाधिक गरीब जनसंख्या वाला राज्य | (ह) पंजाब |

उत्तर– (i) स, (ii) ग, (iii) इ, (iv) ह, (v) द, (vi) अ, (vii) फ, (viii) ब।

**प्रश्न 8. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न/विश्लेषणात्मक प्रश्न– (प्रत्येक के लिये 4 अंक)**

**(1) भारत में निर्धनता रेखा का निर्धारण करते समय किन किन बातों पर विचार किया जाता है ? समझाइये।**

**उत्तर–** निर्धनता का आकलन करते समय बाद कपड़ों, जूतो, ईंधन और प्रकाश, शैक्षिक और चिकित्सा सम्बन्धी आवश्यकताओं पर विचार किया जाता है। इन भौतिक आवश्यकताओं का उनकी कीमतों से गुणा कर दिया जाता है। निर्धनता रेखा का आकलन करते समय खाद्य आवश्यकता के लिए निर्धारित सूत्र कैलोरी की आवश्यकताओं पर आधारित है। भारत में निर्धारित कैलोरी ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 और नगरीय क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित है।

**(2) उन सामाजिक और आर्थिक समूहों की पहचान करें, जो भारत में निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित है ?**

**उत्तर–** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के परिवार उन सामाजिक समूहों में शामिल है, जो निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित है। इसी प्रकार आर्थिक समूहों में सर्वाधिक असुरक्षित समूह, ग्रामीण कृषि श्रमिक परिवार और नगरीय अनियमित मजदूर परिवार है। इसके अलावा महिलाओं, वृद्ध लोगों और बच्चियों को अति निर्धन माना जाता है क्योंकि उन्हे सुव्यवस्थित ढंग से परिवार के उपलब्ध संसाधनों तक पहुँच से वंचित रखा जाता है।

**(3) भारत में अंतर्राज्यीय निर्धनता में विभिन्नता के कारण बताइये ?**

**उत्तर–** भारत में अन्तर्राज्यीय नातक समान नहीं है। इसमें विभिन्नता के कारण निम्नलिखित है—

(1) विभिन्न राज्यों में जनसंख्या घनत्व एक समान नहीं है।
(2) राज्यों में प्राकृतिक में भी पाई जाती है।
(3) लोगों को शिक्षा के प्रतिशत में भी पर्याप्त भिन्नता है।
(4) जो राज्य ज्यादा समय तक गुलाम रहे यहाँ गरीबी भी ज्यादा समय तक रही।
(5) राज्य सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों की कमी भी निर्धनता का एक कारण रही है।
(6) भौगोलिक असमानता भी राज्यों में निर्धनता का मुख्य कारण है।

**(4) भारत में निर्धनता के क्या कारण है ? लिखिये ।**

**उत्तर–** भारत में निर्धनता के कारण कभी कभी अपनी जीविका चलाने के लिए आवश्यक वस्तुओं को एकत्र करना भी मुश्किल हो जाता है। आवश्यक वस्तुओं के अभाव में निर्धनता का सामना करना पड़ता है। उत्पादन के ठीक होने किंतु उसका वितरण असमान होने पर भी निर्धनता का जन्म होता है। उत्पादन के साधनों पर कुछ लोगों का एकाधिकार होने पर अधिकांश लाभ वही ले जाते है। इस प्रकार आय की असमानता विद्यमान रहती है। अतः लोगों में निर्धनता भी विद्यमान रहती है।

**(5) निर्धनता उन्मूलन की वर्तमान सरकारी रणनीति की चर्चा करें?**

**उत्तर– सरकार की वर्तमान निर्धनता–**निरोधी रणनीति मोटे तौर पर दो कारकों आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन और लक्षित निर्धनता-निरोधी कार्यक्रमों पर निर्भर है। यह कई योजनाओं और कार्यक्रमों पर भी आधारित है। उनमें से कुछ का उल्लेख नीचे दिया गया है।

**(i) राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम:** यह कार्यक्रम 2004 में देश के सबसे पिछड़े 150 जिलों में लागू किया गया था। यह कार्यक्रम उन सभी ग्रामीण निर्धनों के लिए है, जिन्हें मजदूरी पर रोजगार की आवश्यकता है और जो अकुशल शारीरिक काम करने के इच्छुक है।

**(ii) प्रधानमंत्री रोजगार योजना:** इस कार्यक्रम को 1993 में आरम्भ किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है।

**(iii) ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम:** इस कार्यक्रम को 1995 में आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है। दसवी पंचवर्षीय योजना में इस कार्यक्रम के अंतर्गत 25 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया।

**(iv) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना:** इस कार्यक्रम को 2000 में आरम्भ किया गया। इस योजना क अंतर्गत गाँवों में मूलभूत सुविधाओं के लिए राज्यों को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।

**(v) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005:** इस अधिनियम को सितम्बर 2005 से पारित किया गया। इस अधिनियम का नाम बदलकर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण

www.jcdclasses.com

रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अगर आवेदक को 15 दिन के अंदर, रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया तो वह दैनिक बेरोजगारी भत्ते का हकदार होगा।

**(6) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम क्या है ? इसकी प्रमुख विशेषताओं को समझाइये।**

**उत्तर–** भारतीय संसद द्वारा 2 फरवरी 2006 को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार शुरु करने के लिए प्रारम्भ की गई।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जो गरीबों की जिंदगी से सीधे तौर पर जुड़ा है और जो व्यापक विकास को प्रोत्साहन देता है। यह अधिनियम विश्व में अपनी तरह का पहला अधिनियम है जिसके तहत अभूतपूर्व तौर पर रोजगार की गारंटी दी जाती है। इसका मकसद है ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना। इसके तहत हर घर के एक वयस्क सदस्य को एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार दिए जाने की गारंटी है। यह रोजगार शारीरिक श्रम के संदर्भ में है और उस वयस्क व्यक्ति को प्रदान किया जाता है जो इसके लिए राजी हो। इस अधिनियम का दूसरा लक्ष्य यह है कि इसके तहत टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन किया जाए और ग्रामीण निर्धनों की आजीविका के आधार को मजबूत बनाया जाए। इस अधिनियम का मकसद सूखे जंगलो के कटान खुदा क्षरण जैसे कारणों से पैदा होने वाली निर्धनता की समस्या से भी निपटना है, ताकि रोजगार के अवसर लगातार पैदा होते रहे। मुख्य विशेषताएँ—

राज्य सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करना चाहें, कम से कम 100 दिन का गारंटीशुदा वेतन रोजगार मुहैया करवाएगी।

**(7) वैश्विक निर्धनता परिदृश्य को स्पष्ट कीजिये ।**

**उत्तर–** वैश्विक निर्धनता पर आँकड़े निम्न प्रवृत्तियों को दर्शा रहे है–

(i) विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार प्रतिदिन 1 डॉलर से कम पर जीवन निर्वाह करने वाले लोग अत्यंत आर्थिक निर्धनता के दयारे में आते हैं। 1 डॉलर से कम पर जीवन निर्वाह में रहने वाले लोगों का अनुपात 1990 के 28 प्रतिशत से गिरकर 2001 में 21 प्रतिशत हो गया है।

(ii) यद्यपि वैश्विक निर्धनता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन इसमें बृहत क्षेत्रीय भिन्नताएँ पायी जाती। तीव्र आर्थिक प्रगति और मानव संसाधन विकास में बृहत निवेश के कारण चीन और दक्षिण-पूर्ण एशिया के देशों में निर्धनता में विशेष कमी आई है।

(iii) भारत में भारत में गरीबी भी कम हो गई है, लेकिन कमी की जाति बहुत धीमी है। विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार कुल आवादी का 35.3% अभी भी गरीबी रेखा से नीचे रह रहा है। गरीबी कम हो गई है, लेकिन कमी की गति बहुत धीमी है। विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार कुल आवादी का 35.3% अभी भी गरीबी रेखा से नीचे रह रहा है।

(iv) सब-सहारा अफ्रीका में निर्धनता 1981 में 415% से बढ़कर 2001 में 46% हो गयी।

(v) रूस जैसे पूर्व समाजवादी देशों में भी निर्धनता पुनः व्यापत हो गयी है।

**(8) भारत में निर्धनता कम करने में सफलता की दर विभिन्न राज्यों में अलग अलग है ? 'इस कथन की व्याख्या कीजिये'।**

**उत्तर–** भारत में निर्धनता का एक और पहलू या आयाम है। प्रत्येक राज्य में निर्धन लोगों का अनुपात एक समान नहीं है । यद्यपि 1970 के दशक के प्रारंभ से राज्य स्तरीय निर्धनता में सुदीर्घकालिक कमी हुई है, निर्धनता कम करने में सफलता की दर विभिन्न राज्यों में अलग-अलग है। वर्ष 2011 12 भारत में निर्धनता अनुपात 22 प्रतिशत है।

**(9) भारत सरकार द्वारा लागू किये गये लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रमों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये ।**

**उत्तर–** सरकार द्वारा गरीबी को दूर करने के लिए जो योजनाएँ बनाई गई है, इस प्रकार है— (i) अन्त्योदय अन्न योजना।

(ii) ग्रामीण विकास रोजगार योजना।

(iii) कार्य के बदले भोजन योजना, 2004

(iv) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना, 2006

(v) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, 1999

(vi) प्रधानमन्त्री रोजगार योजना, 1993

(vii) प्रधानमन्त्री ग्रामोद्योग योजना, 2000

**(10) भारत में निर्धनता में अंतर-राज्य असमानताओं का एक विवरण प्रस्तुत करें क्या आप समझते हैं कि निर्धनता आकलन का वर्तमान तरीका उचित है?**

**उत्तर–** भारत में निर्धनता में अन्तर्राज्यीय असमानताओं का मुख्य विवरण इस प्रकार है—

| क्रमांक | राज्य | गरीबी अनुपात का |
|---|---|---|
| 1 | बिहार | 33.7 |
| 2 | ओडिशा | 32.6 |
| 3 | असम | 32 |
| 4 | मध्यप्रदेश | 31.6 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 29.4 |
| 6 | कर्नाटक | 20.9 |
| 7 | पश्चिम बंगाल | 20 |
| 8 | महाराष्ट्र | 17.4 |
| 9 | गुजरात | 16.6 |
| 10 | राजस्थान | 14.7 |
| 11 | तमिलनाडु | 11.3 |
| 12 | हरियाणा | 11.2 |
| 13 | आन्ध्र प्रदेश | 9.2 |
| 14 | पंजाब | 8.3 |
| 15 | हिमाचल प्रदेश | 8.1 |
| 16 | केरल | 7.1 |

www.jcdclasses.com

उपर्युक्त तालिका अनुसार बिहार राज्य सबसे गरीब है।

**(11) भारत में वो सामाजिक समूह कौन से है जो निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित है ?**

**उत्तर– सामाजिक समूह-** (i) अनुसूचित जाति के परिवार (ii) अनुसूचित जनजाति के परिवार।

**(12) भारत में वो आर्थिक समूह कौन से है जो निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित है ?**

**उत्तर– आर्थिक समूह-** ग्रामीण कृषि, श्रमिक परिवार तथा नगरीय अनियत मजूदूर परिवार।

**(13) सामाजिक वैज्ञानिकों की दृष्टि से निर्धनता के प्रमुख तीन सूचक कौन-कौन से है ?**

**उत्तर–** (1) घर की कमी, (2) जातिवाद, (3) बढ़ती हुई जनसंख्या, (4) साक्षरता स्तर।

निर्धनता का अर्थ उस सामाजिक आर्थिक स्थिति से है जिसमें समाज का एक भाग जीवन स्वास्थ्य एवं दक्षता के लिए न्यूनतम उपभोग को जुटा पाने में असमर्थ होता है। जब समाज का बहुत बड़ा भाग न्यूनतम जीवन स्तर से वंचित होकर केवल निर्वाह स्तर पर गुजारा करता है तो उसे व्यापक निर्धनता' कहा जाता है।

**(14) मानव निर्धनता से आप क्या समझते है ?**

**उत्तर–** मानव निर्धनता से आप क्या समझते हर किसी व्यक्ति को निधन माना जाता है, यदि उसकी आय या उपभोग स्तर किसी ऐसे न्यूनतम स्तर से नीचे गिर जाए जो मूल आवश्यकताओं, जैसे भोजन, कपड़ा और आवास को पुरा करने के लिए आवश्यक है।

**(15) राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना क्या है ? समझाइये**

**उत्तर–** राष्ट्रीय कार्य के बदले अनाज कार्यक्रम को प्रचलित रूप से ' काम के बदल अनाज कहा जाता है, जिसे 2004 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य देश के आठ राज्यों नामित- गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान के सूखा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी रोजगार द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। खाद्य अनाज केन्द्रीय सरकार द्वारा इन आठ राज्यों को उपलब्ध कराए जाते है मजदूर राज्य सरकार, द्वारा आंशिक रूप से नकद और खाद्य अनाजों के रूप में दी जा सकती है।

**(16) भारत में उन राज्यों की पहचान करे जहाँ निर्धनता अनुपात सर्वाधिक है।**

**उत्तर–** भारत में उडीसा, मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश में निर्धनता अनुपात सर्वाधिक है।

**(17) भारत में गरीबी अन्मूलन के मार्ग में आने वालों कोई तीन चुनौतियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर– गरीबी उन्मुलन मार्ग में आने वाली चुनौतियाँ–**

ग्रामीण शहरी क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों और विभिन्न राज्यों में निर्धनता में व्यापक असमानता है। कुछ सामाजिक और आर्थिक समूह निर्धनता के प्रति अधिक असुरक्षित है।

यह पूरा न्यूनतम जीवन निर्वाह के 'उचित' स्तर की अपेक्षा जीवन निर्वाह के है। 'न्यूनतम' स्तर के विषय में है। 'अनेक बुद्धिजीवियों ने इसका समर्थन किया है, कि निर्धनता की अवधारणा का विस्तार 'मानव निर्धनता' तक कर देना चाहिए।

**(18) 'सामाजिक अपवर्जन निर्धनता का कारण और परिणाम दोनों हो सकता है ?' इस कथन को स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर–** सामान्य अर्थ में सामाजिक अपवर्जन निर्धनता का एक कारण और परिणाम दोनों हो सकता है। मोटे तौर पर यह एक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति या समूह उन सुविधाओं, लाभ और अवसरों से अपवर्जित रहते है, जिनका उपभोग दूसरे (उनसे अधिक अच्छे ) करते।

# 4 खाद्य सुरक्षा

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये–**
**(प्रत्येक के लिए के लिये 1 अंक)**

**(i) खाद्य सुरक्षा का अर्थ है।**

(अ) सभी लोगो के लिये सदैव भोजन की उपलब्धता

(ब) खाद्य तक पहुँच

(स) पौष्टिक भोजन खरीदने का सामर्थ्य (द) उपरोक्त सभी

**(ii) बंगाल में किस वर्ष अकाल पड़ा था–**

(अ) 1943 में (ब) 1950 में (स) 1936 में (द) 1925 में

**(iii) भारत में खाद्य असुरक्षित कौन है–**

(अ) भूमिहीन (ब) पारंपरिक दस्तकार

(स) निराश्रित व भिखारी (द) उपरोक्त सभी

**(iv) हरित क्रांति का सम्बन्ध है–**

(अ) दुग्ध उत्पादन से (ब) ज्वार के उत्पादन से

(स) बाजरा के उत्पादन से (द) गेंहू एवं चावल के उत्पादन से।

**(v) भारत में सबसे भयानक अकाल किस राज्य में पड़ा था –**

(अ) म.प्र. (ब) उड़ीसा (स) उत्तरप्रदेश (द) बंगाल

**(vi) सन् 1968 में गेहूँ क्रांति शीर्षक से एक विशेष डाक टिकट किस प्रधानमंत्री ने जारी किया था–**

(अ) पी. वी. नरसिरहा राव (ब) लालबहादुर शास्त्री

(स) इंदिरा गांधी (द) जवाहरलाल नेहरू

**(vii) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली कब प्रारंभ हुई थी–**

(अ) 1995 में (ब) 1950 में (स) 2005 में (द) 1997 में

**उत्तर-** (i) अ, (ii) अ, (iii) द, (iv) स, (4) द, (vi) ब, (vii) द।

**प्रश्न 2. सत्य/असत्य का चयन कीजिये–**
**(प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) कुपोषण से सबसे अधिक महिलायें प्रभावित होती है।

(ii) भारज में राशन व्यवस्था की शुरुआत 1940 के दशक में हुयी।

www.jcdclasses.com

(iii) न्यूनतम समर्थित कीमतों के बढ़ने से सरकार की खाधान्नों की वसूली अनुरक्षण लागत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
(iv) देश भर में लगभग 5.5 लाख राशन की दुकाने है।)
(v) प्राकृतिक आपदा जैसे सूखे के कारण खाधान्न की कुल उपज में गिरावट आता है।
(vi) दीर्घकालिक भूखमरी का संबंध फसल उपजाने एवं काटने के चक्र से है।
(vii) हरित क्रांति भारत मे नब्बे के दशक में हुयी।
(viii) भारत का सबसे भयानक अकाल बिहार मे पड़ा था।
**उत्तर-** (i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v)सत्य, (vi) असत्य, (vii) असत्य, (viii) असत्य।

**प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-** **(प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) अंत्योदय अन्न योजना वर्ष.........मे शुरू हुयी थी।
(ii).........की कमी के कारण कीमतो बढ़ जाती है ।
(iii) 1943 के अकाल में भारत के बंगाल प्रांत में.........लोगों की मृत्यु हो गयी थी।
(iv) रोजगार कार्यक्रम गरीबों की आय में वृद्धि कर.........सुरक्षा मे बड़ा योगदान करते हैं।
(v) भुखमरी के.........और मौसमी आयाम होते है।
(vi) भारत ने कृषि में एक नयी रणनीति अपनाई, जिसकी परिणति...............के रूप में हुयी।
(vii) गुजरात में दुध तथा दुग्ध उत्पादों में.........एक सफल सहकारी समिति का उदाहरण हैं।
**उत्तर-** (i) 2000 (ii) खाद्य (iii) 30 लाख (करीब) (iv) खाद्य, (v) दीर्घकालिक (vi) हरित, (vii) अमूल दूध।

**प्रश्न 4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिये-** **(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

**(i) सहायिकी (सब्सिडी) किसे कहते हैं ?**
**उत्तर-** किसी आर्थिक या सामाजिक नीति को बढ़ाने के लिए दी गई वित्तीय सहायता होती है।
**(ii) अन्नपूर्णा योजना किस वर्ष में आरम्भ की गई ?**
**उत्तर-** 1 अप्रैल 2000
**(iii) बी.पी.एल. कार्ड किस वर्ग के लोगों को प्रदान किया जाता है ?**
**उत्तर-** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को।
**(iv) निर्धनों में भी निर्धन लोगों के लिये कौन सा कार्ड प्रदान किया जाता है ?**
**उत्तर-** अंत्योदय अन्न योजना।
**(v) ए.पी.एल. कार्ड किन लोगों को प्रदान किया जाता है ?.**
**उत्तर-** ए.पी. एल कार्ड उन्हें मिलता है, जो गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करते हैं।
**(vi) किसानों को उनकी फसल के लिये पहले से घोषित कीमत दी जाती है, इस मूल्य को क्या कहते हैं खादय सुरक्षा का क्या अर्थ है?**
**उत्तर-** कृषि लागत। सभी लोगों के लिये सदैव भोजन की उपलब्धता पहुँच सके।
**(vii) खाद्य सुरक्षा के प्रमुख दो आयाम कौन-कौन से है ?**
**उत्तर-** (1) उपयोग (2) स्थिरता ।
**(viii) किसी देश में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होती है**
**उत्तर-** खाद्यान्नों का बफर स्टॉक बना कर।
**(ix) बंगाल के अकाल में सबसे अधिक कौन लोग प्रभावित हुए?**
**उत्तर-** गरीब जनता और विशेषत: किसानों पर प्रभाव पड़ा।
**(x) बफर स्टॉक क्या है ?**
**उत्तर-** बफर स्टॉक एक योजना है जिसमें अच्छी फसल होने के दौरान उसका भण्डारण कर लिया जाता है ताकि फसलों का मूल्य निर्धारित न्यूनतम सीमा से कम न हो।
**(xi) न्यूनतम समर्थित कीमत किसे कहते है?**
**उत्तर-** किसानों को उनकी फसल के लिये पहले से घोषित कीमतें दी जाती है इस मूल्य को न्यूनतम समर्पित कीमत कहा जाता है।
**(xii) सार्वजनिक वितरण प्रणाली किसे कहते है ?**
**उत्तर-** जिसमें आवश्यक एवं उपभोक्ता वस्तुओं को सार्वजनिक रूप से वितरित किया जाता है।
**(xiii) उचित दर वाली दुकानों पर कौन-कौन सी चीजें बेची जाती है ?**
**उत्तर-** चीनी (शक्कर), खाद्यान और खाना पकाने के लिए मिट्टी का तेल आदि।
**(xiv) अंत्योदय अन्न योजना क्या है ?**
**उत्तर-** अंत्योदय अन्न योजना में राज्य के भीतर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों में से एक करोड़ निर्धन परिवारों की पहचान करके अत्यधिक राजसायाता प्रदान करना।
**(xv) भारत में किस दशक में अनाज उत्पादन में सर्वाधिक दशकीय वृध्दि हुई है?**
**उत्तर-** 2000 - 2001 में।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी मिलाइए-** **(प्रत्येक के लिये 1 अंक)**

| कॉलम (A) | कॉलम (B) |
|---|---|
| (i) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम | (अ) सार्वजनिक वितरण प्रणाली |
| (ii) एफ.सी.आई. | (ब) अन्नपूर्णा योजना |
| (iii) पी.डी.एस. | (स) कृषि |
| (iv) दीन वरिष्ठ नागरिक | (द) भारतीय खाद्य निगम |
| (v) मौसमी क्रिया | (इ) अंत्योदय अन्न योजना |
| (vi) निर्धनो में सबसे निर्धन | (फ) 2013 |

**उत्तर-** (i) फ, (ii) द, (iii) अ, (iv) ब, (v) स, (vi) इ।

**यद्यपि उत्तरमाला के निर्माण में पूरी सावधानी रखी गयी है परन्तु संशय की स्थिति में विषय शिक्षक से सम्पर्क करके निवारण कर लें।**

www.jcdclasses.com

www.jcdclasses.com

# आमुख

शालाओं के समय–समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान यह देखा गया है कि छात्र–छात्राओं दो विषय में ज्ञान का स्तर संतोषजनक नहीं है

आगामी परीक्षा की तैयारी एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु यह प्रश्न बैंक तैयार किया गया है। जिसके उपयोग से शिक्षक अपने समस्त छात्रों को बेहतर अंक प्राप्त करने एवं अगली कक्षा में जाने हेतु समर्थ बना सकेंगे।

इस **प्रश्न बैंक** को ब्लूप्रिन्ट के अनुसार उन महत्वपूर्ण पाठ्य वस्तुओं का समावेश कर तैयार किया गया है जो कि प्रभावी शिक्षण एवं छात्र–छात्राओं के सभी विषय में औसत दक्षता विकसित करने एवं परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु लाभकारी सिद्ध होगा।

यदि आपके स्कूल में एक से अधिक सेक्शन है तो विद्यार्थियों के ग्रेड के आधार पर सेक्शन में विद्यार्थियों का पुनर्वितरण कर दें। तथा एक ग्रेड के विद्यार्थियों को एक सेक्शन में रखें ताकि उन विद्यार्थियों को उनके स्तर के अनुरूप पढ़ाया जाये।

प्रदेश के समस्त हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षकों से अपेक्षा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस प्रश्न बैंक से शाला के छात्र–छात्राओं को सभी विषय का नियमित अभ्यास करायेंगे ताकि प्रत्येक विद्यार्थी परीक्षा में सफल हो सके।

**शिक्षकों से अपेक्षित कार्यवाही–** डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों को आगामी 2 माह तक इस प्रश्न बैंक अनुसार अभ्यास कराएं। विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रश्न को किस तरह लिखना है इसे समझाएं। विद्यार्थियों द्वारा की जा रही गलतीयों को सुधारे

**कक्षा 9 से 12 के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध**

www.jcdclasses.com

GBI® The Original Since 1956
NARESH GUPTA GROUP

**Gupta Book Industries (P) Ltd.**
623, M.G.Road Khajuri Bazar Indore
Tel : +91 731 2454921 -22 Fax : 2454922
Web : www.gbipl.com
Email : gphbooks@outlook.com

PRICE: ₹ 28.00